RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 162
नई दिल्ली, मंगलवार, 18 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

ग्राम पंचायतों में सक्रिय भागीदारी करें महिलाएं
राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

विपक्ष ने जातिगत जनगणना को बुलंद की आवाज

● आरक्षण की सीमा बढ़ाने की भी वकालत, कांग्रेस की मांग का नीतीश ने किया समर्थन, भाजपा की सहयोगी आरएलजेपी भी इस मुद्दे पर साथ आई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/पटना

बीदर में एक चुनावी सभा में बोलते कांग्रेस नेता राहुल गांधी

कई विपक्षी दलों ने सोमवार को देश में जातिगत जनगणना कराए जाने और अनुसूचित जाति, जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग को जनसंख्या के आधार पर आरक्षण देने की मांग की। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने केंद्र सरकार से यह मांग भी की है कि आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा खत्म की जाए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक के बीदर में एक चुनावी सभा में आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा हटाने को लेकर अपना रुख फिर दोहराया और कहा कि 2011 की जनगणना के जातिगत आंकड़ों को सार्वजनिक किया जाए, ताकि अन्य पिछड़ा वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व मिल सके तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदायों को उनकी आबादी के अनुपात में आरक्षण दिया जा सके। उन्होंने कहा, मोदी जी, ओबीसी के बारे में सिर्फ खोखली बात मत करिए। जनगणना के जातिगत आंकड़े जारी करिए और 50 प्रतिशत की सीमा को हटाइए, दलित और आदिवासी की जितनी आबादी है, उनको उतना आरक्षण दीजिए। अगर आप नहीं कर सकते तो हट जाइए, हम करते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 16 अप्रैल की तारीख वाले एक पत्र में प्रधानमंत्री से कहा है, मैं एक बार फिर जाति आधारित नवीनतम जनगणना कराने का आग्रह करता हूं। मेरे सहयोगियों और मैंने संसद के दोनों सदनों में कई बार यह मांग उठाई है। अन्य विपक्षी दलों ने भी इस मांग को रखा है।

बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) के शीर्ष नेता नीतीश कुमार ने भी जातिगत जनगणना से जुड़ी कांग्रेस की मांग का समर्थन किया और कहा कि इससे समाज के सभी वर्गों को फायदा होगा। बिहार में भाजपा की इकाई ने नीतीश कुमार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में एक प्रस्ताव का समर्थन किया और बाद में बिहार विधानसभा में जाति आधारित जनगणना पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित कर दिया गया। लेकिन भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने सामाजिक-आर्थिक तथा जाति आधारित जनगणना पर अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, जिसे कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने उठाया है। कांग्रेस के अलावा बिहार के महागठबंधन में शामिल जदयू तथा राजद के साथ समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने भी जाति आधारित जनगणना की पुरजोर वकालत की है। इससे पहले, इसी माह में द्रमुक सुप्रीमो और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अन्य विपक्षी दलों के साथ इस मांग का समर्थन किया था। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने सोमवार को कहा जाति आधारित जनगणना होनी चाहिए, यह पूरे देश की मांग है। तमिलनाडु में यह मांग है, बिहार में यह मांग है। भाजपा इससे बचकर क्यों भाग रही है। भाजपा की सहयोगी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (आरएलजेपी) ने भी सोमवार को अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षण बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि इन दो श्रेणियों के तहत आने वाले समुदायों की संख्या पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी है लेकिन आरक्षण में उनका हिस्सा 22.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित बना हुआ है। पार्टी ने अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें मांग की गई कि संबंधित समुदायों के लिए कोटा उनकी बढ़ी हुई जनसंख्या के अनुरूप बढ़ाया जाए। (शेष पेज 9)

कांग्रेस को जातिगत जनगणना की मांग का हक नहीं: भाजपा

● कहा- लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद कभी पहल नहीं की

एजेंसी। नई दिल्ली

भाजपा ने कहा है कि कांग्रेस को जातिगत जनगणना की मांग करने का कोई अधिकार नहीं है। भाजपा ने विपक्षी दल पर हमला करते हुए कहा कि लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद उसने कभी जातिगत जनगणना नहीं कराई। भाजपा के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के अध्यक्ष और पार्टी के संसदीय बोर्ड के सदस्य के. लक्ष्मण ने बातचीत में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के नेता राहुल गांधी से यह सवाल पूछा कि सत्ता में रहते हुए कांग्रेस ने कभी जातिगत जनगणना क्यों नहीं करवाई। लक्ष्मण ने कहा कि खरगे हों या राहुल गांधी हों, मैं सीधा सवाल पूछना चाहता हूं कि 1931 के बाद देश में जातिगत जनगणना कब हुई। सच्चाई ये है कि आजादी के बाद देश में कभी भी जातिगत जनगणना नहीं हुई। कांग्रेस इतने वर्षों तक सत्ता में रही। उसे जाति आधारित जनगणना की मांग करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

अतीक-अशरफ हत्याकांड की जांच को एसआईटी गठित

● प्रयागराज केंद्रीय कारागार से प्रतापगढ़ जेल ले जाए गए तीनों हत्यारोपी

● तीन सदस्यीय एसआईटी पर नजर रखेगी निगरानी टीम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ प्रयागराज

प्रयागराज पसरे सन्नाटे के बीच अतीक अहमद के कार्यालय के बाहर तैनात पुलिस

प्रयागराज में माफिया और पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की सरेशाम गोली मारकर हत्या के मामले की जांच के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस ने सोमवार को तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। जबकि एसआईटी की जांच पर निगरानी टीम नजर रखेगी। वहीं तीनों हत्यारोपियों सनी, लवलेश तिवारी और अरुण कुमार मौर्य को प्रशासनिक आधार पर प्रयागराज की केंद्रीय कारागार से जिला जेल प्रतापगढ़ स्थानांतरित किया गया है। विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने सोमवार को बयान में कहा कि प्रयागराज के पुलिस आयुक्त रमित शर्मा के निर्देश पर विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है।

शर्मा की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि 15 अप्रैल (शनिवार) को अतीक अहमद और उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की पुलिस हिरासत में हुई हत्या के मामले में शाहगंज में अभियोग दर्ज किया गया है, जिसकी जांच थाने के प्रभारी कर रहे हैं। जांच में, गवाहों के बयान/साक्ष्य (रिकॉर्डिंग) सुनिश्चित करने के लिए, अभिलेखीय/ इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का संकलन, वैज्ञानिक/ फोरेंसिक साक्ष्यों का संकलन करने, विधि विज्ञान प्रयोगशाला से परीक्षण कराने और निष्पक्ष एवं गुणात्मक परक विवेचना जांच सुनिश्चित करने के प्रायोजन से यह विवेचना एक विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा कराई जाएगी। बयान में कहा गया कि प्रयागराज के अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) सतीश चंद्र मुख्य विवेचक होंगे। दो अन्य सदस्य सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली सतेंद्र प्रसाद तिवारी तथा अपराध शाखा के विवेचना प्रकोष्ठ के निरीक्षक ओम प्रकाश शामिल हैं। यूपी पुलिस महानिदेशक आरके विश्वकर्मा ने एक अन्य बयान में कहा कि गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने के लिए तीन सदस्यीय निगरानी टीम का भी गठन किया गया है। (शेष पेज 9)

जब्त होगी एनसीआर में अतीक की बेनामी संपत्ति

नोएडा (पीएनएस)। प्रयागराज पुलिस की भारी सुरक्षा के बीच माफिया अतीक अहमद की हत्या के बाद उसकी एनसीआर में बेनामी संपत्ति जब्त हो सकती है। अतीक की एनसीआर के कई इलाकों में बेनामी संपत्ति बताई जाती है, जिसकी जांच चल रही है। पुलिस द्वारा की गई जांच में अतीक अहमद का एक मकान गौतमबुद्धनगर जिले के ग्रेटर नोएडा में भी पता चला था। ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना क्षेत्र के सेक्टर-36 में 90 मीटर के बने इस मकान का अलॉटमेंट वर्ष 1994 में हुआ था। उमेश पाल की हत्या में शामिल अतीत के बेटे असद की खोज में प्रयागराज पुलिस ने इस मकान पर भी छापेमारी की थी। जांच में पता चला था कि ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-36 में बने इस मकान में अतीक के बेटे असद ने रहकर ग्रेटर नोएडा के एक कॉलेज में पढ़ाई की थी। (शेष पेज 9)

ममता बनर्जी ने अमित शाह पर साधा निशाना

● कहा- केंद्रीय गृह मंत्री को यह कहने का हक नहीं कि टीएमसी सरकार 2025 के बाद नहीं टिकेगी

पीएनएस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक टिप्पणी के लिए उनकी आलोचना की कि यदि भाजपा अगले साल लोकसभा चुनाव में 35 सीट जीतती है तो टीएमसी सरकार 2025 से आगे टिक नहीं पाएगी। बनर्जी ने 14 अप्रैल को एक रैली के दौरान की गई टिप्पणियों को लेकर शाह के इस्तीफे की भी मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा, शुक्रवार को, अमित शाह ने एक रैली को संबोधित किया। यह ठीक है। लेकिन देश के केंद्रीय गृह मंत्री किसी राज्य की लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को गिराने की बात कैसे कर सकते हैं? क्या देश का संविधान बदला जा रहा है? बनर्जी ने यहां संवाददाताओं से कहा, वह कभी भी इस तरह की टिप्पणी नहीं कर सकते हैं कि अगर भाजपा 35 लोकसभा सीट जीतती है, तो राज्य सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं करेगी। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार 2026 में अपना तीसरा कार्यकाल पूरा करने वाली है। बीरभूम जिले के सूरी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, शाह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए पश्चिम बंगाल से 35 लोकसभा सीट जीतने का लक्ष्य रखा है और कहा कि अगर लक्ष्य हासिल कर लिया गया, तो राज्य में ममता बनर्जी की मौजूदा सरकार 2025 से आगे नहीं टिक पाएगी। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ने दावा किया कि शाह की टिप्पणी साबित करती है कि राज्य सरकार को गिराने की साजिश रची जा रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के समन का जिक्र करते हुए बनर्जी ने कहा, क्या वे यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री को बुलाकर पूछताछ की जा सकती है? यदि किसी मुख्यमंत्री से पूछताछ की जा सकती है, तो गृह मंत्री से भी पूछताछ क्यों नहीं की जा सकती है? बनर्जी ने विपक्षी दलों के नेताओं से 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा के खिलाफ एकजुट होने की अपील दोहराते हुए दावा किया कि भाजपा अगले संसदीय चुनावों में सत्ता में नहीं लौटेगी।

स्कूल भर्ती घोटाला: टीएमसी विधायक गिरफ्तार

कोलकाता/मुर्शिदाबाद

सीबीआई ने विद्यालयों में कथित रूप से अवैध भर्तियों के मामले की जांच के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस के विधायक जीवन कृष्ण साहा को सोमवार सुबह मुर्शिदाबाद जिले के बुरवान स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई अधिकारी पश्चिम बंगाल के सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में कथित रूप से अवैध भर्तियों से जुड़े मामले में बुरवान निर्वाचन क्षेत्र के विधायक साहा से 14 अप्रैल से पूछताछ कर रहे थे। उन्होंने बताया कि साहा को गिरफ्तार किए जाने के बाद उन्हें करीब 220 किलोमीटर दूर, कोलकाता के निजाम स्थित जांच एजेंसी कार्यालय ले जाया गया।

दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण का काम रोकने से कोर्ट का इनकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण का काम रोकने से इनकार करते हुए सोमवार को कहा कि इस वक्त किसी भी तरह के हस्तक्षेप से लागत में भारी वृद्धि होगी। दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण में छह गलियारे होंगे, जिनमें एरोसिटी से तुगलकाबाद, इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ, लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक, मुकुंदपुर से मौजपुर, जनकपुरी वेस्ट से आर. के. आश्रम और रिठाला से बवाना एवं नरेला शामिल हैं। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने कहा कि उखड़े हुए पेड़ों को लगाने का प्रावधान है।

पीठ ने कहा कि इस संबंध में कोई संशय नहीं है कि पर्यावरण के लिए चिंता एक अहम पहलू है, हालांकि मेट्रो रेलवे जैसे विकासात्मक कार्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, क्योंकि इससे करोड़ों लोगों की जरूरतें पूरी होंगी और कार्बन उत्सर्जन में कटौती आएगी, वहीं सड़कों पर वाहनों की संख्या कम हो जाएगी।

समलैंगिक विवाह: मामले की विचारणीयता से जुड़ी केंद्र की अर्जी पर होगी सुनवाई

● सरकार ने कहा- कानूनी मान्यता का अनुरोध शहरी संभ्रांतवादी विचारों का परिचायक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने केंद्र की उस याचिका पर सुनवाई के लिए मंगलवार को सहमति जताई, जिसमें समलैंगिक विवाह को कानूनी रूप से वैध ठहराने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं की विचारणीयता पर सवाल उठाए गए हैं। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने इस याचिका का उल्लेख करने वाले सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के प्रतिवेदन का संज्ञान लिया। इस पीठ में न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला भी शामिल हैं। पीठ ने कहा, हां, इसे कल सूचीबद्ध किया जाएगा। केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि समलैंगिक विवाह को मान्यता देने का अनुरोध करने वाली याचिकाएं शहरी संभ्रांतवादी विचारों को प्रतिबिंबित करती हैं और विवाह को मान्यता देना अनिवार्य रूप से एक विधाई कार्य है, जिस पर अदालतों को फैसला करने से बचना चाहिए। केंद्र ने याचिकाओं के विचारणीय होने पर सवाल करते हुए कहा कि समलैंगिक विवाहों की कानूनी वैधता पर्सनल लॉ और स्वीकार्य सामाजिक मूल्यों के नाजुक संतुलन को गंभीर नुकसान पहुंचाएगी।

उच्चतम न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ देश में समलैंगिक विवाह को कानूनी रूप से वैध ठहराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई करेगी। (शेष पेज 9)

ज्ञानवापी मस्जिद में वजू सुविधाओं के लिए जिलाधिकारी को निर्देश

भाषा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को वाराणसी के जिलाधिकारी को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में मुस्लिम श्रद्धालुओं के लिए वजू के लिए अनुकूल व्यवस्था उपलब्ध कराने को लेकर बैठक करने को कहा। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की पीठ को अवगत कराया कि बैठक मंगलवार को होगी और अहाते में वजू की सुविधा प्रदान करने के लिए निर्णय लागू किया जाएगा। शीर्ष अदालत अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद समिति की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें रमजान के महीने में वाराणसी के मस्जिद परिसर में वजू की अनुमति मांगी गई थी। न्यायालय ने पिछले साल 20 मई के अपने आदेश का हवाला दिया, जिसमें उसने निर्देश दिया था कि परिसर के अंदर कुछ क्षेत्रों को सील करने के बाद श्रद्धालुओं को वजू और शौचालय की सुविधा प्रदान की जाए। (शेष पेज 9)

क्विक न्यूज

जहरीली शराब मामले में नीतीश कुमार का यू-टर्न

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने पहले के बयान से पलटते हुए कहा कि राज्य मे एक अप्रैल 2016 यानि शराबबंदी लागू होने के बाद से जिन लोगो की मौत जहरीली शराब पीने से हुई है, उनके आश्रितो को मुख्यमंत्री राहत कोष से चार-चार लाख रुपए मुआवजे के तौर पर दिए जाएंगे। हालांकि, मुख्यमंत्री ने इसके लिए कुछ शर्तें भी रखी है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को पटना मे पत्रकारो से कहा, एक अप्रैल 2016 अर्थात शराबबंदी लागू होने के बाद से राज्य मे जिनकी मौत जहरीली शराब पीने से हुई है, उनके आश्रितो को मुख्यमंत्री राहत कोष से चार-चार लाख रुपए दिए जाएंगे। उन्होने कहा, लेकिन यह राशि तभी दी जाएगी जब परिवार का कोई सदस्य जहरीली शराब के सेवन से मरा हो और उस परिवार के लोग साफ तौर पर यह बता दे कि वह उनके परिवार का सदस्य है तथा उन्होने कहां से शराब खरीदी थी। अगर पीड़ित परिवार यह सब जानकारी लिखित रूप मे जिलाधिकारी के यहां भेजेगा तो हमने यह तय किया है कि परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से चार लाख रुपए की मदद दी जाएगी।

बठिंडा में चार सैनिकों की हत्या के मामले में जवान गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़, नई दिल्ली

बठिंडा सैन्य अड्डे पर चोरी की एक असॉल्ट राइफल से चार सैनिकों की हत्या करने के आरोप में सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया गया है। बठिंडा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गुलनीत सिंह खुराना ने बताया कि गनर देसाई मोहन ने पहले दावा किया कि उसने पंजाब में सैन्य अड्डे पर गोलीबारी वाले स्थान के समीप दो लोगों को एक राइफल तथा एक कुल्हाड़ी के साथ देखा था। बाद में उसने सागर बान्ने, योगेश कुमार जे, संतोष एम. नागराल और कमलेश आर. की हत्या का जुर्म कबूल कर लिया। एक अधिकारी ने कहा कि मोहन ने आरोप लगाया कि इन सैनिकों ने उसका शारीरिक शोषण किया। हत्या के पीछे की वजह के बारे में पूछे जाने पर खुराना ने कहा कि मीडिया के समक्ष इसका खुलासा नहीं किया जा सकता, लेकिन मोहन की चारों सैनिकों से कुछ निजी रंजिश थी। सेना ने गोलीबारी की घटना के एक दिन बाद उसी सैन्य अड्डे पर एक अन्य सैनिक की मौत की सूचना दी, लेकिन कहा कि यह हत्याओं से जुड़ा नहीं था। सेना ने कहा था, मामला कथित तौर पर आत्महत्या के प्रयास का लगता है। एसएसपी ने बताया कि 12 अप्रैल को मोहन ने कहा था कि उसने गोलीबारी के बाद चेहरे और सिर को कपड़े से ढके हुए दो अज्ञात लोगों को बैरक से बाहर निकलते देखा था। हालांकि, वह बार-बार अपना बयान बदलता रहा।

बठिंडा में मीडिया से बात करते हुए खुराना ने कहा कि मोहन ने शुरू से जांचकर्ताओं को गुमराह करने की कोशिश की, क्योंकि एक हथियार गायब था, इसलिए उसने अपराध को अंजाम देने के बाद कुर्ता-पायजामा पहने दो लोगों को देखने की कहानी गढ़ी, जिनके पास इनसास राइफल थी। सेना ने एक बयान में कहा, लगातार पूछताछ के बाद तोपखाना इकाई के गनर देसाई मोहन नामक व्यक्ति ने पुलिस के सामने एक इनसास राइफल चुराने और अपने चार सहकर्मियों की हत्या करने में संलिप्तता की बात कबूल की। गोलीबारी की घटना से दो दिन पहले सैन्य अड्डे से इनसास राइफल और 28 कारतूस गायब हो गए थे। खुराना ने बताया कि पूछताछ के दौरान यह साफ हो गया कि चोरी की गई इनसास राइफल और कारतूस का इस घटना में इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने बताया कि जिन घटनाओं में किसी अंदरुनी हथियार का इस्तेमाल किया जाता है, उससे यह संदेह बढ़ जाता है कि बल का ही कोई व्यक्ति इसमें शामिल हो सकता है।

सेना ने कहा, 12 अप्रैल को प्रारंभिक प्राथमिकी दर्ज कराते हुए उस व्यक्ति द्वारा इनसास राइफल और कुल्हाड़ी के साथ सादे कपड़े पहने दो व्यक्ति का जिक्र किए जाने वाला बयान जांच एजेंसियों का ध्यान भटकाने की कोशिश थी।

बयान में कहा गया, प्रारंभिक जांच से पता चला कि यह घटना साफ तौर पर निजी वजहारंजिश के कारण होगी। उसके कबूलनामे के अनुसार, नौ अप्रैल की सुबह उसने हथियार चुराया। फिर उसने हथियार छिपा दिया। (शेष पेज 9)

केरल ट्रेन आगजनी का आरोपी बेहद कट्टरपंथी: एसआईटी

● पूर्व नियोजित तरीके से अपराध को अंजाम देने आया था, जाकिर नाइक की कट्टरता फैलाने वाले वीडियो देखता था

एजेंसी। कोझिकोड

फाइल चित्र

केरल में ट्रेन में आगजनी की घटना की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने सोमवार को कहा कि आरोपी बेहद कट्टरपंथी व्यक्ति है जो पूर्व नियोजित तरीके से अपराध को अंजाम देने के लिए केरल पहुंचा था। एसआईटी के प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) एमआर अजित कुमार ने कहा कि आरोपी शाहरुख सैफी विवादास्पद इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक के कट्टरता फैलाने वाले वीडियो देखता था। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ एकत्र सबूतों व वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधान लागू किया गया। जांच टीम ने यूएपीए की धारा 16 लागू की है जो आतंकवादी कृत्यों के लिए सजा से संबंधित है।

कुमार ने मीडिया से कहा कि हम विभिन्न राज्यों में गए और एकत्र वैज्ञानिक, दस्तावेजी और मौखिक साक्ष्य के आधार पर एक व्यापक जांच की और यूएपीए के संबंधित प्रावधानों को लागू करने का फैसला किया। जिसके आधार पर यह साबित होता है कि वह बेहद कट्टरपंथी है। उसने जाकिर नाइक और अन्य के कट्टरता फैलाने वाले वीडियो देखे। वह पूर्व नियोजित तरीके से अपराध को अंजाम देने के लिए यहां आया था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी की उम्र 27 साल है और उसने राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय से 12वीं की शिक्षा पूरी की थी। उन्होंने कहा कि जांच टीम को आरोपी और उसके द्वारा किए गए अपराध के संबंध में सबूत मिले हैं और वह इस बात की जांच कर रही है कि उसे किसी और से कोई मदद तो नहीं मिली। शाहरुख सैफी की हिरासत मिलने के बाद जांच टीम अलप्पुझा-कन्नूर एक्जीक्यूटिव एक्सप्रेस ट्रेन के दो कोच से सबूत इकट्ठा करने के लिए उसे 12 अप्रैल को कन्नूर ले गई थी जिसमें उसने आग लगा दी थी। घटना में दो साल के बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई थी। सैफी की पुलिस हिरासत 18 अप्रैल को खत्म होगी। कोझिकोड प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सैफी को 11 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। इससे पूर्व चलती ट्रेन से भागने की कोशिश के दौरान लगी चोटों के इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस के मुताबिक सैफी ने अपना गुनाह भी कबूल कर लिया है। दो अप्रैल की रात को, सैफी ने आलप्पुझा-कन्नूर एक्जीक्यूटिव एक्सप्रेस ट्रेन में अपने सह-यात्रियों को आग लगा दी थी। तब ट्रेन कोझिकोड में एलाथुर के पास कोरापुझा पुल पर पहुंची थी। इस घटना में नौ लोग झुलस गए थे, जबकि एक बच्चे सहित तीन लोगों की मौत हो गई थी।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह–कर्जदार/ गारंटर का नाम(ऋण खाता संख्या) एवं पता	प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	राजेन्द्र प्रताप सिंह, श्वेता, 2031, संस्कृति अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर 35, सेक्टर–10, द्वारका, दिल्ली–110075 खाता नंबर :– LBDEL00005044535	सम्पत्ति सं. 20, तृतीय तल छत के अधिकार सहित, ब्लॉक ए, नारायणा विहार, उत्तरी तरफ का हिस्सा, दिल्ली–110028	04–03–2023 रू. 3,59,09,677/–	06–12–2022
2.	राजेश कुमार भास्कर, अखिलेश भास्कर, 132 शुभ एन्क्लेव, पीतम पुरा, किटवर्ड पब्लिक स्कूल के सामने, दिल्ली–110034 खाता नंबर :– LBDEL00002037696	कोव अपार्टमेंट नंबर एलडी00150801, कोव जेपी ग्रीन्स स्पोर्ट्स सिटी, सेक्टर–25, गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा–201307	04–03–2023 रू. 12,55,093/–	09–12–2022
3.	रीबा लाम्बा, सुखप्रीत सिंह, बी4/37 सी, तृतीय तल, अशोक विहार फेज–2, दिल्ली–110052 खाता नंबर :– LBDEL00004912948	सम्पत्ति सं. 125, सम्पूर्ण द्वितीय तल, टेरेस/छत के अधिकार नहीं, फ्रीहोल्ड निर्मित सम्पत्ति ब्लॉक एवं पाकेट एआई, शालीमार बाग, दिल्ली–110088	04–03–2023 रू. 24,87,779/–	28–12–2022
4.	रोहित सभरवाल, अनुराधा रोहित, एस/ओ वीके सभरवाल, एच 802, पार्क व्यू सिटी सोहना रोड के सामने, वाटिका बिजनेस सेंटर इस्लामपुर, 97, साउथ सिटी गुरूग्राम–122018 खाता नंबर :– LBGUR00005481152	यूनिट नंबर 58, टावर–ए, भू तल, "स्पेस कार्पोरेट पार्क", स्थित सेक्टर–69 एवं 70, गुरूग्राम–122001	04–03–2023 रू. 18,03,511/–	05–12–2022
5.	संदीप अग्रवाल, अमृता अग्रवाल, 42 ए–2, ब्लॉक अनुराधा अपार्टमेंट, पश्चिम विहार, दिल्ली–110063 खाता नंबर :– LBNOD00002025468	फ्लैट नंबर 0608, टावर सी–3, छठा तल, प्रोजेक्ट नाम "अप कंट्री", टीएस–1, सेक्टर–17ए, यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी, नोएडा–201303	04–03–2023 रू. 30,18,770/–	09–12–2022
6.	सीमा, हशमत अली, एच नंबर 32/486, ब्लॉक 32, त्रिलोकपुरी विल्ला ईस्ट दिल्ली, दिल्ली–110091 खाता नंबर :– LBDEL00004979423	फ्लैट नंबर एफ/1207, 12वां तल, "स्टार रामेश्वरम", स्थित राजनगर एक्सटेंशन, एनएच–58, नूर नगर, गाजियाबाद–201001	04–03–2023 रू. 21,01,128/–	06–12–2022
7.	श्रीनिबाश डोरा तेपाल, श्रीलता तेपाल, प्लॉट नंबर 106, 1502 आचार्य विहार खुर्डा भुवनेश्वर उड़ीसा, भांजानगर–750113 खाता नंबर :– LBDEL00001875780	अपार्टमेंट नंबर केएस2–34–501, "कासिया" जेपी ग्रीन्स स्पोर्ट्स सिटी, गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा–201305	04–03–2023 रू. 22,92,749/–	30–12–2022
8.	सुमन कुमारी, सुधीर रंजन, मकान नंबर सी–568, गली नंबर 12, मजलिस पार्क, आजादपुर, दिल्ली–110033 खाता नंबर :– LBDEL00003605750	सम्पत्ति सं. 57, द्वितीय तल ब्लॉक डी, खसरा नंबर 262/258/217/4, हकीकत राय रोड, ग्राम भरोला, आदर्श नगर, दिल्ली–110033	04–03–2023 रू. 46,73,971/–	05–12–2022
9.	सुमन कुमारी, मुकेश कुमार, जी 504, ब्लॉक जी, संगम विहार, हमदर्द नगर, साउथ दिल्ली, दिल्ली–110062 खाता नंबर :– LBFDB00003590308	फ्लैट नंबर 507, टाइप–डी, 5वां तल, टावर–5, "हैप्पी होम्स ग्रैंड", ग्राम भटोला, सेक्टर–85, फरीदाबाद–121001	04–03–2023 रू. 13,73,329/–	30–12–2022
10.	सूरज कुमार, राजीव, एफ 3/108 ए, प्रथम तल, संगम विहार, नई दिल्ली, दिल्ली–110062 खाता नंबर :– LBDEL00002305585	अपार्टमेंट नंबर यूडीएनए010002, टावर–ए–01, उड़ान अपार्टमेंट्स, जेपी ग्रीन्स स्पोर्ट्स सिटी, ईस्ट गौतमबुद्ध नगर, नोएडा–201301	04–03–2023 रू. 8,18,864/–	06–12–2022
11.	विकास कमल, वंदना कमल, सी–516, प्रिंसेस पार्क, प्लॉट नंबर 10, अहिंसा–2, इंदिरापुरम, गाजियाबाद–201014 खाता नंबर :– LBGUR00001958747	फ्लैट नंबर 501, 5वां तल, टावर जी 2, "यूनिहोम्स पीएच–।।", स्थित प्लॉट नंबर जीएचपी–0001, सेक्टर–117, नोएडा–201305	04–03–2023 रू. 34,24,571/–	09–12–2022
12.	राजन दत्त, रश्मि दत्ता, भारत भूषण दत्ता, क्यू 16 ए एस एफ जंगपुरा एक्सिन, नई दिल्ली, दिल्ली–110014 खाता नंबर :– LBDEL00002413422	प्लॉट नंबर 16 ए, द्वितीय तल, ब्लॉक क्यू, जंगपुरा एक्स., दिल्ली–110014	04–03–2023 रू. 12,67,052/–	30–12–2022
13.	महेन्द्र कुमार गुप्ता, दीपक गुप्ता, 13/3, मधुबन अपा. पीतमपुरा, दिल्ली–110034 खाता नंबर :– LBDEL00003159992	फ्लैट नंबर आईवी–102, प्रथम तल, विक्ट्री क्रॉसरोड्स, प्लॉट नंबर जीएच–01/सी, सेक्टर–143 बी, नोएडा–201306	04–03–2023 रू. 30,80,154/–	07–03–2022
14.	संदीप कुमार, राहुल लिंगवाल, ए 1/170, तृतीय तल, हस्तसाल रोड, उत्तम नगर, दिल्ली, दिल्ली–110059 खाता नंबर :– LBFDB00002250998	मकान नंबर 1713, सैनिक कालोनी, सेक्टर–49, फरीदाबाद, हरियाणा, फरीदाबाद–121001	08–03–2023 रू. 18,27,413/–	29–08–2022
15.	अमनदीप मल्होत्रा, राजिन्दर कौर मल्होत्रा, चारू रस्तोगी, पीटी–62/1, कालकाजी, दिल्ली–110019 खाता नंबर :– LBDEL00001991940	यूनिट नंबर टी–1403, 14वां तल, टावर टी, ब्लॉसम्स ग्रीन्स, स्थित सेक्टर–143, नोएडा–201305	04–03–2023 रू. 13,77,495/–	25–12–2022
16.	अशोक अनिल आर्य, सुष्मिता अशोक कुमार आर्य, 27, सेक्टर–31, नोएडा–201301 खाता नंबर :– LBNOD00002041981	फ्लैट नंबर ए–1–1102, 11वां तल, टावर ए–1, एमराल्ड बे, सेक्टर–104, गुरूग्राम–122012	04–03–2023 रू. 49,91,352/–	30–12–2022
17.	धरम पाल, हेमलता, हिमांशु शेरसिया, 6474 एफ एफ गली नंबर 2, ब्लॉक नंबर बी, देव नगर, करोल बाग, न्यू वीर कीकरवाला चौक, दिल्ली–110005 खाता नंबर :– LBGUR00002439338	फ्लैट नंबर टी–2–174, 17वां तल, केवीडी विंडपार्क, स्थित प्लॉट नंबर डीवी–जीएच–09 बी, टेक जोन–4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, नोएडा–201303	04–03–2023 रू. 25,02,940/–	06–12–2022
18.	धीरज त्यागी, राजकुमार, ए 1106, सिग्नेचर ग्लोबल सोलेरा 1, घरमपुर (59) दौलताबाद सेक्टर–107, गुरूग्राम–122006 खाता नंबर :– LBDEL00004326210	फ्लैट नंबर ए–1106, 11वां तल, सोलेरा, स्थित सेक्टर–107, गुरूग्राम–122001	04–03–2023 रू. 18,15,801/–	09–12–2022
19.	ईआरएन प्रसाद, अनुराधा तलवार, एच एन पी 37, राष्ट्रीय इंडियन मिलिटरी कालेज, गढ़ी कैंट, उत्तराखंड, देहरादून–248003 खाता नंबर :– LBGUR00002396268	फ्लैट नंबर माइनर–एच/ए/202, द्वितीय तल, बीठोवन 8, स्थित सेक्टर–107, द्वारका एक्सप्रेसवे गुरूग्राम–122001	04–03–2023 रू. 30,89,294/–	06–12–2022
20.	गौरव मंगला, संतोष कुमार, फ्लैट नंबर 250, भारत अपार्टमेंट, सेक्टर–13, रोहिणी निकट डीसी चौक, दिल्ली–110085 खाता नंबर :– LBDEL00003704714	फ्लैट नंबर 250, सेक्टर–13, भारत अपार्टमेंट दि भारत सीजीएचएस लिमिटेड, प्लॉट नंबर 20, रोहिणी, दिल्ली–110085	04–03–2023 रू. 41,17,443/–	30–12–2022
21.	हरीश चंद, सूरज सिंह, एच नंबर सी–115/2, राजीव नगर लिबासपुर, समयपुर, दिल्ली–110042 खाता नंबर :– LBDEL00004556816	फ्लैट नंबर 14, चतुर्थ तल, पाकेट–3, ब्लॉक एफ 13, सेक्टर–जी–8, नरेला, दिल्ली–110040	04–03–2023 रू. 12,68,602/–	26–12–2022
22.	कमल किशोर सोनी, रेखा सोनी, बी–802, नवरतन अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर 7 ए, सेक्टर–23, द्वारका, दिल्ली–110075 खाता नंबर :– LBDEL00001950919	फ्लैट नंबर 1206, 12वां तल, टावर एफ–1, "अप कंट्री", टीएस–1, सेक्टर–17 ए, यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी, नोएडा–201303	04–03–2023 रू. 19,27,810/–	05–12–2022
23.	केशव मोहन, रागिनी मोहन, फ्लैट नंबर 104, अरिहंत पैराडिसो निकट शांति गोपाल हॉस्पिटल, अहिंसा खंड–2, इंदिरापुरम, गाजियाबाद–201010 खाता नंबर :– LBNOD00002114611	फ्लैट नंबर डी 2/डी–जी, भू तल, टेकहोम्स, प्लॉट नंबर जीएच–05/बी, सेक्टर–137, एक्सप्रेसवे नोएडा–201301	04–03–2023 रू. 44,65,752/–	09–12–2022
24.	पूजा पंवार, विक्रम तिवारी, फ्लैट अंबर 59, पाकेट ए 9, सेक्टर–18, सेक्टर–15, रोहिणी दिल्ली–110089 खाता नंबर :– LBDEL00004866092	डीडीए एल.आई.जी. फ्लैट नंबर 13, भू तल, ब्लॉक–ए, पाकेट–6, सेक्टर–18, रोहिणी, दिल्ली–110085	04–03–2023 रू. 39,87,627/–	06–12–2022
25.	रहीस अहमद, उस्मान, एच नंबर 37, पथखोरी अगांव एफडी झिरका मेवात हरियाणा, गुरूग्राम–122002 खाता नंबर :– LBDEL00003073846	फ्लैट नंबर 1104, 11वां तल, ब्लॉक–बी, जेएनसी ग्रीनवुड्स, प्लॉट नंबर 3/जीएच एसपीएल 1, सेक्टर–3, वसुंधरा, गाजियाबाद	02–03–2023 रू. 92,64,850/–	31–01–2018
26.	अभिमन्यु चौधरी, सोनू चौधरी, एम 2101, अजनारा इंटेग्रिटी, राजनगर एक्सटेंशन, ऑफीसर्स सिटी के सामने, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद–201017 खाता नंबर :– LBGHZ00005706417	फ्लैट नंबर 1805, 18वां तल, सन–2, मिगसन अल्टीमो, प्लॉट नंबर जीएच–03, सेक्टर–ओमीक्रोन–3, ग्रेटर नोएडा	15–03–2023 रू. 51,42,444/–	03–11–2022
27.	आलोक अग्रवाल, समिता अग्रवाल, एच नंबर 309, पाकेट बी, सरिता विहार, नई दिल्ली, दिल्ली–110044 खाता नंबर :– LBGUR00002122184	फ्लैट नंबर 3161, टावर 3, टाइप बी, 16वां तल, एटीएस ट्रायम्फ, सेक्टर–104, हरियाणा, गुरूग्राम–122001	15–03–2023 रू. 1,67,06,823/–	10–10–2022
28.	राज कुमार भगत, 87 ए प्रकाश मोहल्ला, ईस्ट ऑफ कैलाश, दिल्ली, दिल्ली–110065 खाता नंबर :– LBDEL00002408767	फ्लैट नंबर 0005, टावर बी 11, ईको विलेज–1, प्लॉट नंबर 8 सेक्टर–1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा	15–03–2023 रू. 8,09,520/–	27–03–2021
29.	राजेन्द्र प्रधान, अल्पना प्रधान, एफ–66, जलवायु विहार, सेक्टर–21, नोएडा–201301 खाता नंबर :– LBGUR00001537541	एफ–64, जलवायु टावर्स, सेक्टर–21, नोएडा–201301	15–03–2023 रू. 53,31,918/–	12–05–2022
30.	सुमित सिंघल, उषा सिंघल, 22ए, डीडीए एमआईजी फ्लैट, मोतिया खान, दिल्ली, दिल्ली–110055 खाता नंबर :– LBDEL00001791059	प्लॉट नंबर 496, पाकेट–एस, सेक्टर–20, यमुना एक्सप्रेसवे अथॉरिटी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा–201308	15–03–2023 रू. 8,41,213/–	19–09–2022
31.	तविंदर सिंह बेदी, अमिता बेदी, 759, सेक्टर–15 ए, फरीदाबाद, फरीदाबाद–121001 खाता नंबर :– LBDEL00000715677	प्लॉट नंबर 759, अर्बन एस्टेट, सेक्टर–15 ए, फरीदाबाद, फरीदाबाद–121007	15–03–2023 रू. 10,77,084/–	08–08–2014
32.	उमा यादव, राजबीर सिंह यादव, डब्ल्यूए 88 तृतीय तल, प्लॉट नंबर 89, शकरपुर, दिल्ली–110092 खाता नंबर :– LBDEL00002962244	प्लॉट नंबर डब्ल्यूए 88, खसरा नंबर 177, ग्राम शकरपुर खास, शाहदरा, दिल्ली–110092	23–03–2023 रू. 1,30,38,797/–	03–11–2022
33.	राजन दत्ता, भारत दत्ता, जे–35, भू तल, जोर बाग लेन, बी के दत्त कालोनी, निकट लोधी कालोनी, दिल्ली–110003 खाता नंबर :– LBDEL00001551317 LBGUR00001972729	प्लॉट नंबर 16 ए, द्वितीय तल, ब्लॉक क्यू, जंगपुरा एक्सटेंशन, दिल्ली–110014	04–03–2023 रू. 22,61,100/– रू. 3,35,626/–	30–12–2022
34.	शरद मोहन चौबे, मोहिनी, डी 1102, नील पदम 1, सेक्टर–5, वैशाली, निकट शॉप्रिक्स मॉल, गाजियाबाद–201010 खाता नंबर :– LBDEL00002069400 LBDEL00002069401	यूनिट नंबर डी–1102, 10वां तल, अंसल नील पदम–1, (टावर क्लब स्टूडिया अपार्टमेंट), प्लॉट नंबर 04, वैशाली स्कीम, गाजियाबाद–201001	04–03–2023 रू. 11,28,381/– रू. 12,77,249/–	09–12–2022
35.	हंस राज यादव, देवेन्द्र यादव, एचएसडी बैटरीज इंडिया प्रा. लि., विनोद यादव, एच नंबर 1679 पी, सेक्टर–10 ए, गुरूग्राम–122001, खाता नंबर :– LBDEL00003059045 LBDEL00003059053	प्लॉट नंबर 1679 पी, सेक्टर–10 ए, अर्बन एस्टेट, गुरूग्राम–122001,	04–03–2023 रू. 1,98,01,480/– रू. 41,90,974/–	09–12–2022
36.	जितेन्द्र कुमार पाठक, सीमा पाठक, 158, सेक्टर 4सी, वार्तालोक अपार्टमेंट, वसुंधरा, गाजियाबाद–201012 खाता नंबर :– LBGHZ00001960713 LBDEL00001968676	फ्लैट नंबर बी 401, भू तल (छत के अधिकार नहीं), टाइप–3, बीएचके, टावर–बी, स्प्रिंगव्यू लोर्स, रेजीडेंशल टाउनशिप क्रीसेंट, पार्ट–सी, ग्राम शाहपुर, बम्हेटा, गाजियाबाद	15–03–2023 रू. 17,02,338/– रू. 46,540/–	31–10–2022
37.	रमेश गुप्ता, नीरू गुप्ता, एच–3/97, सेक्टर–18, रोहिणी, दिल्ली, दिल्ली–110085 खाता नंबर :– LBDEL00001842438 LBDEL00001636232	सम्पत्ति सं. 97, ब्लॉक नंबर एच, पाकेट–3, सेक्टर–18, रोहिणी, दिल्ली, दिल्ली–110085	15–03–2023 रू. 29,55,184/– रू. 5,63,83,723/–	02–01–2010
38.	शीतल बागवार, सुदर्शन बागवार, 15/121, गीता कालोनी, टॉप लोर, ईस्ट दिल्ली, दिल्ली–110031 खाता नंबर :– LBNOD00004785896, LBNOD00004837692	फ्लैट नंबर 28160, 28वां तल, टावर मारवला, महागुन माइवुड्स, प्लॉट नंबर जीएच–04, सेक्टर–16सी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा	15–03–2023 रू. 26,75,633/– रू. 78,464/–	24–08–2022

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 18 अप्रैल, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर (गुरूग्राम, नोएडा, गाजियाबाद)

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

पहले दिन खरीदे गए नामांकन पत्र

निगम चुनाव

● प्रत्याशियों के लिए तय की गई प्रचार-प्रसार वाहनों की संख्या

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर–निकाय चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। मतदान 11 मई को और मतगणना 13 मई को की जाएगी। इन दोनों ही दिनो पर पार्षद–सभासदों को वाहन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से मेयर पार्षद नगर पालिका अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष व सभासदों के लिए प्रचार वाहनों की संख्या निर्धारित की गई है। इस क्रम में मेयर पद के प्रत्याशियों को प्रचार के लिए पांच वाहन, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के दावेदारों को तीन वाहन और नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के लिए दो वाहन निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा नगर निगम पार्षद प्रत्याशी दो और सभासद प्रत्याशी एक.एक वाहन प्रचार–प्रसार में इस्तेमाल कर सकेंगे।

मतदान के दिन महापौर पद के प्रत्याशियों को दो वाहन परिषद अध्यक्ष व पंचायत अध्यक्ष को एक वाहन ले जाने की अनुमति होगी, तो वहीं नगर पालिका–नगर परिषद सभासद वाहनों का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। जिले में दूसरे चरण की नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले दिन मेयर पद के लिए सुषमा त्यागी, पुष्पा रावत और राष्ट्रीय कर्मठ पार्टी की प्रत्याशी प्रिया गुप्ता ने नॉमिनेशन फॉर्म खरीदा, तो वहीं डासना चेयरमैन पद के लिए अब तक 5 दावेदार नामांकन पत्र खरीद चुके थे। इसमें डॉक्टर बानो बेगम, जीनत बेगम, डॉ प्रवीण, फ लक जहां, अर्शी जहां के नाम से नामांकन पत्र खरीदे गए।

निगम प्रशासन पर भी चढ़ा राजनीतिक रंग

गाजियाबाद। यह चुनाव नगर निगम से सीधा जुड़ा है, ऐसे में बीजेपी, कांग्रेस, एसपी और बीएसपी आदि प्रमुख राजनैतिक दल किस प्रत्याशी को मेयर चुनाव के लिए मैदान में उतार रहे हैं, इस पर नगर निगम के भी कई हजार कर्मचारियों की नजरें जमी हैं। नगर निगम का मुख्य ऑफिस हो या फि र जोनल ऑफिस, हर जगह केवल इस बात की ही चर्चा होती है कि किस पार्टी से मेयर प्रत्याशी का टिकट मिलेगा। केवल मेयर पद के लिए नहीं, यही उत्सुकता पार्षद प्रत्याशी को लेकर भी है। टिकट को लेकर लगभग सभी राजनैतिक दलों में घमासन चल रहा है। इस पर नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी भी बारीकी से नजर रखे हुए हैं। नगर निकाय चुनाव में नगर निगम में सबसे बड़ी चर्चा बीजेपी को लेकर है। अधिकारियों की जुबान पर एक ही सवाल है, कि बीजेपी से किसे टिकट मिलेगा, टिकट की लाइन में कितने कई नेता लगे हैं, ऐसा लग रहा है सत्ताधारी पार्टी के पदाधिकारियों को भी इसमे इतनी रूचि नहीं, जितनी उत्सुकता नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों में है।

आधे घंटे लिफ्ट में फंसा रहा 7 साल का मासूम

नोएडा। ग्रेटर नोएडा की शिवालिक होम्स सोसायटी में स्कूल से लौट रहे एक बच्चे के लिफ्ट में फंसने का मामला सामने आया है। बच्चा आधे घंटे तक लिफ्ट में फंसा रहा।

कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे को लिफ्ट से बाहर निकाला जा सका। घटना के बाद से सोसायटी के लोगों में आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि सोसाइटी में लिफ्ट संचालन बिल्कुल भी ठीक नहीं है। लिफ्ट दुरुस्त करने की मांग को लेकर पिछले सप्ताह भी सोसायटी के लोगों ने प्रदर्शन किया था, लेकिन बिल्डर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने को लेकर बिल्कुल भी संजीदा नहीं है। मामला सोसायटी के डी टावर का है। डी टावर में राजेंद्र जायसवाल अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनका सात साल का बेटा दर्ष जायसवाल स्कूल से पढ़ाई कर सोसाइटी पहुंचा। वह लिफ्ट में सवार हुआ। अचानक लिफ्ट बीच में ही अटक गई। पास से गुजर रहे लोगों को बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। सूचना मेंटेनेंस प्रबंधन को दी गई।

ऐतिहासिक बाराही मेला-2023 का समापन

कुश्ती-रागिनी के कार्यक्रम रहे आकर्षण के केंद्र

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सूरजपुर में चल रहे ऐतिहासिक बाराही मेला–2023 का समापन इनामी कुश्तियों और रागनियों के रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हो गया। ऐतिहासिक बाराही मेला के 12 वें दिन स्व. जयपाल भगतजी की स्मृति में दंगल का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

रात्रिकालीन कार्यक्रमों में जयवीर एंड पार्टी के कलाकारों ने रागनियों की खास प्रस्तुतियां दीं। दंगल कार्यक्रम में 101 रुपये ,251 रुपये, 501 रुपये, 1100 रुपये, 2100 रूपये और 5100 रूपये की कई कुश्तियां हुईं। जब कि बड़ी कुश्तियों में 11000–11000 रुपये की दों कुतिश्यां अंकित हुनमान अखाड़ा और गोलू प्रकाश अखाडा नलगढा के बीच हुई। जिसमें अंकित ने गोलू को चित कर कुश्ती जीत ली। जब कि दूसरी 11000 रूपये की कुश्ती कर्मजीत कनारसी और अमित पहलवान रोहतक के बीच लडी गई जो बराबरी पर छूटी। इसी प्रकार 21000 रूपये की कुश्ती अभिषेक जुनैदपुर और बली पहलवान प्रकाश आखाडा नलगढा के बीच लड़ी गई जो बराबरी पर छूटी। इनमें सबसे बड़ी कुश्ती 41000 रुपये सुमित गुरू हनुमान अखाडा और चन्ना पहलवान प्रकाश अखाडा नलगढा के बीच लड़ी गई। यह कुश्ती भी बराबरी पर छूटी। रात्रिकालीन रागनियों के रंगारंग कार्यक्रम में जयवीर भाटी एंड पार्टी के कलाकरों ने एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति देते हुए शमा बांध दिया। जयवीर भाटी और राहुल बलियान ने गुरू द्रोणाचार्य और शिष्य एकलव्य की गुरू दक्षिणा के किस्से से मार्मिक रागनी प्रस्तुत की। निशा जांगडा ने. हो गए मर्द गुलाम वीर के, घर में राज लुगाई का 33 रागनी प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी।

कोरोना के 102 नए केस, सक्रिय मरीजों की संख्या 630 के पार

● सभी मरीजों के नमूने जीनोम सीक्वेसिंग के लिए भेजे जा रहे

पायनियर समाचार। नोएडा

नोएडा में कोरोना बे काबू होता दिख रहा है। अब अस्पतालों में भर्ती होने वाले समान्य मरीजों के पहले एंटीजन टेस्ट किए जा रहे है। ताकि संक्रमण न फैले। मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में कोरोना की लहर आ सकती है।

नोएडा में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या 633 पहुंच चुकी है। 24 घंटे में 102 नए मामले सामने आए है। वहीं ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 44 है। यानी नए मरीजों का रेशियों काफी ज्यादा ज्यादा है।

26 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि भर्ती मरीजों में ऑक्सीजन सपोर्ट की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। मरीज भी सात दिनों में ठीक हो रहे है।

24 घंटे में 871 मरीजों की जांच की गई। सीएमओ ने बताया कि शासन से जारी की गई गाइड लाइन का पालन करे। ताकि संक्रमण की चेन को तोड़ा और इसके फैलाव को रोका जा सके। जांच का दायरा भी बढ़ा दिया गया है। हालांकि लोगों को बूस्टर डोज नहीं मिल रही है। जिससे वो परेशान है।

24 घंटे में 871 के करीब मरीजों की जांच की गई। जिसमें से 102 नए मरीज सामने आए। जिला अस्पताल और अन्य निजी अस्पताल व लैबों में जांच की जा रही है। सभी को निर्देश है कि वो स्वास्थ्य विभाग रिपोर्ट भेजे। इसके अलावा अस्पतालों में अलग से फीवर ओपीडी शुरू की गई है ताकि यहां आने वाले अन्य मरीजों को संक्रमण से बचाया जा सके। नए मरीजों की कांट्रैक्ट ट्रैकिंग की जा रही है। इनकी ट्रैवल हिस्ट्री भी ली जा रही है। इन सभी मरीजों के नमूने जीनोम सीक्वेसिंग के लिए भेजे जा रहे है। ताकि रिपोर्ट में ये देखा जा सके कि वैरिएंट अपना रूप तो नहीं बदल रहा है। सीएमओ ने बताया कि आगामी दो दिनों में जांच का दायरा और बढ़ाया जाएगा।

बढ़ते मामलों को देखते हुए नोएडा के डीएम ने एकीकृत कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 18004192211 जारी किया है। इस नंबर पर फोन करने पर आपको कोरोना से संबंधित जानकारी और हैल्प भी की जाएगी। इस कंट्रोल रूम से होम आइसोलेशन मरीजों पर पूरी नजर रखी जा रही है।

SRF LIMITED

Regd. Office: The Galleria, DLF Mayur Vihar, Unit No. 236 & 237, 2nd Floor, Mayur Vihar Place, Noida Link Road, Mayur Vihar Phase I Extn, Delhi-110091
Corporate Office: Block-C, Sector 45, Gurugram, Haryana-122 003
Tel. No (Regd office) : (+91-11) 49482870; Fax : (+91-11) 49482900
E-mail: cs@srf.com, Website: www.srf.com; CIN: L18101DL1970PLC005197

NOTICE

Notice is hereby given that Share Certificates pertaining to shares of the Company detailed below have been reported lost and request(s) for issue of duplicate Certificates in lieu thereof have been received by the Company. Shareholder(s)/Claimant(s) shall also be entitled to Bonus Shares in the ratio of (4:1) on these shares from Investor Education & Protection Fund Authority :-

Sl. No.	Folio No.	Name of the Share Holder / Legal Heir (Claimant)	Cert-No.	Dist-No. (from)	Dist-No. (to)	Lost Shares
1	SRF0038683	MATHAVAN KARUPPAN CHETTY (Claimant) MOKARUPPAN CHETTY (Deceased Shareholder)	435273	21509044	21509053	10
			435274	21509054	21509055	2
			584273	29528836	29528845	10
			584274	29528846	29528847	2
			1133333	295486654	295486829	176
			90081317	9397050	9397050	20
2	SRF0030475	KISHORBHAI RATILAL AJMERA JT 1 HANSABEN K AJMERA	1134719	295773290	295773509	220
			90065237	8910434	8910453	20
			90189676	90189676	90189676	35
3	A0002891	ANILA DIXIT (Claimant and Shareholder)	49004	2675601	2675650	50
			49005	2675651	2675700	50
			55496	2819467	2819499	33
			95679	4096335	4096384	50
			95680	4096385	4096400	16
			1133214	295465170	295465965	796
4	B0000096	BALDEV SINGH BINDRA (Claimant and Shareholder)	56155	2834240	2834240	40
			1133774	295589370	295590169	800
			90013322	6230762	6230801	40
			90013323	6230802	6230841	40
			90013324	6230842	6230842	40
			90013325	6230882	6230921	40
5	SRF0144862	INDER MOHAN SHARMA JT 1 SHAMSHER BAHADUR	705352	59748084	59748133	50
			705353	59748134	59748183	50
			1135279	295886362	295886761	400
6	S 0002204	SHAKUNTALA DEVI DAMANI (Claimant and Shareholder)	339100	16502200	16502249	50
			339101	16502250	16502269	20
			339102	16502270	16502270	10
			339103	16502280	16502284	5
			339104	16502285	16502285	1
			1134802	295785866	295786209	344
7	A 0003764	GULSHAN BAJAJ (CLAIMANT) REKHA BAJAJ (CLAIMANT) SAPNA RAJESH BAJAJ (CLAIMANT) ANTRIKSH RAJESH BAJAJ (CLAIMANT)	10961	1604826	1604850	25
			15507	1739551	1739575	25
			21878	1917001	1917025	25
			32852	2233076	2233100	25
			36586	2338776	2338800	25
			36592	2338926	2338950	25
			44330	2549901	2549925	25
			49806	2697976	2698000	25
			96267	4112455	4112491	37
			149792	5944360	5944409	50
			975143	18545245	18545319	75
			1135560	295942322	295946329	4008
			90011580-95	6166122	6166761	640

Any person having any claim /objection in respect of the above requests should lodge such claim/ objection with the company at its Corporate Office within 15 days of the publication of this notice, failing which the company will consider to give effect to the above requests.

Public is hereby cautioned against dealing with the aforesaid share certificates.

For **SRF LIMITED**
Sd/-
RAJAT LAKHANPAL
Sr. VP (Corporate Compliance) & Company Secretary

Place: Gurugram
Date: 17-04-2023

कार से स्टंटबाजी , पुलिस ने काटा 25000 का चालान

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में एक कार सवार ने बीच सड़क पर स्टंट दिखाए। वीडियो में नजर आ रहा है कि ब्लैक कलर की कार तेज स्पीड में आती है और अचानक ब्रेक लगाकर कार को सड

विस के विशेष सत्र में एलजी पर बरसे आप विधायक

विधानसभा उपाध्यक्ष राखी बिड़ला ने उपराज्यपाल की आपत्ति और चिट्ठी लीक होने का मामला विशेषाधिकार समिति को भेजा

● एलजी को समन भेजने और समिति के समक्ष बुलाने की संभावनाएं तलाशने को भी कहा गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विधानसभा के विशेष सत्र में बोलते अरविंद केजरीवाल। फोटो: रंजन डिमरी

विधानसभा के विशेष सत्र में सोमवार को आम आदमी पार्टी के विधायक उपरज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर खूब बरसे।

सत्र बुलाने पर एलजी की आपत्ति और उनके द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लिखा गए पत्र मीडिया में लीक होने पर सत्ता पक्ष के विधायकों ने न सिर्फ उन्हें कठघरे में खड़ा किया बल्कि उनकी कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए। इस पर विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल की अनुपस्थिति में सदन का संचालन कर रही विधानसभा उपाध्यक्ष राखी बिरड़ा ने सत्र बुलाने को लेकर एलजी की आपत्ति एवं उनके द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लिखी गई चिट्ठी सार्वजनिक होने का मामला जांच के लिए विशेषाधिकार समिति को भेज दिया।

उन्होंने इस बात की संभावनाएं तलाशने को भी कहा है कि क्या इस मामले में एलजी को समन भेजा जा सकता है और क्या उन्हें को विशेषाधिकार समिति के समक्ष पेश होने के लिए कहा जा सकता है। इससे पहले विधानसभा के विशेष सत्र की शुरुआत में सत्ता पक्ष के एक विधायक ने कहा कि उपराज्यपाल की ओर से सदन की बैठक बुलाने को लेकर जो आपत्ति जताई थी वो गलत है। उन्हें इस तरह की बात नहीं करनी चाहिए। यह सत्र पहले भी इसी तरह बुलाया जाता रहा है। उपराज्यपाल संवैधानिक पद पर बैठे हैं। उसका मजाक नहीं बनाया जाना चाहिए।

एलजी को राष्ट्रीय राजधानी के बारे में जानकारी नहीं है। वह दिल्ली विकास प्राधिकरण की बैठक नहीं बुलाते हैं। कानून व्यवस्था सुधारने के लिए भी कुछ नहीं करते हैं। इसके उलट वह सारे काम करते हैं जिससे दिल्ली सरकार का काम प्रभावित होता है। इससे उन्हें बचना चाहिए। भाजपा के एजेंट के तौर पर काम न करें।

वहीं स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि रविवार को उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखा था। वह पत्र मुख्यमंत्री को नहीं मिली क्योंकि वह सीबीआइ मुख्यालय में थे। दूसरी तरफ यह चिट्ठी मीडिया को दे दी गई। आखिर उपराज्यपाल कार्यालय से कौन यह चिट्ठी लीक कर रहा है।

जनहित की योजनाओं के चलते निशाने पर: सीएम

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि राजधानी वासियों को मुफ्त बिजली और अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं समेत अनेक जन कल्याण योजनाएं मुहैया कराने के लिए केंद्र उन्हें तथा उनकी सरकार को निशाना बना रहा है। केजरीवाल ने विधानसभा के एक दिवसीय सत्र में प्रधानमंत्री का नाम लिए बगैर उनकी शैक्षणिक योग्यता पर एक बार फिर सवाल किया। सत्र में प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव भी पारित किया गया। प्रस्ताव के अनुसार, भाजपा ने लंबे समय तक आम आदमी पार्टी के विस्तार और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की बढ़ती लोकप्रियता को रोकने का प्रयास किया है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सत्र बुलाने में प्रक्रियागत खामियों को उठाते हुए मुख्यमंत्री को नोट लिखा था और ऐसा नहीं करने की सलाह दी थी।

मुख्यमंत्री को कानूनी कार्रवाई की वी.के सक्सेना ने दी चेतावनी

● तीन पेज के लिखे पत्र में कहा कि उन पर लगाए गए आरोपों को लेकर पेश करें साक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और केजरीवाल सरकार के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गया है।

आप नेता एलजी पर दिल्ली सरकार के काम में बाधा डालने के आरोप लग रहे हैं वहीं अब सक्सेना ने भी मुख्यमंत्री केजरीवाल के नाम पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने आप नेताओं की ओर से उनके खिलाफ लगातार की जा रही टिप्पणियों को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है। इतना ही नहीं, बिजली सब्सिडी को लेकर लगे आरोपों पर एलजी ने सीएम से साक्ष्य भी मांगे हैं। साथ ही साक्ष्य नहीं देने पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है। उधर दिल्ली सरकार से इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। उपराज्यपाल ने पत्र में कहा कि वह सरकार और पार्टी में आपके और आपके सहयोगियों की ओर से मेरे खिलाफ दिए जा रहे निराधार और झूठे बयानों के संबंध में जवाबदेही और जिम्मेदारी की मांग करते हुए पत्र लिख रहे है। आपके मंत्री और आप खुद मीडिया सहित अन्य जगहों पर झूठे, भ्रामक, आरोप लगाने वाले, अपमानजनक, मानहानि करने वाले बयान दे रहे हैं।

आडवाणी-खुराना जैसा उदाहरण पेश करें सीएम : भाजपा

● सिर्फ आरोप लगने पर ही दे दिया था पद से इस्तीफा : बिधूड़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि अपने सच्चरित्र और ईमानदारी की जो मिशाल भाजपा वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और मदन लाल खुराना ने पेश की थी।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी वैसा ही उदाहरण पेश करना चाहिए। इन दोनों नेताओं ने सिर्फ आरोप लगने पर ही लोकसभा और दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे दिया था। जबकि केजरीवाल से तो सीबीआई ने पूछताछ भी कर ली है।

विधानसभा के विशेष सत्र में बिधड़ी ने कहा कि अगर सीबीआई और ईडी ने फर्जी मुकदमे बनाए हैं तो फिर पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत क्यों नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि इन एजेंसियों ने जो मुकदमे दर्ज किए, वे खुद दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव नरेश कुमार की रिपोर्ट पर बनाए गए हैं। 8 जुलाई 2022 को मुख्य सचिव ने ही अपनी रिपोर्ट में लिखा था कि एक्साइज विभाग के मंत्री होने के नाते सिसोदिया ने उपराज्यपाल की मंजूरी के बिना ही नई आबकारी नीति में बदलाव कर दिए। उन्होंने कंपनियों की लाइसेंस फीस में 144.36 करोड़ रुपए की छूट दे दी, लाइसेंस धारकों को लाभ पहुंचाने के लिए बीयर से आयात शुल्क हटा दिया और शर्तें पूरी न करने पर एक कंपनी को 30 करोड़ रुपए वापस कर दिए जबकि उन्हें जब्त किया जाना चाहिए था।

नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि सिसोदिया करीब दो महीने से और सत्येंद्र जैन करीब एक साल से जेल में हैं लेकिन कई कोशिशों के बावजूद अदालत उनकी जमानत स्वीकार नहीं कर रही। सिसोदिया के बारे में विशेष न्यायाधीश के फैसले का जिक्र करते हुए बिधूड़ी ने कहा कि न्यायालय ने साफतौर पर कहा कि सिसोदिया ने आपराधिक साजिश में सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और सिसोदिया आपराधिक साजिश के उद्देश्यों को हासिल करने के लिए आबकारी नीति को बनाने और उसे लागू करने में शामिल थे।

बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल अन्ना हजारे को कभी अपना गुरू कहते थे, वह अब कह रहे हैं कि कुछ दोष दिखाई दे रहा है, इसीलिए पूछताछ हो रही है। अगर गलती की है तो सजा मिलनी ही चाहिए।

केजरीवाल के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

● सदन में जनता से जुड़े मुद्दों पर आखिरी चर्चा 29 मार्च 2022 को हुई थी : सचदेवा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सीएम आवास क बाहर प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने शराब घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर विधानसभा के पास विरोध प्रदर्शन किया। कुछ प्रदर्शनकारी बैरिगेटिंग तोड़ कर आगे बढ़ने की कोशिश किए तो पुलिस ने पानी की तेज धार छोड़कर उन्हें खदेड़ दिया।

इस दौरान पुलिस ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा समेत कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर सिविल लाइन्स पुलिस थाने ले गई। बाद में उन्हें छोड़ दिया। वीरेन्द्र सचदेवा ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने केजरीवाल सरकार से पांच सवाल पूछे थे जिसका अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है क्योंकि उनके पास सवालों का जवाब नहीं है। सीबीआई के दफ्तर से बाहर आते ही केजरीवाल ने खुद को क्लिन चीट दे दी लेकिन उन्हें यह भी समझना होगा कि अभी जांच शुरु हुई है। उन्होंने कहा कि विधानसभा का सत्र जनता से जुड़े मुद्दों और समस्याओं पर चर्चा के लिए बुलाया जाता है, लेकिन विधानसभा में जनता से जुड़े मुद्दों पर आखिरी चर्चा 29 मार्च 2022 को हुई थी और उसके बाद 11 बैठकें हो चुकी है लेकिन उनमें जनता की समस्याओं या मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं हुई। केजरीवाल जो भी विधानसभा सत्र बुलाते हैं वह अपने भ्रष्टाचार को छिपाने और उस पर लीपापोती करने के लिए बुलाते हैं। सचदेवा ने कल विधानसभा अध्यक्ष के धरने पर बैठने पर सवाल खड़े किए और कहा कि विधानसभा अध्यक्ष एक संवैधानिक पद ही नहीं बल्कि एक संस्था है और उसकी अपनी एक मर्यादा है लेकिन कल केजरीवाल के समर्थन में खड़े होकर विधानसभा अध्यक्ष ने इस पद को शर्मसार किया। सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि आज भाजपा उन बहनों की लड़ाई लड़ रही है जो मंदिरों, स्कूलों और मार्केट के अंदर शराब के ठेके खोलवाने के खिलाफ संघर्ष किया था।

आप ने शैली पर फिर जताया भरोसा महापौर के लिए नामांकन दाखिल

मेयर पद के शैली और महापौर के लिए आले मोहम्मद नामांकन दाखिल करते हुए।

● उपमहापौर के लिए आले मोहम्मद को भी प्रत्याशी बनाया गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के महापौर और उपमहापौर के लिए होने जा रहे चुनाव में आम आदमी पार्टी ने शैली ओबेरॉय और आले मोहम्मद इकबाल को एक बार फिर से मैदान में उतारा है। आप मेयर शैली ओबेरॉय एक बार फिर महापौर प्रत्याशी होंगी। वहीं, उपमहापौर आले मोहम्मद इकबाल को भी फिर से डिप्टी मेयर का प्रत्याशी बनाया गया है। शैली ओबेरॉय ने सोमवार को अपरा नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है।

राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आम आदमी पार्टी की तरफ से शैली ओबरॉय फिर से महापौर और आले मोहम्मद इकबाल उपमहापौर पद पर प्रत्याशी होंगे। शैली द्वारा सीमित कार्यकाल में किए गए अच्छे कार्योंको देखते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने फिर से उन्हें महापौर का प्रत्याशी बनाने का निर्णय लिया है। पिछली बार की तरह इस बार भी आम आदमी पार्टी 26 अप्रैल को होने वासले मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव भारी मतों से जीतेगी।

इस बीच संजय सिंह और शिक्षा मंत्री आतिशी की मौजूदगी में शैली ओबरॉय ने सोमवार को सिविक सेंटर में मेयर पद के लिए नामांकन किया।

वहीं डिप्टी मेयर पद पर आले मोहम्मद इकबाल ने भी नामांकन किया है। इसके बाद संजय ने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है जो जनादेश नहीं मानती है।

उनकी राजनीति खरीद-फरोख्त की है लेकिन दिल्ली की जनता ने केजरीवाल पर भरोसा जताया है। इसके जरिए दिल्ली मॉडल पर मुहर लगाई है। भाजपा के 15 साल के कुशासन को जनता ने खत्म कर दिया है। पिछली बार उन्होंने तीन बार हंगामा किया और सदन के अंदर हिंसक प्रदर्शन किया।

उनका यही चरित्र हैं जिसे पूरे देश ने देखा था। शैली ने कहा दिल्ली की जनता को उनसे बहुत उम्मीदें हैं।

वह दिल्ली को नए रूप में देखना चाहते हैं। वह पूरी कोशिश करेंगी कि आने वाले समय में जनता की उम्मीदों पर खरा उतरें।

मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ी

आबकारी मामला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी की एक विशेष अदालत ने कथित आबकारी घोटाले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दायर क्रमश: भ्रष्टाचार और धनशोधन मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत अवधि सोमवार को बढ़ा दी।

दोनों मामलों में सिसोदिया की न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर उन्हें विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल के समक्ष पेश किया गया। उसके बाद अदालत ने सीबीआई मामले में सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 27 अप्रैल तक और ईडी मामले में 29 अप्रैल तक बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान, विशेष लोक अभियोजक नवीन कुमार मट्टा ने न्यायाधीश से कहा कि धनशोधन निवारक एजेंसी के इस माह के अंत तक सिसोदिया और अन्य सह-आरोपियों- अरुण पिल्लई और अमनदीप ढाल के खिलाफ पूरक आरोप-पत्र दायर करने की संभावना है। अदालत धनशोधन मामले में सिसोदिया की जमानत याचिका पर मंगलवार को दलीलें सुनेगी। विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में सिसोदिया की जमानत अर्जी 31 मार्च को यह कहते हुए खारिज कर दी थी।

अदालत ने कहा था कि ऐसे समय में वरिष्ठ आप नेता की रिहाई से मामले में चल रही जांच बुरी तरह प्रभावित होगी। सीबीआई और ईडी ने 2021-22 की दिल्ली आबकारी नीति के निर्माण और उसे लागू करने में कथित भ्रष्टाचार तथा धनशोधन के मामले में सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। यह नीति बाद में निरस्त कर दी गई थी।

जबरन वसूली मामलों में इनामी बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। जबरन वसूली और डकैती के मामले में फरार इनामी बदमाश को अपराध शाखा ने नेताजी सुभाष प्लेस से गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान प्रवीण उर्फ राजकुमार के रूप में हुई है। वह हरियाणा का हिस्ट्रीशीटर है। इसी मामले में उसे भगोड़ा घोषित किया गया था। विशेष पुलिस आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि गौरव अरोड़ा नाम के व्यक्ति की शिकायत पर रोहिणी थाने में मामला दर्ज किया गया था। अपनी शिकायत में शिकायतकर्ताने बताया था कि 19 अक्टूबर 2022 को चार अज्ञात व्यक्ति खुद को राजस्व खुफिया निदेशालय के अधिकारी होने का दावा कर के उसके घर में घुसे थे।

'डीयू कॉलेजों के कार्यक्रमों में पंजीकृत छात्रों को दे प्रवेश'

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने अपने कॉलेजों से कहा है कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में केवल पहले से पंजीकृत छात्रों को ही आने की अनुमति दी जाए।

विश्वविद्यालय ने कॉलेजों को ऐसे कार्यक्रमों में प्रवेश करने वालों पर नजर रखने के लिए पुलिस की मदद से डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर भी लगवाने को कहा। डीयू ने कॉलेजों और विभागों को कार्यक्रम और विभिन्न फेस्ट आयोजित करने के लिए 17 सूत्री परामर्श जारी किया है जिसमें कहा गया है कि कार्यक्रम की जिम्मेदारी कॉलेज और विभाग के अधिकारियों की होगी।

विश्वविद्यालय के इंद्रप्रस्थ कॉलेज फॉर वुमैन के छात्रों ने आरोप लगाया था कि 28 मार्च को उनके एक कार्यक्रम में अज्ञात लोगों ने बदसलूकी की। इस घटना के बाद छात्रों ने प्रदर्शन किया और प्राचार्य के इस्तीफे की मांग की। इसके बाद विश्वविद्यालय का निर्देश आया है।

संक्षिप्त समाचार

पूर्व पीएम चंद्रशेखर सिंह की जयंती पर एक कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, यूपी के कैबिनेट मंत्री दयाशंकर सिंह और संजय शेरपुरिया।

चंद्रशेखर सिंह की जयंती पर दो पुस्तकों का विमोचन

नई दिल्ली। देश के पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर सिंह 96वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित सेमिनार में संजय शेरपुरिया द्वारा लिखित 'जल प्रबंधन-जल संरक्षण' और प्रो. एचएन शर्मा द्वारा संकलित प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात पुस्तक का विमोचन किया गया। नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र और युवा भारती ट्रस्ट के संयुक्त संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार पदमश्री राम बहादुर राय, पीएस राय, एचएन शर्मा, जसीम मोहम्मद, डॉ. दौलत राम समेत बड़ी संख्या में लोगों ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर सिंह के विचारों और कार्यों के साथ जल को प्रदूषित होने से बचाने और संरक्षण पर विस्तार से चर्चा की।

आशुतोष एबीवीपी के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक नियुक्त

नई दिल्ली। उत्तराखंड के देहरादून में सम्पन्न हुई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की केन्द्रीय कार्यसमिति बैठक में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशुतोष सिंह को नियुक्त किया है। यह घोषणा अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजशरण शाही ने की। आशुतोष सिंह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के अमेठी के रहने वाले है और दिल्ली विश्वविद्यालय में पीएचडी कर रहे है। इससे पहले वह वर्ष 2018 से 2021 के मध्य तक दिल्ली प्रदेश मीडिया संयोजक सहित विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया।

मोहल्ला बस योजना से सार्वजिनक परिवहन को मिलेगा बढ़ावा

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ की परामर्श बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने मोहल्ला बस योजना की रूपरेखा विकसित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ परामर्श कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

सभी वैश्विक विशेषज्ञों ने केजरीवाल सरकार की मोहल्ला बस योजना का स्वागत किया और इसे लास्ट माइल कनेक्टिविटी समस्या को हल करने की दिशा में गेम चेंजर माना। परिवहन मंत्री ने दावा किया कि मोहल्ला बस योजना से सार्वजिनक परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। बैठक को संबोधित करते हुए, परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा किए गए रूट रेशनलाइजेशन अध्ययन, जिसने सार्वजनिक परिवहन उपयोगकर्ताओं की जरूरतों और मांगों को समझा, ने दिल्ली में मोहल्ला बसों को शुरू करने का मार्ग प्रशस्त किया है। ये बसें दिल्ली में कम दूरी के लिए चलेंगी और आसपास के इलाकों में ट्रांसपोर्ट हब जैसे मेट्रो स्टेशनों सहित महत्वपूर्ण जगहों को जोड़ेगी।

मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में दिल्ली सरकार अपने नागरिकों को विश्वस्तरीय सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मोहल्ला बसों की शुरुआत और विभिन्न परिवहन साधनों के एकीकरण के साथ, हमारा लक्ष्य सार्वजनिक परिवहन के मामले में दिल्ली को दुनिया के शीर्ष 10 शहरों में से एक बनाना है।

हम परेशानी मुक्त संचालन सुनिश्चित करने के लिए भी कदम उठा रहे हैं, जिसमें इलेक्ट्रिक बसों को रखने के लिए नई जगह ढूंढना और बस डिपो का विद्युतीकरण करना शामिल है। आने वाले वर्षों में, हम विभिन्न परिवहन साधनों को एक विश्वसनीय, सस्ती, सुविधाजनक और उच्च-आवृत्ति मल्टी-मोडल परिवहन प्रणाली में एकीकृत करने की योजना बना रहे हैं। केजरीवाल सरकार शहर की सड़कों पर छोटे आकार की इलेक्ट्रिक मोहल्ला बसें चलाकर शहर की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में क्रांति लाने के लिए तैयार है।

इस कदम का उद्देश्य उन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए परिवहन पहुंच में सुधार करना है जहां सड़क की चौड़ाई कम है या जहां भीड़भाड़ के कारण नियमित 12-मीटर बसें नहीं चल सकती हैं। मोहल्ला बस योजना की घोषणा इस साल की शुरुआत में दिल्ली के वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ने की थी। कैलाश गहलोत के पास ही परिवहन मंत्री का पोर्टफोलियो भी है। इस योजना का उद्देश्य घरों के आस-पास बस सेवा प्रदान करने के लिए 9 मीटर लंबी इलेक्ट्रिक बसों को तैनात करना है।

नांगलोई इलाके में सिलेंडर में विस्फोट के बाद मकान ढहा, आठ लोग घायल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली के नांगलोई इलाके में एलपीजी सिलेंडर में विस्फोट के बाद सोमवार तड़के एक मकान ढह गया जिसमें आठ लोग घायल हो गए। वहीं एक अन्य घटना में पश्चिमी दिल्ली के टैगोर गार्डन इलाके में रविवार रात एक मकान ढह गया। जिसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली दमकल सेवा को सुबह करीब पांच बजकर 15 मिनट पर घटना की सूचना दी गई।

एक अधिकारी ने बताया कि दमकलकर्मियों ने आठ लोगों को बाहर निकाला और उन्हें जनता एवं पुलिस की मदद से एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं रविवार रात करीब 11 बजे पश्चिमी दिल्ली के टैगोर गार्डन इलाके में एक मकहान गिर गया। दमकल अधिकारियों ने बताया कि यह मकान टैगोर गार्डन में एक मेट्रो स्तंभ के सामने था और दमकल की तीन गाड़ियों को राहत बचाव के लिए घटनास्थल पर भेजा गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

सदर की फोटो फ्रेम की दुकान में लगी आग

मध्य दिल्ली के सदर बाजार इलाके में स्थित एक फोटो फ्रेम की दुकान में सोमवार को आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दमकल अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब 11 बजकर 31 मिनट पर उन्हें आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद दमकल की 11 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। अधिकारी ने बताया कि आग दुकान की तीसरी मंजिल पर बने अस्थाई ढांचे में लगी थी। उन्होंने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दोपहर 12 बजकर 50 मिनट पर आग पर काबू पा लिया।

गोधन की रक्षा, सुरक्षा करना हम सबका कर्तव्य : नवीन गोयल

गुरुग्राम। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि गौवंश की रक्षा और सुरक्षा करना हमारा कर्तव्य है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार बनने पर हरियाणा में गौसेवा आयोग का गठन किया गया।

सरकार गौरक्षा के लिए कृतसंकल्प है। घायल, बीमार गायों को अस्पताल पहुंचाकर उन्हें उचित उपचार दिलाने के लिए जो भी सुविधाएं चाहिए, उनके लिए सरकार से पैरवी की जाएगी। यह बात उन्होंने गऊ रक्षा हिन्दू दल की ओर से गऊओं के लिए एंबुलेंस दिलाने की मांग का समर्थन करते हुए दल के सदस्यों के समक्ष कही। नवीन गोयल ने कहा कि मनोहर सरकार में

गौशालों के लिए सबसे अधिक बजट दिया जाता है। करीब 420 करोड़ रुपये का बजट गौशालाओं को जारी किया गया। समय-समय पर स्वयं मुख्यमंत्री मनोहर लाल और मंत्रिमंडल के सदस्य गौशालाओं में पहुंचकर अन्य सुविधाएं देने में अग्रणी रहते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क पर घूमते हुए गौधन वाहनों से टकराकर घायल हो जाता है। उन्हें तुरंत अस्पताल में पहुंचाया जाए, इसके लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था के वे भी पक्षधर हैं।

बिना किसी भेदभाव के त्वरित न्याय देने को गंभीरता से किए जा रहे हैं प्रयास: जेपी दलाल

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कष्ट निवारण समिति की बैठक में किया 11 परिवादों का निपटारा

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जयप्रकाश दलाल की अध्यक्षता में सोमवार को स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक के एजेंडे में शामिल 15 परिवादों की सुनवाई करते हुए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने 11 मामलों का निपटारा किया जबकि 4 मामलों में अगली बैठक तक अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने बैठक में पहुंचे अन्य लोगों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंत्री जेपी दलाल ने बैठक में कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश, सुशासन और जवाबदेह प्रशासन के प्रति कृतसंकल्प है। लोगों को बिना किसी भेदभाव के त्वरित न्याय मिले इसके लिए धरातल पर गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने गांव हरसरू के किसानों द्वारा खेतों में हाईटेंशन तार के लिए पोल लगाने के मामले में संज्ञान लेते हुए हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नई लाईन के

गुरुग्राम के स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में मामलों की सुनवाई करते हुए हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल।

लिए जब भी डिजाईन तैयार किया जाए तो उसमें कृषि योग्य भूमि को जितना संभव हो उतना बचाया जाए।

कृषि मंत्री ने लेजर वैली पार्क के रख रखाव व पार्क में लगे म्यूजिकल फाउंटेन को पुन: शुरू करने की शिकायत पर सुनवाई करते हुए जीएमडीए के अधिकारियों को अगले 15 दिनों में वहां काम शुरू करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी शहर को विकसित करने में पार्क का बड़ा महत्व होता है। ऐसे में गुरुग्राम जैसे महानगर में लेजर वैली जैसे प्रमुख पार्क का रखरखाव व वहां मौजूद सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए प्रमुखता से कार्य करना होगा। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि पार्क के सौंदर्यीकरण में उनके निर्देशों की क्या पालना हुई है यह सुनिश्चित करने के लिए वे स्वयं भी पार्क का मौका मुआयना करेंगे। बैठक में पिछली बैठक से लंबित चले आ रहे एक परिवाद में गांव दरबारीपुर से आए शिकायतकर्ता ने बताया कि गांव की गलियों में सीवर लाइन डालने के दौरान उनकी गली में करीब 150 फुट की दूरी में सीवर लाइन नही डाली गई थी। शिकायतकर्ता ने समिति का धन्यवाद करते हुए कहा कि पिछली बैठक में कृषि मंत्री के निर्देशों के तहत उनकी सीवर लाइन डालने का काम पूरा हो चुका है व मौके पर उनकी गली को पक्का करने का काम भी जारी है।

जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने एक शिकायत के संदर्भ में डीसी को निर्देश दिए कि वे एयरफोर्स स्टेशन के पास 900 मीटर के दायरे व सेक्टर 17 व 18 की डिवाइडिंग रोड पर जो भी सरकारी जमीन है, उसका सर्वे करवाकर वहां से कब्जा हटवाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार सेक्टर-48 स्थित सेंट्रल पार्क टू में बिल्डर द्वारा सिंगल लाइसेंस कॉलोनी में पार्टीशन कर प्रोजेक्ट कन्स्ट्रक्शन करने के मामले में उन्होंने निर्देश दिए कि डीसी संबंधित कॉलोनी का मौका मुआयना कर संबंधित बिल्डर का लाइसेंस, कॉलोनी के लेआउट प्लान चेक करने सहित आरडब्ल्यूए की शिकायतों का भी निवारण करें।

नागरिक अस्पताल में 18 घंटे बाधित रही बिजली, मरीज, स्टाफ सब रहे परेशान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

अस्पताल चाहे सरकारी हो या प्राइवेट, अगर वहां पर बिजली की आपूर्ति कुछ मिनट भी बाधित हो जाए तो स्थिति बदहाल हो जाती है। बड़े ताज्जुब की बात है कि गुरुग्राम के सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में एक नहीं दो नहीं, पूरे 18 घंटे से अधिक समय तक बिजली सप्लाई बाधित रही। इस दौरान जहां मरीजों का गर्मी में बुरा हाल रही, वहीं स्टाफ ने मोबाइल की रोशनी में अपना काम किया। यहां बिजली की कोई खास वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं थी।

जानकारी के अनुसार रविवार की रात करीब 9 बजे नागरिक अस्पताल में बिजली की सप्लाई बाधित हुई थी। इस कारण अस्पताल में

गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में बिजली बाधित होने से अंधेरे में मोबाइल की लाइट जलाकर बैठे मरीज व उनके तिमारदार।

अंडरग्राउंड फिटिंग में बिजली की तारों में खराबी बताया गया। अस्पताल के बिजली विभाग की टीम को कई घंटे तक यह ही समझ नहीं आया कि आखिर फाल्ट किस जगह पर है। कहां से वे बिजली ठीक करें। इसी माथापच्ची में रात भी निकल गई। बिजली बाधित होने के कारण यहां मरीजों और स्टाफ की हालत खराब रही। गर्मी में कोई अपने कपड़े से हवा करके समय बिता रहा था तो कोई अस्पताल प्रशासन को कोस रहा था। अस्पताल में कहने को तो इनवर्टर से कुछ स्थानों पर बिजली सप्लाई का दावा किया गया, लेकिन वह नाकाफी था। अस्पताल में बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए कहने को तो एक बड़ा जनरेटर है, लेकिन वह चालू हालत में नहीं है। बताया गया कि यह जनरेटर पिछले डेढ़ साल से खराब पड़ा है। जब भी यहां कुछ समय के लिए बिजली बाधित होती है तो अस्पताल के पीएमओ व उनके अधीन अधिकारी व्यवस्था दुरुस्त करने के आदेश, निर्देश तो पारित करते हैं, लेकिन बाद में कोई ध्यान नहीं देता। लाखों का जनरेटर यहां कबाड़ में तब्दील होता जा रहा है।

यहां-यहां पर हुई अधिक परेशानी

बिजली बाधित होने के कारण अस्पताल में ओपीडी कार्ड बनाने में बाधा आई। मरीजों की सुबह से ही लंबी लाइनें लगी रही, लेकिन बिजली नहीं के कारण कंप्यूटर नहीं चल पाए। ऐसे में ओपीडी में भी कुछ खास काम नहीं हो पाया।

अस्पताल के अधिकारी डैमेट कंट्रोल करने के लिए यह तो कहते रहे कि स्वास्थ्य सेवाओं पर बिजली बाधित होने का कोई असर नहीं पड़ा है, लेकिन हकीकत में तो काम हुए ही नहीं। अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे व प्रयोगशालाओं में काम नहीं हो पाया। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, निकू वार्ड, गायनी वार्ड, ब्लड बैंक आदि विभागों में एक छोटे जनरेटर से इनवर्टर को चार्ज किया गया, तब वहां बिजली का काम हो पाया।

सामाजिक समरसता के रूप में मनेगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव : जीएल शर्मा

23 अप्रैल की शाम शक्ति नगर के परशुराम भवन में होगा भव्य आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

भगवान परशुराम का जन्मोत्सव शहर में सामाजिक समरता के रूप में मनाया जाएगा। 23 अप्रैल की शाम पटौदी चौक के पास शक्ति नगर स्थित भगवान परशुराम भवन में भव्य आयोजन होगा, जिसमें सर्व समाज के लोग भगवान परशुराम के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेंगे। कार्यक्रम आदर्श ब्राह्मण सभा की ओर से किया जाएगा। इसके लिए आदर्श ब्राह्मण सभा ने तैयारियां आरंभ कर दी है।

इन्हीं तैयारियों के मद्देनजर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं हरियाणा डेयरी सहकारी विकास प्रसंघ के चेयरमैन जीएल शर्मा के निवास पर उनकी अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें सर्व समाज की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। कार्यक्रम की रूपरेखा उपरांत जीएल शर्मा ने कहा कि भगवान

सामाजिक समरसता कार्यक्रम को लेकर बैठक लेते जीएल शर्मा।

परशुराम ने समाज को समरसता की राह दिखाई। भगवान परशुराम सामाजिक समरसता के जनक थे। धर्म की स्थापना के लिए भगवान परशुरामजी ने प्रत्येक युग के किसी न किसी कालखंड में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। आज भी भगवान परशुरामजी महेन्द्र पवज्त पर समाधिस्थ हैं। अष्ट चिरंजीवियों में शामिल अजर-अमर अविनाशी भगवान परशुरामजी अपने भक्तों को दर्शन प्रदान करते हैं। जीएल शर्मा ने कहा कि भगवान परशुरामजी ने सामाजिक न्याय तथा समानता की स्थापना के उद्देश्य से तथा समाज के शोषित तथा पीड़ित वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए शस्त्र उठाया। भगवान परशुराम केवल ब्राह्मण समाज के ही नहीं, बल्कि सर्व समाज के ईष्ट हैं। इसलिए आदर्श ब्राह्मण सभा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव सामाजिक समरसता के रूप में मना रही है।

एमजी मोटर इंडिया ने स्मार्ट इलेक्ट्रिक वाहन का उत्पादन शुरू होने का संकेत देते हुए अपना पहला 'कॉमेट' पेश किया

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून

एमजी मोटर इंडिया ने अपने स्मार्ट इलेक्ट्रिक वाहन-कॉमेट का उत्पादन शुरू करने की घोषणा की है और गुजरात में हलोल प्लांट से इसकी पहली यूनिट सड़क पर उतार दी गई है। विश्वप्रसिद्ध जीएसईवी प्लेटफॉर्म पर आधारित, एमजी कॉमेट में इनोवेटिव और भविष्य की डिज़ाईन लैंग्वेज है, जो सभी का ध्यान आकर्षित करेगी।

जीएसईवी प्लेटफॉर्म की मुख्य विशेषताओं में से एक है। इसकी बहुमुखी उपयोगिता और केबिन में विशाल जगह। इसलिए यह शहरी कम्यूटर्स के लिए उत्तम है। यह प्लेटफॉर्म उपयोग को आसान बनाने पर ध्यान केंद्रित करके विकसित किया गया है, जो भीड़ भरी सड़कों पर सुगम मैन्योवरिंग और आसानी से पार्क करने की क्षमता प्रदान करता है। जीएसईवी प्लेटफॉर्म पर बने वाहन विश्व के बाजारों में बहुत सफल रहे हैं, और अभी तक इनकी एक मिलियन से ज्यादा यूनिट्स बेची जा चुकी हैं।

जीएसईवी प्लेटफॉर्म के लिए सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें ठोस स्टील का ढांचा वाहन की बॉडी के लिए बहुत मजबूत आधार प्रदान करता है, और एयरबैग्स यात्रियों की अधिकतम सुरक्षा प्रदान करते हैं। एमजी कॉमेट में सुरक्षा का स्तर और ज्यादा बढ़ गया है। इसमें पूरी व्हाईट बॉडी में फैले 17 हॉट स्टैंपिंग पैनल हैं, जिससे वाहन की सुरक्षा और ज्यादा मजबूत बन जाती है। पहला प्रोडक्शन कॉमेट वाहन सड़क पर उतारने के बारे में बीजू बालेंद्रन, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, एमजी मोटर इंडिया ने कहा, ''नीलसन द्वारा हाल ही में किए गए अर्बन

मोबिलिटी हैप्पीनेस सर्वे में सामने आया कि आवागमन के मामले में शहरी कम्यूटर्स की पसंद कंपैक्ट स्मार्ट वाहनों की ओर है। एमजी में हम इनोवेटिव और सस्टेनेबल मोबिलिटी समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एमजी कॉमेट के साथ हम भविष्य का एक व्यवहारिक अर्बन इलेक्ट्रिक वाहन पेश करेंगे, जिसमें ड्राईविंग को मजेदार बनाने वाली अनेक विशेषताएं होंगी। प्रोडक्शन श्रृंखला से बाहर आने वाले पहले कॉमेट वाहन के साथ हमें भारत के एक नए ईवी भविष्य की शुरुआत करने की खुशी है।'' इसके अलावा, कॉमेट में अनेक स्मार्ट विशेषताएं हैं, जो जीएसईवी प्लेटफॉर्म को और ज्यादा बेहतर बना देती हैं। इनमें इंटरनेट ऑफ वैहिकल्स (आईओवी), मल्टीमीडिया एवं कनेक्टेड फीचर्स शामिल हैं।

180 लोगों ने करवाई नेत्र जांच

फरीदाबाद। सेक्टर-22 स्थित संजय कालोनी स्थित आशा कान्वेंट स्कूल के प्रांगण में मानव जनहित एकता परिषद के तत्वाधान में केवल प्रेम आंख अस्पताल फरीदाबाद के सहयोग से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आशा कान्वेंट स्कूल के चेयरमैन राजेश मदान ने कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभांरभ किया। शिविर में निशुल्क लगभग 180 लोगों ने आंखों की जांच कराई। शिविर में लोगों को निशुल्क चश्में व दवाइयां भी वितरित की गई जबकि 15 मरीजों को आंखों के निशुल्क ऑपरेशन के लिए केवल प्रेम आंखों के अस्पताल फरीदाबाद में भेजा गया। निशुल्क दांतो का शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें लगभग 50 लोगों ने अपने दांतो की जांच कराई केएमसी हॉस्पिटल के द्वारा निशुल्क बीपी, शुगर, ईसीजी की जांच की गई। मानव जनहित एकता परिषद के सचिन तंवर ने कहां की सभी सामाजिक धार्मिक संस्थाओं को इस तरह के कैंपों का आयोजन करना चाहिए ताकि जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके।

मॉकड्रिल कर विद्यार्थी व शिक्षकों को आग को काबू करने का प्रशिक्षण दिया

अग्निशमन विभाग द्वारा मनाया जा रहा सुरक्षा सप्ताह का तीसरा दिन

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

अग्निशमन विभाग ने सुरक्षा सप्ताह मनाते हुए शहर के राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आग की घटना पर काबू पाने के लिए डैमो दिखाते हुए जागरुक किया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों से लेकर शिक्षकों मास्क ड्रिल में शामिल करते हुए जागरुक किया।

घर की रसोई से लेकर मकान, दुकान, कारोबार और खेत खलिहान में लगी आग पर कैसे काबू पाया जाता है। आग से होने वाली हानि को कैसे बचाया जा सकता है। आग को काबू करने में कौन-कौन से मुख्य तीन बिन्दु है। आग की घटनाओं से निपटने के गुरु अग्निशमन विभाग की टीम ने सुरक्षा सप्ताह मनाते हुए

सोहना के राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सोमवार को अग्निशमन विभाग की टीम सुरक्षा सप्ताह मनाने के दौरान मॉकड्रील के माध्यम से अध्यापिका को रसोई गैस सिलेंडर में लगी आग को काबू करने का प्रशिक्षण देते हुए।

राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों से लेकर अध्यापक और प्राध्यापकों को गुर सिखाएं गए।

स्थानीय फायर स्टेशन के प्रभारी देवेन्द्र सिंह सोमवार को राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूल में टीम के साथ पहुंचे। जहां पर उन्होने मॉकड्रील करते हुए आग की घटना पर काबू पाने के आसान से आसान तरीके अपनाएं गए।

आग पर काबू पाने में उपयोग होने वाले यंत्रों को चलाने के नियम व तरीके बताएं गए। विशेष रुप से घर की रसोई में आग लगने के दौरान गैस सिलेंडर को कैसे सुरक्षित निकाला जाए। सिलेंडर में लगी आग को कैसे बिना डर के शांत किया जाएगा। टीम में शामिल जयवीर भड़ाना, धर्मबीर, शाहून, मनोज आदि ने बारी-बारी से मॉकड्रील में भाग लेते हुए जागरुक किया।

एनआईटी पांच नंबर में शौचालय का नवीनीकरण किया

फरीदाबाद। एनआईटी पांच नंबर स्थित पी-एल-एम-के-ब्लॉक चौक पर समाजसेवी परविंदर व स्थानीय दुकानदारों द्वारा सार्वजनिक शौचालय का नवीनीकरण कर उद्घाटन किया गया। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि समाजसेवी परविंदर राजपाल के अथक प्रयासों से यह कार्य संपन्न हो पाया। दुकानदारों ने बताया कि नगर निगम अधिकारियों से कई दौर की बातचीत के बाद यह काम समाजसेवी एवं आप नेता परविंदर राजपाल की मदद से पूरा हो पाया। इस शौचालय के रख रखाव नहीं होने के चलते धीरे-धीरे यह टॉयलेट खंडहर में तब्दील हो गया और इस पर ताला जड़ दिया गया। जिसके चलते बाजार में कोई भी टॉयलेट न होने के कारण जहां दुकानदारों व आने वाले ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस मौके पर स्थानीय निवासी एवं जिला टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट संदीप सेठी ने कहा कि सरकार के लिए बहुत ही बेहतरीन आय का स्त्रोत मार्केट होने के बावजूद यहां पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव रहा है।

पर्यावरण की सुरक्षा और इटली की भव्यता दोनों सिरका डी एक्वा पीयू के साथ

सिरका इंडिया अपनी लक्ज़री और इको फ्रेंडली कोटिंग डी' एक्वा पीयू के लॉन्च के साथ एक ग्रीनर और सुनहरे कल को कर रहा है ऑटोग्राफ

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

प्रीमियम वुड कोटिंग्स और वॉल टेक्सचर में लीडर सिरका ने पेश की है डी' एक्वा पीयू, जो एक नया औगमेंट पीयू पॉलिश है। इसके पर्यावरण के अनुकूल, कम वीओसी और साल्वेंट मुक्त फॉर्मूला के साथ, यह पानी आधारित कोटिंग भारतीय पेंट व्यापार में एक गेम चेंजर है। यह केवल ना ही गर्भवती महिलाओं के लिए सुरक्षित है, बल्कि बच्चों और बुर्जुगों के लिए भी अनुकूल है, यह तेजी से सूख जाता है, जिससे यह उन लोगो के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प बन जाता है, जो गुणवत्ता के साथ-साथ सुविधा की सराहना करते हैं।

संयुक्त प्रबंध निदेशक अपूर्व अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, सिरका में, हम जो कुछ भी

करते हैं, वह उत्कृष्टता के साथ करते हैं। हमें डी' एक्वा पीयू की पेशकश करते हुए खुशी हो रही है, एक ऐसा उत्पाद जो न केवल गुणवत्ता प्रदान करता है बल्कि पर्यावरण को भी संरक्षित करता है। हमारे अनुभवी कर्मचारी अनुसंधान और ज्ञान-आधारित पेशकश विकसित करने के लिए लगातार काम करते हैं जो बाजार की विभिन्न मांगों को पूरा करते हैं। पूरे भारत में फैले हमारे मजबूत डीलर और वितरण नेटवर्क के साथ, हमें विश्वास है कि डी' एक्वा पीयू जल्द ही हर घर में प्रसिद्द नाम बन जाएगा। सिरका में, हम ये मानते हैं कि घर सिर्फ रहने के लिए एक जगह नहीं है, बल्कि आपकी पहचान और व्यक्तित्व का प्रतिबिंब है। एक ब्रांड के रूप में हम इटली की भव्यता और शिल्प कौशल प्रदान करने पर गर्व महसूस करते हैं। सिरका भारतीय बाजारों में इस परिपक्व प्रोडक्ट की पेशकश करने के लिए उत्साहित है।

सिरका का क्रांतिकारी प्रोडक्ट, डी' एक्वा पीयू अपेक्षाओं को पार करने और सामान्य रूप से पेंट और पॉलिश के तरीके को बदलने के लिए तैयार है। सिरका पेंट्स एक उज्जवल भविष्य और आलिशान जीवन बिताने के लिए श्रेष्ठ विकल्प है। डी' एक्वा पीयू उन लोगों के लिए अनुकूल है जो अपने घरों को अधिक शानदार और प्रीमियम बनाना चाहते हैं। इसकी नेचुरल क्षमता वुड की ओरिजिनल शाइन को बरकरार रखती है, जिसके कारण फर्नीचर जैसे दरवाजे, विनियर, और ठोस लकड़ी के लिए यह एकदम सही है।

सरसों की लोडिंग हुई शुरु, 4900 क्विंटल वेयर हाउस में भेजी

सोहना। स्थानीय अनाज मंडी में किसानों से खरीदी गई सरसों की लदान शुरु हुआ। अब तक हुई कुल 4900 सौ सरसों को वेयर हाउस में भेज दिया गया है। स्थानीय अनाज मंडी में अब तक कुल 19000 क्विंटल सरसों की आवक हुई है।

सरकारी एजेंसी हेफेड द्वारा स्थानीय अनाज मंडी में सरसों की लोडिंग की कवायद शुरु करते हुए 4900 क्विंटल को वेयर हाउस में भेज दिया है। अनाज मंडी में अभी तक हेफेड ने 6800 क्विंटल सरसो की सरकारी खरीद की है। जबकि इस वर्ष मार्च से लेकर अब तक सरसो की कुल आवक 19 हजार के लगभग हुई है। मार्च माह में सरसो की सरकारी खरीद नहीं हुई थी। जिसका कारण बारिश व ओलावृष्टि में सरसो की फसल खराब होना और भिग जाने के कारण आद्रर्ता की मात्रा अधिक थी। किसानों की सरसों को मौसम में गरमाहट आने के साथ ही सरसो की नमी कम होती चली गई और 5 अप्रैल को पहले दिन किसानों की सरसो को सरकारी खाते में खरीदा था। हेफेड के इंस्पेक्टर मुकेश सिंह ने बताया कि वर्तमान में जो भी सरसो किसान द्वारा लाई जा रही है। उसमें नमी की मात्रा कम होने के कारण साथ के साथ ही खरीदा जा रहा है। उन्होने बताया कि हर दिन दो से तीन गाड़ियां सरसो की लोड करके वेयार हाउस में भेजी जा रही है। जिससे स्थनीय मंडी में फ्ड खाली हो रहे है। जिससे किसानों को सरसों बेचने के दौरान स्थान की कमी नहीं आएगी।

सोहना अनाज मंडी में किसानों द्वारा बिक्री के लिए लाई गई सरसों की सफाई करते हुए मजदूर।

ट्रूकॉलर ने लॉन्च किया एआई-पावर्ड 'फ्रॉड प्रोटेक्शन' : यूजर्स को स्कैमर्स से करेगा सुरक्षित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

ट्रूकॉलर पिछले एक दशक से धोखाधड़ी वाले फोन कॉल्स के बारे में यूजर्स को सतर्क करता रहा है। हम स्पैम एसएमएस पर लगाम लगाने के लिए कम्यूनिटी से मिले फीडबैक का उपयोग करते हैं। अब एसएमएस के ज़रिए धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखते हुए हम एआई-पावर्ड 'फ्रॉड प्रोटेक्शन' लेकर आए हैं। जिसमें यूज़र्स को धोखाधड़ी वाले मैसेज से सुरक्षित रखने के लिए यूज़र्स से मिले फीडबैक और हमारी प्रॉपराइटरी मशीन लर्निंग इंटेलीजेन्स का उपयोग किया गया है।

यह खासतौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी है जो धोखाधड़ी को समझ नहीं पाते और यह मान बैठते हैं कि उन्हें मिलने वाले मैसेज प्रमाणित बिज़नेस द्वारा भेजे गए हैं। वर्तमान में हमारा फ्रॉड प्रोटेक्शन सभी एंड्रोइड यूज़र्स के लिए उपलब्ध है, जो इंटेलीजेन्ट तरीके से धोखाधड़ी वाले मैसेजेज को पहचान लेता है। हमारा सिस्टम यूजर की रिपोर्ट के बिना धोखाधड़ी के नए तरीकों को भी स्वत: ही समझ जाता है।

नियमित स्पैम के विपरीत, फ्रॉड और स्कैम अक्सर दुर्भावनापूर्ण होते हैं। हमारे आस-पास हमेशा नए तरीके के फ्रॉड (धोखेबाजी के नए तरीके) पाए जाते हैं, जिन्हें खासतौर पर किसी वैद्य या प्रमाणित बिजनेस के नाम पर भेजा जाता है। इससे आम लोग आसानी से इन्हें सच मान लेते हैं और एक सैकण्ड के भीतर अपनी मेहनत से कमाए पैसों से हाथ धो बैठते हैं।

फ्रॉड प्रोटेक्शन कैसे करता है काम :

स्कैम और फ्रॉड की बात करें तो आप अकेले नहीं हैं। हमारे अनुमान के मुताबिक पिछले तीन महीनों में ट्रूकॉलर का इस्तेमाल करने वाले 100 मिलियन से अधिक लोगों को

कम से कम एक फ्रॉड एसएमएस मिला है। ये एसएमएस कई प्रकार के होते हैं, जिन्हें बिल पेमेंट, बैंक, जॉब ऑफर, केवायसी, लोन, चैरिटी, लॉटरी या अन्य नामों पर भेजा जाता है।

फ्रॉड प्रोटेक्शन पूरी से नि:शुल्क है और देश भर में ट्रूकॉलर के सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध है। यूजर को मिलने वाले हर फ्रॉड एसएमएस पर, ट्रूकॉलर स्पष्ट रूप से रैड नोटिफिकेशन देता है और यूजर को सतर्क करता है कि उसे इस पर कोई एक्शन नहीं लेना है। यह नोटिफिकेशन स्क्रीन पर तब तक बना रहता है, जब तक इसे मैनुअली न हटा दिया जाए। यहां इस बात पर ध्यान देना ज़रूरी है कि ट्रूकॉलर कोई मैसेजेज अपलोड नहीं करता। हमारे अडवान्स्ड एआई फिल्टर के चलते सभी प्रोसेसिंग डिवाइस पर स्थानीय रूप से होती है। अगर यूजर इस चेतावनी से चूक जाता है और फ्रॉड एसएमएस को खोल लेता है तो ट्रूकॉलर स्वत: ही सभी लिंक्स को डिसेबल कर देता है। इस एसएमएस थ्रेड को सिर्फ तभी एक्सेस किया जा सकता है अगर यूज़र संकेत दे कि मैसेज भेजने वाला सुरक्षित है। इस तरह धोखाधड़ी से सुरक्षा की एक और लेयर बन जाती है।

बीके :ओपीडी में गर्मी के कारण बेहोश हुई ट्रेनी स्टूडेंट

गर्मी से बेहाल मरीज, स्टाफ व ट्रेनी स्टूडेंट्स और चिकित्सक

कविता। फरीदाबाद

बेहोश हुई ट्रेनी स्टुडेंट बिस्तर पर लेते हुए। ओपीडी में बिजली गुल होने पर छाया अंधेरा। अस्पताल में बिजली न होने पर वार्ड के कक्ष के बाहर बैठ बच्चे की कार्ड से हवा करता पिता।

जहां एक तरफ तापमान 40 से 41 डिग्री पर पहुंच रहा है। वहीं दूसरी तरफ बीके सिविल अस्पताल में केवल पंखों से ही गर्मी को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। यहां लगे एसी इतनी गर्मी में पूरी तरह से बंद पड़े है। ऐसे में अगर बिजली चली जाए तो यहां हाहाकार मच जाता है। ऐसा ही बीके सिविल अस्पताल में देखने को मिला। करीब 12 बजे के आसपास बत्ती गुल हो जाने से ओपीडी में अंधेरा छा गया।

वहीं पंखे दस मिनट बंद रहने से यहां अंधेरे में मरीज परेशान हो गए। लिफ्ट, मशीनों के बंद होने से परेशानियां हुई। गर्मी के कारण जहां बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं सभी परेशान नजर आए। इस गर्मी के कारण एक ट्रेनी स्टूडेंट यहां बेहोश हो गई। आनन फानन में अन्य साथी स्टूडेंटों ने चिकित्सक को दिखाया और उसे एक अलग कक्ष में भर्ती करवाया।

स्टूडेंट बेहोश : चिकित्सकों की मदद को एसओएस और कई निजी अस्पतालों में नर्सिंग का कोर्स कर रहे स्टूडेंट बीके अस्पताल में ट्रेनिंग लेने आते हैं।

सोमवार को बीके अस्पताल में सर्वोदय अस्पताल की नर्सिंग स्टूडेंट ट्रेनिंग लेने आई थी। अपातकालीन कक्ष में तैनात अर्चिता नामक नर्सिंग स्टूडेंट गर्मी के कारण चक्कर आने से बेहोश हो गई। उसे अस्पताल में स्टाफ नर्सों के कक्ष में भर्ती करवाया गया।

कार्ड से हवा : अस्पताल में केवल पंखों से गर्मी का प्रकोप नहीं रूक रहा है। भर्ती बच्चों के परिजन उन्हें कार्ड या कागज से हवा करके राहत देने का कार्य करते नजर आ रहे हैं। सोमवार को बिजली गुल होने पर एक व्यक्ति वार्ड में कक्ष से बाहर निकलकर बच्चे को कार्ड से हवा करता नजर आया। बच्चों की नर्सरी में मौजूद मशीने भी बिजली गुल होने के कारण बंद हो गई।

रिपेयरिंग का इशु : कर्मचारी, चिकित्सक और मौके पर मौजूद लोग अस्पताल में हो रही रिपेयरिंग को बिजली जाने का कारण बता रहे हैं। जबकि बीके शहर का सबसे बड़ा अस्पताल है, ऐसे में यहां होट लाईन की सुविधाएं होनी चाहिए। लेकिन पिछले करीब 12 सालों से यहां बिजली गुल होने पर पूरी तरह से अंधेरा छा जाता है। जिस कारण मरीज-तीमारदार और यहां तक कि चिकित्सक और कर्मचारी टॉर्च की रोशनी में काम करते हैं।

दो अदालतों के तीन कर्मचारी रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार

एसीबी की दो टीमों ने एलमद, रीडर और नायब कोर्ट को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) पिछले काफी समय से जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत रिश्वतखोर अधिकारियों और कर्मचारियों पर शिकंजा कस रही है। अब जिले में पहली बार एसीबी की टीम ने अदालतों में कार्यरत तीन कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए सोमवार को दबोचा है। अदालत में प्रैक्टिस कर रहे दो वरिष्ठ अधिवक्ताओं की शिकायत पर एसीबी ने अलग अलग दो अदालतों में कार्यरत एक अहलमद, रीडर और नायब कोर्ट को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोचा है। एंटी करप्शन ब्यूरों तीनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर रही है।

जानकारी के मुताबिक सेक्टर-12 स्थित अदालत में प्रैक्टिस कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता ऋषिपाल शर्मा और विक्रांत गौड ने इस संदर्भ में एंटी करप्शन ब्यूरों के आला अधिकारियों से शिकायत की थी। उन्होंने ब्यूरो के अधिकारियों को बताया था कि अदालतों में कार्यरत कुछ कर्मचारी द्वारा उनसे जायज काम करने के बदले में भी रुपये की मांग की जाती है। जेएमआइसी तरूण चौधरी की अदालत में कार्यरत अहलमद सुमित और जेएमआईसी विशेष गर्ग की अदालत में कार्यरत रीडर हंसराज और नायब कोर्ट सब इंस्पेक्टर महेश कुमार द्वारा उनसे कुछ काम करने के बदले में रुपयों की मांग की जा रही है। उन्होंने तीनों आरोपियों को बाद में पैसे देने की बात कहकर एंटी करप्शन ब्यूरों के अधिकारियों से शिकायत कर दी।

एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने तीनों आरोपियों को पकड़ने के लिए दो अलग अलग टीमें गठित कर दी। दोनों टीमों के साथ नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किये गए। जिसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरों के अधिकारियों ने दोनों शिकायतकर्ता अधिवक्ताओं को पाउडर लगे नोट देकर अलग अलग टीमों के साथ भेज दिया। इनमें से एक अधिवक्ता ने जेएमआईसी तरूण चौधरी की अदालत में अहलमद के पद पर तैनात सुमित के पास जाकर दो हजार रुपये देने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को इशारा कर दिया। टीम ने तुरंत मौके पर पहुंच कर आरोपी को दबोच लिया। ठीक उसी समय के दौरान दूसरे शिकायतकर्ता ने जेएमआईसी विशेष गर्ग की अदालत में कार्यरत रीडर हंसराज और नायब कोर्ट एवं सब इंस्पेक्टर महेश कुमार को तीन हजार रुपये देकर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को इशारा दिया था। दूसरी टीम ने भी तुरंत कार्रवाई करते हुए इन दोनों आरोपियों को भी दबोच लिया। आरोपियों के कब्जे से पाउडर लगे नोट बरामद हो गए हैं। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम अपने कार्यालय ले गई। समाचार लिखे जाने तक इस संदर्भ में एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है।

नाबालिग लड़कियों की शादी कराने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

सीएम फ्लाइंग की टीम ने सीडब्ल्युसी के साथ मिलकर रुकवाई नाबालिग की शादी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

शादी कराने वाली महिला को ले जाती पुलिस कर्मी।

सेक्टर-58 की राजीव कालोनी में एक नाबालिग लड़की की हो रही शादी को सीएम फ्लाइंग की टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से रुकवा दिया। पूछताछ करने पर पता चला कि शादी करवा रही महिला ने डेढ़ साल पहले भी दो नाबालिग बहनों की शादी करवाई थी। जिसमें 15 साल की लड़की अब एक बच्ची की मां भी बन चुकी है। थाना सेक्टर 58 पुलिस मामला दर्ज करने की कार्रवाई कर रही है।

सीएम फ्लाइंग के डीएसपी राजेश चैची ने बताया सीडब्ल्यूसी के सदस्य सुनील यादव को किसी ने सूचना दी थी कि राजीव कालोनी में रहने वाली आशा नामक महिला और उसकी बहन गरीब तबके के लोगों को बहला फुसलाकर उनकी नाबालिग बेटियों की शादी बड़ी उम्र के ऐसे लोगों से है करवाती है, जिनकी पत्नी गुजर चुकी है या जिनकी शादी नहीं हो पा रही। यह भी पता चला कि वह सोमवार को भी एक नाबालिग लड़की की शादी करवा रही है। जांच के बाद सीएम फ्लाइंग की टीम ने मौके पर छापा मारकर शादी रूकवा दी। पूछताछ करने पर पता चला कि यह दोनों महिला करीब डेढ़ साल पहले 12 और 14 वर्षीय दो बहनों की शादी 25 साल और 40 के व्यक्ति से करवा चुकी है।

14 वर्षीय लड़की जो अब करीब 15 साल की है, वह एक बच्ची की मां भी बन चुकी है। अस्पताल में डिलिवरी के दौरान आरोपियों ने आधार कार्ड में गड़बड़ी की थी। इस लड़की ने बताया कि उसके जेठ और देवर भी उसके साथ अनैतिक कार्य करते हैं। शादी कराने वाली आरोपी महिलाएं अपने घर में ही पंडित बुलवा कर शादी करवाती है। पुलिस ने महिला को हिरासत में लिया है। पुलिस मामला दर्ज करने की कार्रवाई कर रही है।

80 लाख की 606 ग्राम स्मैक सहित दो आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने नशा तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रामबाबू और कुलदीप है। आरोपी रामबाबू उत्तर प्रदेश के शाहजापुर का रहने वाला है और फिलहाल उत्तर प्रदेश के बरेली में रह रहा था वहीं आरोपी कुलदीप रोहतक का निवासी है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी कुलदीप को सेक्टर 58 एरिया से अवैध नशे सहित काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से 606 ग्राम स्मैक बरामद की गई जिसकी बाजार में कीमत लगभग 80 लाख रुपए है। आरोपी कुलदीप को अदालत में पेश करके 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। जिसमें पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी ने बताया कि यह स्मैक वह आरोपी रामबाबू से लेकर आया था। जिसके पश्चात आरोपी कुलदीप की निशानदेही पर आरोपी राम बाबू को यूपी के बरेली से गिरफ्तार किया गया।

किशोर की हत्याकर शव बोरी में बंदकर फेंकने वाला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पुलिस गिरफ्त में आरोपी सूरज।

क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राकेश कुमार व उनकी टीम ने 13 वर्षीय नाबालिग की हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण ने बताया कि आरोपी सूरज तिगांव एरिया का रहने वाला है। 8 अप्रैल को 13 वर्षीय किशोर का शव आगरा कैनाल में एक कट्टे में बंद मिला था। पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि नाबालिग की हत्या गला घोंटकर की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी क्राइम ने क्राइम ब्रांच डीएलएफ को मामले की गुत्थी सुलझाने की जिम्मेदारी सौंपी। क्राइम ब्रांच की टीम ने कड़ी मशक्कत करते हुए सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी सहायता से आरोपी सूरज को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सूरज ने चोरी के शक के चलते नाबालिग की हत्या की थी। आरोपी ने बताया कि कुछ समय पहले तक नाबालिग व उसका परिवार आरोपी के मकान में रहते थे। आरोपी को शक हुआ कि मृतक उसके घर से पैसे चोरी करता हैं। अभी हाल ही में आरोपी को शक हुआ कि उसके घर से कुछ पैसे चोरी हुए हैं।। नाबालिग 6 अप्रैल की शाम अपने घर से बाहर गया था। आरोपी ने उसे बहला-फुसलाकर अपने घर पर बुला लिया। जहां पर उसका नाबालिग के साथ झगड़ा हुआ। गुस्से में आकर उसने तार से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। किसी को इसके बारे में पता नहीं चले इसके लिए अगले दिन अंधेरा होने के पश्चात आरोपी ने मृतक के शव को कट्टे में डाला।

अवैध हथियार सहित आरोपी चोर गिरफ्तार

फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी सुंदर सिंह की टीम ने चोरी व अवैध हथियार के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अफसर उर्फ मच्छर है।

जो मेवात जिले का रहने वाला है और फिलहाल कैली गांव में रहता है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को अवैध कट्टे सहित आदर्श नगर एरिया से काबू किया था। आरोपी से जब इसके बारे में पूछताछ की गई तो वह आनाकानी करने लगा। जिसके पश्चात आरोपी को थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ शुरू की गई।

पर्यटन केंद्रों से अवैध कब्जे हटाने के लिए आदेश

बैठक में प्रशासनिक, पुलिस, एमसीएफ और एचएसवीपी के वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

मुख्य सचिव संजीव कौशल फरीदाबाद के पर्यटन स्थलों की विकास योजनाओं और परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए।

हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता में विडियो कांफ्रेंस के जरिये बड़खल झील, सूरजकुंड सहित फरीदाबाद के अन्य पर्यटन स्थलों के विकास कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में फरीदाबाद के पर्यटन स्थलों की विकासात्मक योजनाओं और परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारी आपसी तालमेल करके अमलीजामा पहनाना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव संजीव कौशल ने एक-एक करके बड़खल झील, सूरजकुंड और लकडपुर क्षेत्र में पर्यटन विभाग की विकासात्मक योजनाओं और परियोजनाओं की बारीकी से समीक्षा कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में बड़खल गांव से अवैध कब्जे हटाने तथा विश्वस्तरीय बडखल झील के एंट्री प्वाइंट अनखीर चौक से झील तक पहुंचाने तथा सूरजकुंड वाली सड़क का सौंदर्यीकरण सहित बिजली सप्लाई से जुड़ी हुई लाइन तथा अन्य कार्य,सिवरेज व्यवस्था, स्ट्रीट लाइटिंग और अन्य मूलभूत विकास कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मंत्रणा कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं समीक्षा बैठक में विकासात्मक योजनाओं और परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए तथा आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली को आधुनिक तौर तरीकों के साथ विभागों तथा एजेंसियों से आपसी सहमति से करवाया जाने बारे बारिकी से चर्चा की गई। सड़कों पर स्ट्रीट लाइटिंग, इलेक्ट्रिकल वर्क, रोड, फुटपाथ, ग्रिल सहित तमाम पहलुओं पर बारीकी से समीक्षा की गई। वहीं बड़खल झील पर चल रहे जीर्णोद्धार कार्य बांध, पार्किंग, फुटओवर ब्रिज, एस्केलेटर, बाउंड्री वॉल, सीवर लाइन आदि के निर्माण कार्य के बेहतर क्रियान्वयन के लिए विस्तृत जानकारी लेकर समीक्षा की गई।

12 मेडिकल स्टोरों पर छापा, दो किए सील

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

श्रीबालाजी मेडिकल स्टोर सील करते ड्रग डिपार्टमेंट की टीम।

भारत मेडिकल स्टोर सील करते हुए

मेडिकल पर फ्रीज की जांच करते अधिकारी।

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की। इस दौरान जिले के 12 मेडिकल स्टोरों पर छापे मारे गए। जिसमें केवल दो दुकानों में दवा रखने के लिए पर्याप्त तापमान नहीं मिलने पर उन्हें सील कर दिया है। ड्रग कंट्रोलर ऑफिसर संदीप गहलान ने बताया कि उन्होंने ग्रेटर फरीदाबाद के चार और अन्य स्थानों पर आठ मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की। जिसमें दो दुकानें सील की। वहीं दीप मेडिकल स्टोर, कृष्णा मेडिकल स्टोर, मंगला मेडिकल स्टोर, मंगला मेडिकोज, मलिक मेडिकल स्टोर, मुस्कान मेडिकल स्टोर, शर्मा मेडिकल स्टोर पर फ्रीज चालू और ट्रेम्प्रेचर पूरा मिला।

यह है पूरा मामला: डीसीओ संदीप गहलान ने बताया कि गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने आदेशों में कहा था कि उन्हें शिकायतें मिल रही थी कि दवा दुकानदार रात को दुकान बंद करते समय मेन स्विच ऑफ कर देते हैं। जिससे वहां पर ठंडे तापमान में भंडारण के लिए रखे रेफ्रिजरेटर भी बंद हो जाते हैं और ऐसा करने से ठंडे तापमान में रखी जाने वाली दवाओं जैसे कि एंटी-रेबीज़ वैक्सीन, इन्सुलिन, टेटनस आदि की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ता है। जिसे देखते हुए प्रदेशभर में छापेमारी करके मेडिकल स्टोरों के फ्रीज की जांच के आदेश उन्होंने जारी किए थे। इसी कड़ी में 12 मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की गई। जिसमें दस मेडिकल स्टोरों में रखे फ्रीज चालू हालत में मिले। दो मेडिकल स्टोरों पर फ्रीज पूरी तरह से बंद मिले। जिसमें सेक्टर-24 स्थित भारत मेडिकल स्टोर और मुजेसर स्थित श्रीबालाजी मेडिकल स्टोर शामिल है। भारत मेडिकल स्टोर में दो एंटी रेबीज टीके और सात टेटनस के टीके बंद फ्रीज में मिले। वहीं मुजेसर स्थित बालाजी मेडिकल स्टोर पर तीन एंटी-रेबीज के इंजेक्शन और तीन टेटनस के टीके बंद फ्रीज में मिले। जिसे देखते हुए दोनो मेडिकल स्टोरों को सील कर दिया और दोनो के खिलाफ ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज करवा दिया।

संक्षिप्त समाचार

कोरोना: 134 पॉजिटिव मिले, 65 मरीज स्वस्थ हुए

फरीदाबाद। जिले में कोरोना के रोगियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सोमवार को जिले में सर्वाधिक 134 मरीज सामने आए है। राहत की बात यह कि 65 मरीजों को स्वास्थ्य घोषित किया गया है। जिससे जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 638 पर पहुंच गया है। जिले में 9 मरीज अस्पताल में भर्ती है। वहीं 629 मरीज होम आईसोलेशन में है। वहीं जिले में पिछले 24 घंटे में 920 सैम्पल जांच किए गए। वहीं दूसरी तरफ जिले में फिलहाल निजी के 64 और सरकारी प्रयोगशालाओं में लिए गए 284 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है।

समग्र शिक्षा के लिए सामाजिक-भावनात्मक अध्ययन है अनिवार्य

फरीदाबाद। पंचनाद शोध संस्थान और डीएवी शताब्दी महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में नई शिक्षा नीति में समग्र शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य की पूर्ति हेतु सामाजिक एवं भावनात्मक अध्ययन की आवश्यकता पर जूम प्लेटफार्म के माध्यम से वेबीनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार में ससकैचेसन, शिक्षा मंत्रालय, कनाडा से स्टूडेंट सपोर्ट कंसलटेंट सीमा सरोज बतौर मुख्य वक्ता सम्मिलित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा उच्च शिक्षा समिति एवं पंचनाद शोध संस्थान के चेयरमैन प्रोफेसर बृज किशोर कुठियाला ने की। वेबिनार के शुभारंभ में महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या डॉक्टर सविता भगत ने मुख्य वक्ता का परिचय कराया और सभी शिक्षकों से यह आग्रह किया कि नई शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्य को पूरा करने के लिए सर्वप्रथम शिक्षकों को आत्मानुभूति होनी चाहिए तभी वे अपने छात्रों को सामाजिक एवं भावनात्मक रूप से समझने और उसके अनुकूल शिक्षा प्रदान करने में सफल हो पाएंगे।

अग्निशमन अधिकारियों ने किया बीके में जागरूक

फरीदाबाद। जिलेभर में अग्निशमन विभाग की तरफ से 14 से 20 अप्रैल तक जागरूकता सप्ताह चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को बीके सिविल अस्पताल में अग्निशमन विभाग अपनी फायर बिग्रेड की एक गाडी लेकर पहुंच गया। जहां पहले तो लोग हैरान हो गए, कि क्या अस्पताल में आग लगी है। लेकिन वर्दीधारी अग्निशमन विभाग के अधिकारियों और कर्मियों को शांति से खड़ा देखा, तो चिंता समाप्त हो गई। अग्निशमन सप्ताह में तहत वरिष्ठ अग्निशमन अधिकारी रामदत्त भारद्वाज ने बीके अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ और डॉक्टरों को आग लगने की स्थिति में बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान आग लगाकर बुझाने का अभ्यास किया गया। पीएमओ डॉ. सविता यादव, डॉ. शीला भगत, डॉ. राजेश धीमान सहित अन्य मौजूद रहे।

'जी-20: भारत और युवा' पर संगोष्ठी का आयोजन

फरीदाबाद। वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के एससी व एसटी प्रकोष्ठ द्वारा विज्ञान भारती (विभा) के सहयोग से आज 'जी-20: भारत और युवा' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो. एस.के. तोमर, विशिष्ट अतिथि प्रो. ज्योति राणा तथा डॉ. पवन सिंह मलिक ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो लखविंदर सिंह ने सम्मानित अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. एसके तोमर ने भारत को एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के रूप में रेखांकित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. पवन सिंह मलिक ने आज के युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंदजी के विचारों की प्रासंगिकता पर व्यावहारिक भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि कैसे इस आदमी के ज्ञान की भूख ने उसे पूरे इतिहास में जीवित कर दिया। संगोष्ठी को एक समृद्ध अनुभव बनाने के लिए सभी कार्यक्रम आयोजकों, संकायों और उपस्थित लोगों को धन्यवाद के वोट के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ।

कलयुग में सत्संग व भक्ति है श्रीराम संग मिलन का माध्यम

फरीदाबाद। पावन सिद्धपीठ श्रीहनुमान मंदिर 1 बी ब्लॉक द्वारा सोमवार से श्री राम कथा की शुरुआत की हैं। कथा का आयोजन 20 अप्रैल तक मंदिर प्रांगण में किया जाएगा। कथा में वाचक के रूप में स्वामी विष्णुदासजी श्रीअयोध्या धाम से पहुंचे। स्वामी विष्णुदासजी ने बताया कि वर्तमान में सत्संग भक्ति का सबसे सरल जरिया है। मात्र सत्संग करने से ही व्यक्ति ईश्वर को प्राप्त कर सकता है। सभी को सत्संग सुनने के लिए अवश्य समय निकालना चाहिए। कथा के पहले दिन मंदिर में मुख्यातिथि के रूप में राकेश दीवान, जगदीश भाटिया , रंजन सचदेवा मौजूद रहे। यहां जगदीश भाटिया ने श्री राम कथा का आयोजन करने के लिए मंदिर समिति के सदस्यों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व महापौर अशोक अरोड़ा जी ने सभी को श्रीराम की कथा श्रवण करने आए सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। बताया कि श्रीराम कथा सुनने का सुंदर अवसर बहुत ही किस्मत वाले लोगों को मिलता है। यहां पर मंदिर के प्रधान (पूर्व महापौर) द्वारा आई हुई संगत का स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर सुरेंद्र अरोड़ा, विनोद कुमार, मनोहर नागपाल, सुरेश सुखीजा, व श्री राहुल अरोड़ा की टीम के द्वारा श्री राम कथा में सुंदरता के आयोजन के लिए दिन रात एक कर दिया।

अमृता अस्पताल में पौधे बांटकर मनाया विशु का त्योहार

फरीदाबाद। मलयाली लोग भावनात्मक रूप से विशु, विशु कनी और विशु कनी से जुड़े हुए हैं। त्योहार परिवारों को जोड़ता है और उनकी भावनाओं का उत्सव है। इन सबसे ऊपर विशु हमें प्रकृति, ईश्वर और हमारी वास्तविकता से जोड़ता है। विशु प्रकृति और मनुष्य के बीच शाश्वत बंधन का उत्सव है। विशु मलयालम नव वर्ष की शुरुआत है और इसलिए इस दिन कई नए काम शुरू किए जाते हैं। विशु समारोह की शुरुआत करते हुए, फरीदाबाद के अमृता अस्पताल के एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर स्वामी निजामृतानंद पुरी ने कहा कि विशु एक फसल उत्सव है, जो अनादिकाल से चला आ रहा है। उन्होंने कहा कि त्योहार का एक सामान्य मूल हो सकता है। उन्होंने विशु से जुड़ी परंपराओं और रीति-रिवाजों के बारे में बताया। सेलिब्रेशन के रूप में स्वामीजी ने अस्पताल के कर्मचारियों और नर्सिंग कॉलेज के छात्रों समेत स्थानीय लोगों को भी पौधे बांटे।

जिमखाना क्लब का लेकर मुख्य प्रशासक से मिले विधायक

फरीदाबाद। एनआईटी विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि उनके द्धारा दिनांक 06 फरवरी 2020 को मुख्यमंत्री, मुख्य प्रशासक हरियाणा शहरी प्रधिकरण विभाग, प्रधान सचिव नगर एवं ग्राम आयोजन विभाग, प्रशासक हरियाणा शहरी प्रधिकरण विभाग फरीदाबाद को पत्र लिखकर अवगत करवाया गया था कि मेरी विधानसभा में सिर्फ 2 सैक्टर 55-56 आते हैं। जिसमें सिर्फ सैक्टर-55 में सामुदायिक केन्द्र बना हुआ है। इसलिए लोगो कीमांग को देखते हुए सैक्टर-56 हरियाणा शहरी प्रधिकरण विभाग की 4.5 एकड जमीन पर जिमखाना क्लब, आडोटोरियम एंव बच्चों के खेलने के लिए बनाई जाएं। विधायक नीरज शर्मा ने 30 मार्च 2023 प्रशासक हरियाणा शहरी प्रधिकरण विभाग फरीदाबाद श्रीमति गरिमा मितल जी आईएएस के साथ सेक्टर 56 का दौरा किया उसके बाद जैसा कि अधिकारियों द्धारा बताया गया कि जिमखाना क्लब की फाईल देखने पर पता चला की जिमखाना क्लब के साथ रिलिजियस साइट एंव छठ धाट का प्रपोजल बना दिया।

निर्यात लक्ष्य

900 बिलियन डालर

सरकार ने 900 बिलियन डालर का महत्वाकांक्षी निर्यात लक्ष्य रखा है। इसे प्राप्त किया जा सकता है, पर इसके लिए उत्पादन पर जोर देना होगा। सरकार ने वर्तमान वित्त वर्ष में निर्यात का लक्ष्य महत्वाकांक्षी रूप से 900 बिलियन डालर रखा है जो 2022-23 के 770 बिलियन डालर से लगभग 17 प्रतिशत अधिक है। आधिकारिक क्षेत्रों में अनेक कारणों से आशा का माहौल है। इनमें से एक विश्व व्यापार संगठन द्वारा व्यापार वृद्धि में सुधार का पूर्वानुमान है। उसका अनुमान था कि वर्ष 2023 में विश्व जीडीपी में व्यापार की वृद्धि 1.7 प्रतिशत होगी, जबकि अक्टूबर, 2022 में उसने 1 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया था। दूसरा, व्यापक समस्याओं के बावजूद 2022-23 में निर्यात 94 बिलियन डालर बढ़ा था जिससे अधिकारी उत्साहित हैं। तीसरा, उनको विश्वास है कि 'मेक इन इंडिया, मेक फार द वर्ड' कार्यक्रम तथा 2 लाख करोड रुपये की उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन-पीएलआई योजना से निर्यातों, खासकर एलेक्ट्रानिक उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा मिल रहा है। व्यापारिक निर्यात में एलेक्ट्रानिक्स का स्थान सर्वोच्च 10 में है। 2022-23 में 25.39 बिलियन डालर के साथ इसका निर्यात में हिस्सा 5.7 प्रतिशत था, जो 2021-22 की तुलना में 3.71 प्रतिशत से अधिक था। अमेरिका की विशाल टेक्नोलोजी फर्म 'एपल' ने भारत में आईफोन उत्पादन में काफी वृद्धि की है और यह पिछले दो साल में वैश्विक उत्पादन के 1 प्रतिशत से बढ़ कर 7 प्रतिशत हो गया है। एपल के साझीदार फाक्सकाम टेक्नोलोजी ग्रुप व पेगाट्रान कार्प उसके उत्पादों की भारत में असेम्बलिंग करते हैं। चीनी स्मार्टफोन निर्माता वीवो भी ग्रेटर नोयडा की नई उत्पादन सुविधा में अगले साल 1,100 करोड़ रुपये निवेश करेगा। सरकार को विश्वास है कि 900 बिलियन डालर का निर्यात लक्ष्य अव्यावहारिक नहीं है, पर वह विभिन्न हितधारकों से व्यापक विचार-विमर्श के बाद ही लक्ष्य निर्धारित करेगी।

हालांकि, नीति निर्माताओं व निर्णय लेने वालों को व्यापारिक निर्यातों पर ज्यादा ध्यान देना होगा। पिछले वित्त वर्ष में ये 447.46 बिलियन डालर थे जो 2021-22 में 422 बिलियन डालर की तुलना में केवल 6 प्रतिशत अधिक थे। दूसरी ओर सेवा निर्यात 2021-22 में 254.53 बिलियन डालर से बढ़ कर 2022-23 में 322.72 बिलियन डालर हो गए थे। यह वृद्धि 26.8 प्रतिशत है। दूसरे शब्दों में वृद्धि अधिकांश निर्यात सेवाओं के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन के कारण है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था की लंबे समय से उत्पादन क्षेत्र में व्याप्त एक समस्या की ओर संकेत करती है। 2011 में घोषित राष्ट्रीय उत्पादन नीति का लक्ष्य जीडीपी में उत्पादन का हिस्सा 2023 तक बढ़ा कर 25 प्रतिशत करना था। लेकिन 2021 में यह 2015 में 15 प्रतिशत की तुलना में घट कर 14 प्रतिशत हो गया। वास्तव में 1960 के बाद से वह कभी 20 प्रतिशत के लक्ष्य तक भी नहीं पहुंच सका। यदि सरकार सचमुच उत्पादन निर्यातों में वृद्धि करना चाहती है तो उसे इस क्षेत्र में तेजी से वृद्धि सुनिश्चित करनी होगी। हालांकि, वह प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से फैक्ट्री उत्पादन को गति देने के काफी प्रयास कर रही है। केन्द्र के स्तर पर अधिक प्रक्रियागत बाधायें नहीं हैं, पर राज्य स्तर पर अनेक राज्य यह दावा नहीं कर सकते हैं। उद्योगपतियों, खासकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों-एमएसएमई को राज्यों के स्तर पर काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में केन्द्र को राज्यों को समझा-बुझा कर, उन पर दबाव डाल कर अथवा उनको ललचा कर एमएसएमई के प्रति ज्यादा संवेदनशील बनाना होगा। राज्यों की संवेदनशीलता केवल एलेक्ट्रानिक क्षेत्रों तक सीमित न होकर अन्य क्षेत्रों तक भी विस्तारित होनी चाहिए। उत्पादन में वृद्धि के बिना व्यापारिक निर्यात में वृद्धि होना असंभव है।

पूना समझौते पर पुनः विचार

दलितों, आदिवासियों व अल्पसंख्यकों के बारे में अंबेडकर की आशंका सही सिद्ध हुई है। उनके राजनीतिक हित संसद में ठीक से संबोधित नहीं हो रहे हैं।

केसी त्यागी
(लेखक पूर्व सांसद हैं)



हर साल 14 अप्रैल को डा. बी.आर. अंबेडकर की जयंती भारतीय संविधान के निर्माता बी. आर. अंबेडकर को सम्मान देने के उद्देश्य से मनाई जाती है। इस साल उनकी 132वीं जन्म जयंती मनाई गई। दलितों व अन्य सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले वे सुपरिचित राजनेता थे। अंबेडकर का लक्ष्य एक न्यायोचित समाज बनाना था जिसमें सभी नागरिकों को समान महत्व व गरिमा प्राप्त हो। उनका विश्वास था कि स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को उचित स्थान मिलना चाहिए ताकि समुदाय के भीतर समतामूलक न्याय सुनिश्चित हो सके। लेकिन भारत की जाति व्यवस्था न्याय के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा है। भारतीय सामाजिक ढांचे में इसकी जड़ें बहुत गहराई तक फैली हैं। इसी कारण डा. अंबेडकर ने उत्पीड़ित समूहों की जाति को प्राथमिकता दी क्योंकि मूलभूत सामाजिक न्याय का अभाव सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक न्याय तथा लोकतंत्र की राह में बाधा डालता है।

1932 में विषय था कि क्या 'अश्पृश्यों' को अलग मताधिकार दिया जाना चाहिए क्योंकि वे हिंदू सामाजिक ढांचे का अभिन्न अंग न होकर विशिष्ट सामाजिक-राजनीतिक पहचान वाला समुदाय थे। इससे गांधी और अंबेडकर के बीच गरमागरम विवाद पैदा हुआ। आधुनिक भारत में अनेक लोगों ने गांधी और अंबेडकर के बीच असहमतियों को नए प्रकार के विमर्शों में देखा है। गांधी व अंबेडकर के समर्थकों ने जाति एवं जाति-विरोधी अभियानों में दूसरे के विचारों की घोर आलोचना की है। इस संदर्भ में पूना समझौते पर आधुनिक दृष्टिकोण से पुनः विचार की आवश्यकता है। यह समझौता 1932 में गांधी और अंबेडकर के बीच हुआ था।

1932 में महात्मा गांधी और डा. बी. आर. अंबेडकर ने पूना समझौते पर हस्ताक्षर किए थे जिससे विधायी संस्थाओं के बदले अलग मताधिकार के लिए दलित अभियान समाप्त हुआ था। इस समझौते से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दो सर्वाधिक प्रमुख नेता एकसाथ आए थे जिनकी दलित अधिकारों के बारे में असहमति थी। पूना समझौते की हमेशा आलोचना हुई और यह बहस का विषय बना रहा। दलितों के लिए अलग मताधिकार की मांग सबसे पहले 1917 में हुई थी और इसे 1930 के पहले गोलमेज सम्मेलन में प्रमुखता मिली थी। अलग मताधिकार देने से हिचकने वाले ब्रिटिश सरकार ने 1932 में 'कम्युनल अवार्ड' की घोषणा की जिसने दलितों को विशिष्ट मताधिकार दिया था। लेकिन गांधीजी ने यह अवधारणा अस्वीकार कर दी और वे अलग मताधिकार शुरू होने से रोकने के लिए आमरण अनशन पर चले गए। इसका कारण उनके दृष्टिकोणों में मूलभूत भिन्नता थी। जहां गांधी जाति को एक सामाजिक मुद्दा मानते थे, वहीं अंबेडकर इसे राजनीतिक मुद्दा मानते थे। पूना में वार्ताओं के बाद गांधी और अंबेडकर ने सितंबर, 1932 को पूना समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। इस समझौते के अंतर्गत दलितों को अलग मताधिकार देने के बजाय उनको विधायिका में आरक्षित दलित सीटें दी गईं। भारत के दो सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं को एकसाथ लाने वाले पूना समझौते ने एक विवादास्पद मुद्दे का हल किया और यह स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण निर्णायक मोड़ सिद्ध हुआ।

विरोधियों का दावा है कि पूना समझौता एक प्रकार से संधि थी क्योंकि इसमें दलितों को अलग मताधिकार नहीं दिया गया है। आलोचकों का दावा है कि आरक्षण व्यवस्था ने दलितों को सफलता के लिए आवश्यक समुचित संसाधन और अवसर नहीं प्रदान किए। भारत में दलित अधिकारों के लिए आज भी पूना समझौते पर विवाद प्रासांगिक बना हुआ है। इतिहासकार प्रबोधन पोल के अनुसार जाति की अंबेडकर की व्याख्या उनके इस दृष्टिकोण पर आधारित थी कि दलित सवाल एक राजनीतिक मामला है, जबकि गांधीजी इसे सामाजिक मामला मानते थे। गांधी-अंबेडकर विवाद जाति की व्याख्या पर केन्द्रित था। अंबेडकर ने जोर दिया कि भारत के आधुनिक इतिहास में पहली बार जाति एक राजनीतिक मुद्दा बन गई है और इसे केवल सामाजिक परिवर्तनों से हल नहीं किया जा सकता है। अंबेडकर ने अपने लेखों और भाषणों में जोर दिया कि जब तक तथाकथित वंचित वर्ग को समान सहभागिता सुनिश्चित नहीं होती है तब तक राजनीतिक लोकतंत्र का कोई अर्थ नहीं होगा।

अंबेडकर अधिकार-आधारित दृष्टिकोण पसंद करते थे, जबकि गांधीजी विश्वास-आधारित व आध्यात्मिक दृष्टिकोण के पक्ष में थे। अंबेडकर के उलट गांधीजी का विश्वास था कि यदि शोषक अपनी सोच बदले तभी शोषणकारी संबंध ठीक किया जा सकता है। इसके परिणामस्वरूप वे उच्च जातियों से अपने विश्वासों में परिवर्तन के लिए कहते थे। उन्होंने कहा, 'मेरा आपसे अनुरोध है कि हिंदूवाद को एक अंतिम अवसर से वंचित न करें तथा उसके अंधकारमय अतीत को स्वैच्छिक रूप से बदलें।' उन्होंने अंबेडकर से अनुरोध किया, 'मुझे हिंदू जातियों के बीच काम करने का अवसर दें।' यह स्पष्ट नहीं है कि गांधीजी ने अलग मताधिकार के प्रति इतना कठोर दृष्टिकोण क्यों अपनाया और आज भी यह बहस का विषय है। पूना समझौते की विरासत आज भारत के 300 मिलियन अनुसूचित जाति के लोगों पर लागू है। भारत ने उनकी जनसंख्या के आधार पर संसद व विधानसभाओं में अनुसूचित जातियों-एससी को समानुपातिक संख्या में सीटें दी हैं। उदाहरणार्थ लोकसभा में सामाजिक व आर्थिक रूप से वंचित समुदायों को कुल 543 सीटों में से 84 सीटें दी गई हैं। लेकिन दलित खासकर किसी एक क्षेत्र में केन्द्रित नहीं हैं। इसका अर्थ है कि वे इन सीटों में से बहुसंख्य पर अल्पसंख्यक स्थिति में हैं। इससे संकेत मिलता है कि बहुसंख्यक मतदाता अनुसूचित जातियों के नहीं हैं और चुनावों में उनका निर्णायक तत्व प्रभावी नहीं होता है। हालांकि, बहुसंख्य सांसद यह तथ्य स्वीकार करते हैं, पर अनेक अंबेडकरवादियों का तर्क है कि दलितों का प्रतिनिधित्व बुरी तरह विकृत हुआ है। इसके कारण जाति द्वारा अत्यधिक प्रभावित समाज में संसद के दलित सदस्य के लिए सचमुच ज्यादा उत्पीड़ित वर्गों के लिए पैरवी करना आसान नहीं है क्योंकि उसे उच्च जातियों के सदस्यों के लिए रियायतें करना व उनको खुश करना जरूरी हो जाता है। ऐसी व्यवस्था दलितों को उनके वास्तविक नेतृत्व से वंचित करती है जिससे समुदाय को कष्ट उठाने पड़ते हैं। नेता स्वतंत्र दृष्टिकोण नहीं अपना सकते हैं क्योंकि उनको चुनाव जीतने के लिए पार्टी के वोटबैंक पर निर्भर रहना पड़ता है। अनेक दलित राजनेता और विचारक इन बंधनों से परिचित हैं। अनेक दलित राजनेता और विचारक मानते हैं कि वर्तमान व्यवस्था उनके असली नेता चुनने के लिए ठीक नहीं है। वे सोचते हैं कि उनको काफी समझौते करने पड़ते हैं और वर्तमान व्यवस्था मूल रूप से प्रस्तावित पूना समझौते से काफी अलग है। गांधीजी ने इसे संभव बनाया था, पर अंबेडकर की योजना बिल्कुल अलग थी। 1932 में उसके घातक प्रभावों और नतीजों को अच्छी तरह समझते हुए भी अंबेडकर पूना समझौते में शामिल हुए थे। 1949 में स्वतंत्रता के बाद और संविधान बनाते समय उन्होंने दलित मतदाता मंडल व समझौते का प्रस्ताव किया था।

वर्तमान समय में चीजें जिस प्रकार चल रही हैं, उसे देखते हुए अंबेडकर की चिन्तायें सही लगती हैं। भारत के स्वतंत्र होने के 60 साल बाद स्पष्ट हो गया था कि संसद में दलितों, आदिवासियों व अन्य अल्पसंख्यकों के राजनीतिक हितों का समुचित प्रतिनिधित्व नहीं हो रहा है। इसका कारण चुनावों की प्रकृति थी। हालांकि, पूना समझौते के 75 साल बाद कुछ अश्पृश्य जातियों की स्थितियों में सुधार हुआ, पर अनेक जातियां पीछे हैं। हालांकि, इस वर्ग की कुछ जातियों ने सभी राज्यों में प्रगति की है। कुछ जातियां लोकतंत्र व राजनीति में शामिल हैं, पर अनेक व्यवस्था से बाहर हैं। इसके परिणामस्वरूप दलितों के खिलाफ हिंसा की ज्यादा घटनायें हो रही हैं और स्थिति खराब हुई है। राजनीति में समुदाय के प्रतिनिधित्व में ज्यादा अंतर नहीं आया है और इसके कारण जाति-आधारित पार्टियों को भाजपा ने बुरी तरह पराजित किया है। दलित, आदिवासी, श्रमिक, किसान तथा अति पिछड़ी जातियों के लोगों पर भाजपा की नीतियों का अधिकांशतः नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। यदि वर्तमान समय में हम राज्य व दलित राजनीति पर गौर करें तो यह पूरी तरह ध्वस्त होने के कगार पर दिखती है। बहुसंख्य दलित नेता या तो सत्तारूढ़ दल में शामिल हो गए हैं या उन्होंने उसके साथ गठबंधन बनाए हैं। सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक व सांस्कृतिक न्याय सुनिश्चित करने तथा सभी उत्पीड़ित जातियों, खासकर दलितों, आदिवासियों व सर्वाधिक पिछड़ी जातियों का समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए हमें समानुपातिक प्रतिनिधित्व पर राष्ट्रीय चर्चा की आवश्यकता है ताकि सबको न्याय में प्रतिनिधित्व मिल सके।

महिला उद्यमियों के लिए रणनीतियां

पेशेवर विकास को प्राथमिकता देना काम में खेल बदलने वाली रणनीति हो सकती है

लौरा मेसरशिमिट
(लेखिका स्तंभकार हैं)

एक छोटे व्यवसाय के स्वामी होने के लिए मल्टीटास्किंग में कुछ भी कम नहीं होना चाहिए। चाहे वह ग्राहकों या कर्मचारियों का प्रबंधन करना हो, बजट चलाना हो या उत्पादों और प्रणालियों को नेविगेट करना हो, यह अक्सर एक सर्व-उपभोग वाला कार्य होता है। एक परिवार और एक घर चलाने के लिए फेंक दो और यह कहना उचित है कि पेशेवर विकास शायद ज्यादातर महिलाओं की टू-डू सूची में नहीं है। हालाँकि, व्यवसाय में महिलाओं के लिए सही प्रकार का व्यावसायिक विकास परिवर्तनकारी हो सकता है, और इसके लिए हमेशा एक नई डिग्री या पाठ्यक्रम की आवश्यकता नहीं होती है। इस साल अपनी सोच बदलने और अपनी उत्पादकता बढ़ाने में मदद करने के लिए इन पांच व्यावहारिक रणनीतियों पर विचार करें।

कार्य-जीवन संतुलन : कोविड-19 महामारी के दौरान कार्य/जीवन संतुलन की खोज एक राष्ट्रीय वार्तालाप बन गई क्योंकि कई भारतीयों को घर से काम करने के लिए मजबूर होना पड़ा। लिंक्डइन के 2022 के एक अध्ययन में पाया गया कि भारत में 72 प्रतिशत कामकाजी महिलाएं उन भूमिकाओं को अस्वीकार करती हैं जो लचीले काम करने की अनुमति नहीं देती हैं। काम और घर की जिम्मेदारियों और दायित्वों को स्पष्ट रूप से संतुलित करने की कोशिश करने के बजाय, आप अपना समय कैसे खर्च कर रहे हैं, इसके बारे में अधिक ध्यान देने से बेहतर सद्भाव देने में मदद मिल सकती है। उदाहरण के लिए, क्या आप अपने साथी, दोस्तों या बच्चों के साथ मात्रा के बजाय अधिक गुणवत्तापूर्ण समय बिताने का प्रयास कर सकते हैं? क्या आप व्यस्त समय के दौरान दूसरों पर भरोसा कर सकते हैं और स्वीकार कर सकते हैं कि व्यस्त अवधि उतार-चढ़ाव में आती है? यदि आपके पास पूर्णतावादी प्रवृत्तियाँ हैं, तो क्या आप अपनी प्राथमिकताओं का पुनर्मूल्यांकन कर सकते हैं और कभी-कभी कुछ चीजों के साथ ठीक हो सकते हैं, ठीक है?

इम्पोस्टर सिंड्रोम के बारे में अपनी भावनाओं को सुनें: आपके जैसा घिनौना अहसास काफी अच्छा नहीं है या आप ऐसा नहीं कर सकते, यह सकारात्मक हो सकता है। कई वरिष्ठ व्यापारिक नेता आज सक्रिय रूप से खुद को ऐसे लोगों के नेटवर्क से घेरने के लिए काम करते हैं जिनसे वे सीख सकते हैं और अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठा सकते हैं। अपने आप को ऐसी स्थिति में पाकर जहाँ आप स्वीकार करते हैं कि आपके पास सभी उत्तर नहीं हैं, अक्सर आपको दूसरों के साथ जुड़ने में मदद मिल सकती है जो आपको कुछ नया सिखाने में सक्षम हो सकते हैं। आप अपना समय कैसे व्यतीत कर रहे हैं, इसकी जांच करें- यदि आपकी टू-डू सूची कभी पूरी नहीं होती है, तो यह उत्पादकता समीक्षा का समय हो सकता है। उत्पादकता विशेषज्ञों का सुझाव है कि शुरू करने के लिए एक अच्छी जगह हर शुक्रवार को अपने कैलेंडर को देखना है, जो अभी-अभी गए सप्ताह की समीक्षा करता है। आपने अपना अधिकांश समय कैसे व्यतीत किया? क्या यह आपकी मुख्य व्यावसायिक प्राथमिकताओं पर केंद्रित था या कुछ कम महत्वपूर्ण समय-चूसना बन रहा है? प्रत्येक सप्ताह इस जाँच को करने के लिए रुकना आपकी उत्पादकता और आपकी टू-डू सूची के लिए गेम-चेंजर हो सकता है।

असफलता को गले लगाने की कोशिश करें : कई छोटे व्यवसाय के मालिक, विशेष रूप से महिलाएं, विफलता के डर से अपना व्यवसाय शुरू करने या बदलाव करने से बचते हैं। हालांकि, सीखने के अनुभव के एक अनिवार्य हिस्से के रूप में असफलता को फिर से परिभाषित करने से संबंधित भय को दूर करने में मदद मिल सकती है।

यदि आप तब तक प्रतीक्षा करते हैं जब तक कि आपका व्यावसायिक विचार सही नहीं लगता या आपकी वेबसाइट बिल्कुल सही नहीं है, तो हो सकता है कि आप कभी भी लॉन्च न करें या अपने ग्राहकों से सीखने का मौका न चूकें कि वे क्या चाहते हैं। अपने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें : कोविड-19 महामारी का एक अन्य उप-उत्पाद लचीलापन और मानसिक स्वास्थ्य के निर्माण पर नए सिरे से व्यवसाय और समुदाय का ध्यान केंद्रित करना था। मानसिक स्वास्थ्य के बारे में खुद को शिक्षित करना और अपने मन की स्थिति के बारे में जांच करना स्वयं को और अपने कर्मचारियों को बेहतर समर्थन देने के लिए महत्वपूर्ण पहला कदम है। जब लोग व्यस्त या तनावग्रस्त होते हैं, तो उनके मानसिक स्वास्थ्य का सबसे अच्छा समर्थन करने वाली चीजों - जैसे व्यायाम और दिमागीपन - को बंद करना आम बात है, लेकिन अक्सर ऐसे समय होते हैं जब वे रणनीतियाँ सबसे अधिक प्रभावशाली होती हैं। चाहे आप एक-महिला ऑपरेशन हों या एक टीम का नेतृत्व कर रहे हों, अपने पेशेवर विकास को प्राथमिकता देने से काम और घर पर गेम-चेंजिंग स्ट्रैटेजी में मदद मिल सकती है। प्रत्येक दिन निरंतर सुधार पर ध्यान देने से एक नया कौशल सीखने की बाधाओं को दूर करने में मदद मिल सकती है और आपको एक अधिक शक्तिशाली लघु व्यवसाय नेता बनने में मदद मिल सकती है

आप की बात

बच्चों की परवरिश

अतीक अहमद बेशक इस दुनिया को अलविदा कह चुका है लेकिन जाते-जाते एक बड़ा प्रश्न छोड़ गया है। अतीक ने अपराध की भयानक दुनिया का साथ थामा, लेकिन वह अपने बच्चों को भी हाथ पकड़ इस दुनिया में ले आया। नतीजतन अतीक के बेटे का कुछ दिन पहले एनकाउंटर हुआ। असद को परवरिश ऐसी मिली कि कम उम्र में उसने सही रास्ते पर ना चल कर गलत रास्ते का साथ थामा। हम माँ बाप क्यों भूल जाते है कि बच्चे की परवरिश जितनी अच्छी करेंगे, उतनी अच्छी तरह आगे चलकर वो दूसरों की मदद करेंगे तथा अपनो के साथ खड़े रहेंगे, न कि हाथ में बन्दूक लिए किसी पर गोली चलाएंगे। अगर असद को सही परवरिश मिलती तो आज शायद वह पढ़ाई-लिखाई से अपने सपने पूरे करता जिससे दूसरे लोगों का भी भला होता। अतीक ने अपने साथ-साथ पूरे परिवार को भी तहस-नहस कर दिया। भविष्य में ऐसा न हो इसलिए माता-पिता को अपने साथ ही अपने बच्चों की अच्छी परवरिश पर भी ध्यान देना चाहिए। भले ही जमाना बदल गया हो, पर बच्चों में दूसरों के प्रति हमदर्दी तथा समाज में शांति बनाए रखने जैसी नैतिक भावनायें पैदा करना आज भी पहले जितना ही जरूरी है। अतीक प्रकरण से यही सबक मिलता है।

– **सृष्टि मौर्य,** हरियाणा

विपक्षी एकता

अगले लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। जहां भाजपा अपनी जीत का क्रम जारी रखना चाहती है, वहीं विपक्षी दल इस तिलिस्म को तोड़कर अपने लिए राह बनाने की कोशिश में है। विपक्ष के छोटे बड़े नेता मिलकर किसी गठबंधन की राह निकालने के प्रयास में हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे विपक्षी दलों को एकता के सूत्र में पिरोने में लगे हैं। नीतीश कुमार से लेकर शरद पवार तक विभिन्न नेताओं से मुलाकात हो रही है। इस एकता के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती विभिन्न क्षेत्रीय दलों की महत्वकांक्षाएं हैं। जो दल अपने राज्य में सत्ता में हैं या सत्ता में आने में सक्षम हैं वह किसी अन्य के नेतृत्व में चुनाव लड़ने को शायद ही तैयार हों। ऐसे में एक सर्वमान्य चेहरा और नेतृत्व तलाशना विपक्ष की बड़ी चुनौती है। आशंका है कि कहीं विपक्ष के अंतर्विरोध ही इस प्रयास की विफलता का कारण ना बन जाएं। ममता बनर्जी और नवीन पटनायक समेत कई नेताओं की जड़ें अपने राज्यों में बहुत मजबूत हैं। विपक्ष को जनता के कुछ मुद्दे उठा कर संघर्ष करना वर्तमान स्थिति में उचित होगा। इनमें महंगाई व बेरोजगारी जैसे मुद्दे जनता का ध्यान खींच सकते हैं।

– **सदन जी,** पटना

बेगारी प्रथा

संयुक्त राष्ट्रसंघ के श्रम संगठन और यूरोपीय कमीशन की रिपोर्ट के अनुसार विश्व में जबरन मजदूरी करवाए जाने वाले मजदूरों की संख्या बढ़कर 28 करोड हो गई है। लगभग सभी देशों में बेगारी प्रथा के खिलाफ सख्त कानून बने हए हैं। आज भी भारत के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में हाली प्रथा जारी है, जिसके अंतर्गत किसी पारिवारिक कार्यक्रम में बड़ा खर्च होने पर गरीब अपने परिवार के सदस्यों को किसी बड़े जमीन मालिक के यहां गिरवी रखकर धन ले लेता है और उसके एवज में उसका परिवार रोटी कपड़े के बदले में उसके यहां हाड़ तोड़ मेहनत मजदूरी करते हैं। किसी प्रकार की तनख्वाह नहीं मिलने के कारण उनका यह कर्ज आजीवन नहीं उतर पाता है। बच्चों और बुजुर्गों से भी उतनी ही कठोरता से यह लोग श्रम करवाते हैं जो कि क्रूरता की हद है। ऐसे श्रमिकों से कई अवैध कार्य भी करवाए जाते हैं जिसके चलते वह बीमार पढ़कर धीरे-धीरे मृत्यु को प्राप्त होते हैं। ऐसे में भारत सहित दुनिया भर में बेगारी प्रथा के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाना चाहिए। मीडिया जमीनी स्तपर हो रही ऐसी घटनाओं को उजागर कर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

अतीक की हत्या

पुलिस के घेरे में घुसकर अतीक अहमद और अशरफकी हत्या किसी फिल्मी ड्रामे से कम नहीं है। यह पुलिस की बहुत बड़ी नाकामयाबी है, मगर इसके पीछे कई सवाल खड़े हो गए हैं। तीनों हत्यारे अलग-अलग क्षेत्र से आकर एकजुट कैसे हुए? उन्हें महंगे विदेशी हथियार कैसे प्राप्त हुए और उन्होंने हाथों-हाथ सरेंडर क्यों कर दिया? इस हत्याकांड के पीछे कोई बहुत बड़ा नकाबपोश छुपा हुआ है जिसे अपने राज खुलने का डर हो, जिसके पास अतीक का बहुत सारा धन हो या उसके खुलासों से किसी के राजनीतिक हितों पर आंच आने की संभावना हो। हत्या की जांच के लिए उच्च न्यायायलय के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित कर दी गई है। जांच इस बात की भी होनी चाहिए कि अतीक अहमद का परिवार इतना खूंखार अपराधी बनकर पूरे प्रदेश में किसकी छत्रछाया में फला-फूला? कैसे उसने करोड़ों रुपए का साम्राज्य बना लिया? वक्त आ गया है कि चुनाव आयोग व सुप्रीम कोर्ट अपराधियों के चुनाव लड़ने पर सख्ती से रोक लगाने के नियम बनाएं।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।

जनता की अपेक्षाएं भाजपा ही पूरी कर सकती है: भूपेन्द्र चौधरी

लखनऊ। भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों ने सोमवार को नगर निकाय चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। पार्टी प्रत्याशियों के नामांकन में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सहित प्रदेश सरकार के मंत्री, प्रदेश पदाधिकारी तथा वरिष्ठ नेता पहुंचे। प्रथम चरण के नगर निकाय चुनाव के लिए नगर निगम, नपाप तथा नगर पंचायत के अध्यक्ष तथा पार्षद पद के पार्टी प्रत्याशियों ने पार्टी के नेताओ, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सहारनपुर में भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन के दौरान कहा कि जनता की अपेक्षाएं तथा आवश्यकताएं भाजपा ही पूरी कर सकती है, हमने ऐसा करके भी दिखाया है। भाजपा के संकल्प पत्र के एक.एक संकल्प को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी व मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में भाजपा सरकारों ने पूरा किया है। प्रदेश में गुंडागर्दी व अपराध को खत्म करने का काम हुआ है। सड़कों का निर्माण, बिजली तथा स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने आधारभूत काम किया है। इस चुनाव में आप नगरों की सरकार चुनने के लिए मतदान करेंगे और मुझे पूरा विश्वास है कि जिस प्रकार पहले आप सभी ने भाजपा को स्नेह और आशीर्वाद दिया था, इस बार भी मिलेगा।

चौधरी ने कहा कि भाजपा ने बड़ी संख्या में महिलाओं को नगरीय निकाय चुनाव प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने कहा हमारा संकल्प है कि हमने ही बेहतर करके दिखाया है और हम ही बेहतर कर सकते हैं। पीएम मोदी व मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व की भाजपा सरकारों ने स्वच्छ.सुन्दर तथा आधुनिक नगरों के निर्माण की गति को बनाये रखने के लिए भाजपा प्रत्याशी को विजय का आशीर्वाद दें, ताकि विकास की गति निर्वाध बनी रहे। पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय राय ने जानकारी देते हुए बताया कि लखनऊ नगर निगम से भाजपा प्रत्याशी सुषमा खरकवाल के नामांकन में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही व प्रदेश उपाध्यक्ष नीलम सोनकर नगर निगम गोरखपुर के भाजपा महापौर तथा पार्षद प्रत्याशियों की नामांकन में सम्मिलित हुए। राय ने बताया कि कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चन्द्र श्रीवास्तव नगर निगम प्रयागराज से भाजपा के

महापौर तथा पार्षद प्रत्याशियों के नामांकन में सम्मिलित हुए। कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा तथा प्रदेश मंत्री अंजुला माहौर नगर निगम आगरा तथा कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह एवं प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला नगर निगम वाराणसी से भाजपा के महापौर व पार्षद प्रत्याशियों के नामांकन में पहुंचे। राय ने बताया कि नगर निगम मथुरा में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह तथा प्रदेश मंत्री विजय शिवहरे व नगर निगम मुरादाबाद में राज्य मंत्री जसवंत सैनी तथा प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह नामांकन में सम्मिलित हुए। नपाप तथा नगर पंचायतों में भाजपा प्रत्याशियों की नामांकन के दौरान शामली में प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश खटीक, मुजफ्फरनगर में प्रदेश सरकार के मंत्री सोमेन्द्र तोमर, बिजनौर में प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, संभल में प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह, अमरोहा में प्रदेश सरकार के मंत्री संजय गंगवार, मैनपुरी में प्रदेश सरकार के मंत्री अनूप प्रधान, फिरोजाबाद जिला में प्रदेश सरकार के मंत्री अजीत पाल, फतेहपुर में प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान, जालौन में प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मवीर प्रजापति, ललितपुर में प्रदेश सरकार के मंत्री रामकेष निषाद, बहराइच में प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद, हरदोई में प्रदेश सरकार के मंत्री जेपीएस राठौर, रायबरेली में प्रदेश सरकार के मंत्री प्रतिभा शुक्ला, श्रावस्ती में प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश राठौर, सीतापुर में प्रदेश सरकार के मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, उन्नाव में प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर सिंहए गोण्डा में प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर, लखीमपुर में प्रदेश सरकार के मंत्री आशीष पटेल प्रतापगढ़ में प्रदेश सरकार के मंत्री नितिन अग्रवाल, चंदौली में प्रदेश सरकार के मंत्री संजीव गौंड, जौनपुर में प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, गाजीपुर में प्रदेश सरकार के मंत्री रवीन्द्र जायसवाल, कुशीनगर में प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश शर्मा, महराजगंज में प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु सम्मिलत रहें।

30 तक भेजी जा सकेंगी अशोक चक्र पुरस्कार की सिफारिशें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

स्वतंत्रता दिवस 2023 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले अशोक चक्र श्रृंखला के अंतर्गत शौर्य पुरस्कारों की सिफारिशें 30 अप्रैल तक गृह मंत्रालय भारत सरकार को उपलब्ध कराई जानी हैं। सामान्य प्रशासन अनुभाग उप्र सरकार के प्रमुख सचिव जितेंद्र कुमार की ओर से प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस विषय में गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस 2023 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले अशोक चक श्रृंखला के अन्तर्गत देय पुरस्कारों यथा अशोक चक्र, कीर्ति चक एवं शौर्य चक्र के लिए सिफारिशें/ प्रस्ताव भेजे जाने के संबंध में कतिपय निर्देश देते हुए 30 अप्रैल 2023 तक उक्त सिफारिशें भेजे जाने का अनुरोध किया गया है। देय पुरस्कार के लिए यदि कोई प्रस्ताव भेजा जाना हो तो उक्त प्रस्ताव को 30 अप्रैल तक गृह मंत्रालय, भारत सरकार को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को किया गया पुरस्कृत

● नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति ने पुरस्कार प्रदान किए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राष्ट्रीय पंचायत दिवस समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय पुरस्कारों का वितरण सोमवार को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के करकमलों द्वारा किया गया। इस समारोह में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली उत्तर प्रदेश की ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत किया गया। उपनिदेशक पंचायतीराज प्रवीणा चौधरी ने दी। नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत् विकास पुरस्कार के लिए गार्गी चौधरी, ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत मिलक अमावती, विकास खण्ड-डिलारी, जनपद-मुरादाबाद को नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत् विकास पुरस्कार के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय श्रेणी में 1.25 करोड़ रुपए, की धनराशि से पुरस्कृत किया गया है। दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सतत् विकास पुरस्कार के लिए दिलीप त्रिपाठी, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत-हंसुड़ी औसानपुर, विकास खण्ड भनवापुर जनपद सिद्धार्थनगर को दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सतत् विकास पुरस्कार श्रेणी के अन्तर्गत बाल मैत्री थीम-विषय में राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय श्रेणी में 30 लाख रुपए की धनराशि से पुरस्कृत किया गया है। यह पुरस्कार प्रधान सचिव एवं आईएएस निदेशक, पंचायती राज प्रमोद कुमार उपाध्याय एवं उपनिदेशक नोडल अधिकार प्रवीणा चौधरी द्वारा ग्रहण किया गया। आगामी 24 अप्रैल 2023 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी जनपदों में सर्वोकृष्ट अंक प्राप्त करने वाली पंचायतों को जनपद एवं ब्लाक स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

गो-आश्रय स्थलों के लिए किया जाए भूसे का संग्रहण: धर्मपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग मंत्री धर्मपाल सिंह ने आगामी 20 अप्रैल से 20 मई 2023 तक एक माह का विशेष अभियान चलाकर प्रदेश के सभी गोआश्रय स्थलों के लिए भूसे की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि ब्लाक स्तर, पंचायत स्तर पर विकेन्द्रीकृत रूप से भूसा क्रय किया जाए और भूसा हेतु दानदाताओं एवं समाज सेवियों का भी सहयोग लिया जाए। पशुधन मंत्री ने सोमवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में गोशालाओं की व्यवस्थाओं एवं विभागीय योजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा है कि गर्मी के दृष्टिगत गोशालाओं का रख-रखाव व्यवस्थित तरीके से किया जाए और गोवंश को धूप व लू से बचाने के लिए शेड की व्यवस्था, स्वच्छ पानी, बिजली, हरा चारा और पर्याप्त औषधियों की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए।

धर्मपाल ने कहा कि गौ-आश्रय स्थलों में निराश्रित गोवंश के लिए भूसे-चारे की कोई कमी न होने पाए और गोचर भूमियों पर हरा चारा भी उगाया जाए। उन्होंने कहा कि गो संरक्षण केन्द्रों में भी आगामी सात दिनों का विशेष अभियान चलाकर शत-प्रतिशत ईयर टैगिंग का कार्य पूर्ण किया जाए और नियमितता एवं पारदर्शिता के दृष्टिगत मिशन कृत्रिम गर्भाधान के कार्यों की प्रगति ईनाफ पोर्टल पर पूर्ण रूप से अंकित की जाए। प्रदेश को अण्डा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रख्यापित कुक्कुट विकास नीति का क्रियान्वयन तेजी से किया जाए ताकि अधिक से अधिक किसानों एवं कुक्कुट पालकों को इसका लाभ मिल सके। धर्मपाल सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौपालन, कुक्कुट पालन, बकरी पालन, भेड़ पालन तथा सूकर पालन के लिए संचालित योजनाओं के माध्यम से किसानों एवं पशुपालकों की आय को बढ़ाने पर तेजी से कार्य किया जाए, जिससे वह पूर्णत: आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी बन सके। साथ ही पशुपालकों एवं किसानों के पशुधन बीमा आच्छादन को बढ़ाते हुए इसे और अधिक प्रभावी बनाया जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट योजना का नियमित रूप से परीक्षण करते हुए इन सेवाओं को संचालित किए जाने के निर्देश दिए। गोसंरक्षण कार्यों में उदासीनता या लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। प्रदेश के अपर मुख्य सचिव, पशुधन एवं दुग्ध विकास डॉ. रजनीश दुबे मंत्री को भूसा संग्रहण एवं गोशालाओं में आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अवगत कराया और आश्वस्त किया कि उनसे प्राप्त निर्देशों का पूर्णत: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। भूसा संग्रहण के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाए ताकि गोशालाओं में वर्ष पर्यन्त चारे-भूसे की कमी न होने पाए और गोवंश की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किया जाए। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का समुचित लाभ किसानों एवं पशुपालकों को मिले, विभागीय अधिकारी नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण करें और योजनाओं का तेजी से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

साथ ही गोशालाओं में आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में पशुपालन विभाग के निदेशक प्रशासन एवं विकास डॉ. इन्द्रमणि, निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र डॉ. तरूण कुमार तिवारी, यूपीएलडीडी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. नीरज गुप्ता तथा शासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

भाजपा राज में सिर्फ भ्रष्टाचार को मिलता है प्रश्रय: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में सिर्फ भ्रष्टाचार को प्रश्रय मिलता है। तमाम योजनाओं को आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है ताकि बजट की धनराशि खुर्दबुर्द की जा सके। मुख्यमंत्री और उनके सहयोगी मंत्री सिर्फ बहकाने वाली भाजपा बोलते हैं। जनता अब भाजपा की नस-नस से वाकिफ हो चली है। वह नगर निगम और नगर पंचायतों के चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने के लिए तैयार है।

अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में विकास के सभी काम ठप हैं। जनहित की योजनाओं पर या तो ताला लगा है अथवा उनमें जानबूझकर देरी की जा रही है। भाजपा के संकल्प पत्र के तमाम वादे अब लुगदी में तब्दील हो गए हैं। भाजपा सरकार अपनी नाकामियां छुपाने के लिए नित नए-नए मुद्दे उछाल रही है। भाजपा के सभी वादे जुमला निकले। प्रदेश की जनता अब भाजपा के बहकावे में आने वाली नहीं है। वह भाजपा के हर वादे की जवाबदेही तय करेगी।

उन्होंने कहा कि कालीन की विश्व प्रसिद्ध नगरी ज्ञानपुर में जलजीवन मिशन योजना सुस्त पड़ी हुई है। अगस्त 2019 में इस मिशन की शुरूआत हुई थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 989 राजस्व

गांवों में अब तक एक भी गांव में पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी है। नई टंकियों का निर्माण अधूरा है। सड़कों के गड्ढे भरे जाने की तारीख पर तारीख घोषित होती रही लेकिन वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आया है। तमाम सड़कें ऊबड़-खाबड़ पड़ी है। जिन पर लोगों को चलना मुश्किल है। आए दिन दुर्घटनाओं में लोगों की जानें जा रही है।

भदोही में डेडलाइन पूरी हो जाने के बाद भी जलजीवन मिशन के तहत पेयजल टंकी का काम अधूरा है। अप्रैल में 40 गांवों तक पानी पहुंचाने का दावा खोखला साबित हो रहा है। शुरुआत में ही भीषण गर्मी से प्रदेशवासियों का बुरा हाल है। पेयजल के साथ बिजली संकट से हाहाकार है। बिजली कटौती से किसानों की मक्का की फसल प्रभावित हो रही है। बिजली की समस्या से किसान परेशान है। सिंचाई नलकूपों में बिजली मुश्किल से 4-5 घंटे मिल रही है। समाजवादी सरकार में बिजली उत्पादन ओर वितवरण की जो व्यवस्था बनी थी, वह भाजपा सरकार में बर्बाद हो गई। बिजली उत्पादन में बाधाएं हैं, वितरण व्यवस्था चरमरा गई है। बिजली की कटौती, ट्रिपिंग, लोवोल्टेज से जनता परेशान है।

सपा प्रमुख ने पूर्व पीएम चंद्रशेखर की जयंती पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लोकप्रिय समाजवादी नेता, विद्वान लेखक, प्रखर वक्ता एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर की 96वीं जयंती पर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। यादव ने कहा कि बलिया के एक साधारण परिवार से निकलकर देश की राजनीति में अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाने वाले चन्द्रशेखर ने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। सच के लिए वे कोई भी जोखिम उठाने को तैयार रहते थे। उन्हें अपनी भोजपुरी भाषा और देशी वेषभूषा से विशेष प्रेम था।

यूपी निकाय चुनाव के प्रथम चरण में विभिन्न पदों के लिए दाखिल हुए 51842 नामांकन पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन, 2023 के प्रथम चरण में प्रदेश के 9 मण्डलों के 37 जनपदों में विभिन्न पदों के लिए सोमवार को अंतिम दिन 26364 ;गोरखपुर एंव वाराणसी की सूचना अप्राप्तद्ध नामांकन पत्र दाखिल हुए। इस प्रकार प्रथम चरण में विभिन्न पदों के लिए कुल 51842 नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं। प्रथम चरण हेतु दाखिल आवेदन.पत्रों को कल 18 अप्रैल को संवीक्षा करायी जाएगी। आगामी 20 अप्रैल तक कोई भी उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकता है। 21 अप्रैल को प्रतीक आवंटन तथा 4 मई को प्रथम चरण का चुनाव कराया जाएगा। उत्तर प्रदेश के राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि प्रदेश के प्रथम चरण में 10 नगर निगमों में 840 पदों पर निर्वाचन सम्पन्न कराया जाना है। जिसमें नगर निगम के 10 महापौरए 830 पार्षद तथा 104 नगर पालिका परिषदों में 104 अध्यक्ष तथा 2776 सदस्य एवं 276 नगर पंचायतों में 276 अध्यक्ष तथा 3682 सदस्यों का निर्वाचन कराया जायेगा। इस प्रकार प्रदेश के 37 जनपदों में प्रथम चरण में कुल 390 निकायों तथा 7288 वार्डों में निर्वाचन कराने के लिए 23617 मतदान स्थल तथा 7362 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। प्रथम चरण में 10 नगर निगमों के पदों हेतु 11667824 मतदाता 104 नगर पालिका परिषदों के लिए 7463830 मतदाता तथा 276 नगर पंचायतों में 4878156 मतदाता अर्थात् कुल 24009810 मतदाता अपने मतदान का प्रयोग कर सकेंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि नगर निगमों के अन्तर्गत महापौर एवं पार्षदों के पदों पर ईवीएम से निर्वाचन कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि शेष पदों पर निर्वाचन के लिए मतपेटिकाओं का प्रयोग किया जाएगा। मनोज कुमार ने बताया कि निर्गत अधिसूचना के अनुसार द्वितीय चरण हेतु 9 मण्डलों के 38 जनपदों में प्रथम नामांकन दिवस में आज विभिन्न पदों के लिए 22 नामांकन दाखिल किए गए। कानपुर नगर निगम के पार्षद पद के लिए 2, नपाप कानपुर देहात के अध्यक्ष एंव सदस्य के पद पर 1.1, सदस्य नपाप बुलन्दशहर के पद पर 3, हमीरपुर के सदस्य पद 1, अमेठी के सदस्य पद पद 1, सुल्तानपुर के सदस्य पद पर 1, बस्ती के सदस्य पद पर 1 एवं बलिया के सदस्य पद पर 1 नामांकन प्राप्त हुआ।

वन रक्षक चयन परीक्षा में फ्राड करने वाला साल्वर गैंग का लीडर व परीक्षार्थी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

यूपीएसएसएससी द्वारा आयोजित वन रक्षक चयन परीक्षा में चयन के पश्चात दौड़ तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लेते समय परीक्षार्थी तथा गैंग लीडर को लखनऊ के गुड़ंबा थाना क्षेत्र स्थित परीक्षा केंद्र से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से एक चेक लिस्ट, कूटरचित प्रवेश पत्र, आधार कार्ड, एटीम कार्ड और 1550 रुपए बरामद हुए।

यूपीएसएसएससी द्वारा आयोजित वन रक्षक चयन परीक्षा में चयन के पश्चात् शारीरिक मानक परीक्षा एवं दौड़ विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होना प्रस्तावित थी। इस परीक्षा में सॉल्वर गैंग के सक्रिय होने की गोपनीय सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। परीक्षा को सकुशल एवं नकलविहीन ढंग से सम्पन्न कराए जाने के लिए एसटीएफ की विभिन्न इकाइयों को अभिसूचना संकलन के लिए निर्देशित किया गया था।

इस दौरान सोमवार को विश्वस्त सूत्रों के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज कुर्सी रोड थाना गुड़ंबा जनपद लखनऊ में सॉल्वर गैंग का सक्रिय सदस्य-परीक्षार्थी विकास कुमार परीक्षा केन्द्र के अन्दर परीक्षा देने गया है। उक्त सूचना पर एसटीएफ मुख्यालय की टीम द्वारा उक्त परीक्षा केन्द्र में परीक्षा दे रहे साल्वर विकास कुमार निवासी मथुरा और

विकास कुमार, उमेश कुमार

गैंग लीडर उमेश कुमार निवासी बुलंदशर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि उमेश साल्वर गैग का लीडर है जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में साल्वर बैठाने का काम पिछले आठ वर्षों से कर रहा है। वन रक्षक हेतु आयोजित शारीरिक मानक एवं दक्षता परीक्षा (दौड़) में लोकेष के स्थान पर विकास कुमार को साल्वर के रूप में परीक्षा केन्द्र पर बैठाया था एवं अपने परीक्षा केन्द्र के बाहर खड़ा था। उल्लेखनीय है कि साल्वर विकास कुमार वर्ष 2022 में उपनिरीक्षक पद पर चयनित होकर जनपद सुलतानपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है।

सतत विकास लक्ष्य पर आधारित कार्यशाला का शुभारंभ

पायनियर समाचारा सेवा। लखनऊ

प्रदेश के सतत विकास लक्ष्यों के क्रियान्वयन एवं प्रभावी अनुश्रवण के लिए लखनऊ स्थित योजना भवन के सभागार में 'कन्सुलेशन फॉर स्ट्रेन्थिनिंग द एसआईएफ एण्ड डीआईएफ ऑफ उत्तर प्रदेश' पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में राज्य सरकार के सभी स्टेक होल्डर विभागों के नोडल ऑफिसर, मास्पी भारत सरकार के अधिकारी तथा यूएनडीपी के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार ने बताया कि 25 दिसम्बर 2015 को संयुक्त राष्ट्र संघ के शिखर सम्मेलन में 193 देशों के राष्ट्राध्यक्षों द्वारा एसडीजी एजेण्डा 2030 अपनाया गया था। इसे पहली जनवरी 2016 को अधिकारिक रूप से लागू किया गया था। वैश्विक स्तर पर एजेण्डा 2030 को प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से 17 सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स 169 टार्गेट तथा 242 ग्लोबल इंडिकेटर फ्रेमवर्क विकसित किए गए हैं।

प्रदेश में इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए स्टेट इंडिकेटर फ्रेमवर्क के 101 इंडिकेटर एवं डिस्ट्रिक इण्डिकेटर फ्रेमवर्क के 146 इण्डिकेटर विकसित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश की रैंकिंग में सुधार के लिए 214 प्राक्सी इंडिकेटर भी विकसित किए गए हैं। एसडीजी की प्रगति में तेजी लाने के उद्देश्य से सांख्यिकीय और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय (मास्पी) भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार एवं यूएनडीपी के मध्य 15 मार्च 2023 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया था। इंस्टीट्यूशनल स्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के लिए प्रभावी एसडीजी प्लानिंग, इम्पलीमेंटेशन एवं मॉनीटरिंग की आवश्यकता है। सभी इंडिकेटर के लिए स्टेक होल्डर विभाग के परामर्श महत्वपूर्ण हैं। मास्पी और यूएनडीपी का परामर्श भी हमारे लिए महत्वपूर्ण है। उद्देश्य सभी के परामर्श एवं सहयोग से सतत विकास लक्ष्य को शीघ्रता से प्राप्त करना है। मास्पी भारत सरकार की तरफ से उप महानिदेशक मास्पी डॉ. आशुतोष ओझा, डॉ. संजय कुमार, अमित कुमार, यूएनडीपी की ओर से जमोन उत्थप, सौम्या गुहा तथा राज्य सरकार की ओर से विशेष सचिव नियोजन आशुतोष निरंजन और निदेशक आनंद मिश्रा सहित सभी स्टेक होल्डर विभागों के नोडल अफसरों ने अपने- अपने विचार व्यक्त किए।

सपा के पूर्व प्रदेश सचिव अजय त्रिपाठी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव और प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव रहे अजय त्रिपाठी मुन्ना ने सपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव को भेज दिया है। त्रिपाठी को शिवपाल सिंह यादव का बेहद खास माना जाता है। अपने इस्तीफे में उन्होंने लिखा है कि उन्होंने विगत् वर्ष 2011 से समाजवादी पार्टी के विधानसभा प्रभारी, लोकसभा प्रभारी के साथ-साथ समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रहते हुए हर प्रकार से पार्टी को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया। वर्ष 2017 में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी बनने के बाद संस्थापक महानगर अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव उसके बाद प्रदेश का प्रमुख महासचिव रहते हुए पार्टी को हर प्रकार से मजबूती प्रदान करने का कार्य किया। आन्दोलनों के दौरान लगभग 10 से 11 मुकदमें भी हमारे ऊपर दर्ज हुए उसके उपरान्त भी हमने पार्टी के लिए कार्य करना नहीं बन्द किया। वर्ष 2022 में आपके द्वारा यह भी कहा गया था कि हर हाल में आपको विधानसभा का चुनाव लड़ाया जाएगा वह भी नहीं हुआ लेकिन उसके बाद भी हम पार्टी एवं आपके लिए कार्य करते रहे। वर्तमान में पार्टी की जो रीति और नीति है उसमें हम काम कर पाने में अपने को सक्षम नहीं पा रहे हैं। इसलिए अब पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं।

कर्मचारियों की मांगों पर अब 18 मई को किया जाएगा सभी जिलों में प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कर्मचारियों की लम्बित मांगों को लेकर इप्सेफ (इन्डियन पब्लिक सर्विस इम्प्लाइज फेडरेशन) के आह्वान पर उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में होने वाला धरना-प्रदर्शन 18 मई को किया जायेगा, तभी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को दोबारा ज्ञापन प्रेषित किया जायेगा। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष वीपी मिश्र एवं महासचिव शशि कुमार मिश्र ने बताया कि 11 अप्रैल को स्थानीय निकाय चुनाव आचार संहिता एवं धारा 144 लगने के कारण धरना प्रदर्शन अब 18 मई को सभी जनपद मुख्यालयों पर होगा और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को दोबारा ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। शशि कुमार मिश्र ने बताया कि 4 वर्ष से लंबित वेतन समिति की संस्तुतियों को लागू नहीं किया जा रहा है, महंगाई भत्ते की किस्त का भुगतान नहीं किया गया है, स्थानीय निकायों एवं अन्य विभागों में कैडर पुनर्गठन एवं अन्य मांगों का समाधान नहीं हुआ है जिससे सातवें वेतन आयोग का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसके अलावा रिक्त पदों पर भर्ती, पदोन्नतियां, सेवा नियमावली में संशोधन नहीं किया गया है, आउटसोर्सिंग, संविदा कर्मियों की सेवा सुरक्षा के लिए स्थायी नीति नहीं बन पाई है। आंगनवाड़ी, सहायिका एवं स्वास्थ्य विभागों में पैरामेडिकल कर्मचारियों की समस्याएं असुलझी पड़ी हैं। मंत्रीगण शासन के अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष अपने कर्मचारियों की समस्याओं पर बैठक नहीं कर रहे हैं। शासन की स्थानांतरण नीति के विपरीत स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों-पदाधिकारियों के स्थानांतरण निरस्त नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा है कि सरकार कर्मचारी संगठनों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। नगर प्रतिकर भत्ता (सीसीए) को बहाल नहीं किया गया है। वीपी मिश्रा ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि कर्मचारियों की पीड़ा को मिल बैठकर सुलझाएं वरना इन निकाय चुनाव में पीड़ित कर्मचारी समाज खास कर निकाय के कर्मचारियों व उसके परिवार की अहम भूमिका रहेगी। प्रदेश के कर्मचारी परिवार से जानकारी करें तो पता चल जाएगा कि वह सरकार से खुश हैं या नाराज। उन्होंने खेद व्यक्त किया है कि न तो वे स्वयं बैठक कर रहे हैं और न मुख्य सचिव एवं अपर मुख्य सचिव-प्रमुख सचिव, सचिव एवं विभागाध्यक्ष। उन्होंने कहा कि जब परिवार का मुखिया परिवार के सदस्य की पीड़ा को नहीं सुनते हैं तो परिवार में बिगाड़ व आक्रोश होता है, इसलिए मुख्यमंत्री स्वयं विचार करें।

यूपी पुलिस ने तैयार की टॉप 25 माफियाओं की नई सूची

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद योगी सरकार एक्शन में नजर आ रही है अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए योगी सरकार ने प्रदेश के टॉप 25 माफियाओं की नई सूची तैयार की है। योगी 2.0 में अपराधियो के विरुद्ध शासन के बदले रूप ने पुलिस कार्रवाई के दायरे को बढ़ाया है इसमें अब 25 नए नाम शामिल हैं। लंबे समय से माफिया की सूची में टॉप पर रहा अतीक अहमद का नाम उसकी मौत के साथ खुद-ब-खुद हट गया है। नए सिरे जो माफिया सूचीबद्ध किए गए हैं उनमें भदोही की ज्ञानपुर सीट से 4 बार विधायक रहे बाहुबली विजय मिश्रा, सहारनपुर निवासी बसपा के पूर्व एमएलसी, हाजी इकबाल उर्फ बाला, पश्चिमी उप्र के कुख्यात सुनील राठी, बदन सिंह बद्दो व अंबेडकरनगर के अजय सिपाही समेत अन्य कुख्यात अपराधियो का नाम शामिल किया गया है।

शासन स्तर पर पहले अनुमोदित 25 सूचीबद्ध माफियाओं में माफिया मुख्तार अंसारी, बृजेश सिंह, त्रिभुवन सिंह और पवन सिंह, संजीव महेश्वरी, ओम प्रकाश श्रीवास्तव उर्फ बबलू, सीरियल किलर सलीम-रुस्तम-सोहराब समेत अन्य कुख्यातों के नाम शामिल थे।

यूपी पुलिस ने प्रदेश के 64 माफियाओं को सूचीबद्ध किया है, जिसमे वाराणसी कमिश्नरेट के अभिषेक सिंह उर्फ जहर, बृजेश कुमार सिंह व सुभाष ठाकुर का नाम शामिल है। कानपुर कमिश्नरेट सऊद अख्तर, लखनऊ के लल्लू यादव, बच्चू यादव, जुगनू वालिया उर्फ हरविंदर सिंह, प्रयागराज कमिश्नर के बच्चा पासी उर्फ निहाल पासी, दिलीप, जावेद उर्फ पप्पू, राजेश यादव, गोरखपुर जोन के संजीव द्विवेदी उर्फ रामू द्विवेदी, राकेश यादव, सुधीर कुमार, विनोद कुमार उपाध्याय, राजन तिवारी, रिजवान जहीर, देवेंद्र सिंह गौतम बुध नगर कमिश्नरेट के सुंदर भाटी, शिवराज भाटी, अमित कसाना, अनिल भाटी, प्रदीप भाटी, मनोज उर्फ आसे, अनिल दुजाना, लखनऊ जोन के खान मुबारक, अजय प्रताप सिंह उर्फ अजय सिपाही, संजय सिंह सिंघाड़ा, अतुल वर्मा, वाराणसी जोन के मुख्तार अंसारी, त

विशेष प्रवर्तन अभियान में हुई ताबड़तोड़ छापेमारी

● पुलिस, प्रशासन और आबकारी की संयुक्त टीम ने किए 17 अभियोग दर्ज

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत अवैध मदिरा के निर्माणए बिक्री, परिवहन पर अंकुश लगाए जाने के लिए आबकारी आयुक्त उप्र के आदेश, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा के दिशा निर्देश, डीईओ कुलदीप दिनकर के नेतृत्व में प्रशासनए पुलिस, आबकारी की संयुक्त टीमो ने विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। जो 13 मई तक चलेगा। डीईओ कुलदीप दिनकर ने बताया कि सभी आबकारी निरीक्षकों द्वारा लगातार अपने-अपने क्षेत्रो में कार्य कर रहे है, जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाये, इस प्रकार जनपद में दबिश के दौरान जनपद में कुल 17 अभियोगो को पंजीकृत किया। 275 लीटर अवैध शराब और 1000 किग्रा लहन बरामद की। इसके साथ ही सननिकट चुनाव के दृष्टिगत क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों द्वारा फुटकर आबकारी दुकानों के औचक निरीक्षण भी किया। जनपद खीरी के आबकारी निरीक्षक अवधेश कुमार क्षेत्र 1 सदर ने ग्राम रुद्रपुर खुर्द थाना खीरी में दविश देकर गांव के संदिग्ध स्थानों पर दबिश देने पर प्लास्टिक की पिपियो में लहन और प्लास्टिक की बोतलों से कच्ची शराब बरामद की। मौके पर एक अभियुक्त को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक रुद्र कांत मिश्र क्षेत्र 2 मोहम्मदी ने मय स्टाफ ग्राम इमलिया घाट, पुरैना घाट, मियापुर, मगरैना थाना मोहम्मदी में दविश दी। दबिश में संदिग्ध स्थानों और जंगल से भारी मात्रा में कच्ची शराब, चढ़ी भट्ठियां और लहन बरामद की। मौके पर चढ़ी भट्ठियों, ड्रमों और लहन को नदी पार करके नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक केपी सिंह क्षेत्र 4 पलिया ने ग्राम श्रीनगर थाना पलिया में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध घरों से प्लास्टिक के पाउचों में कच्ची शराब और पीपों में लहन बरामद की। मौके पर लहन को नष्ट करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक प्रेम सिंह क्षेत्र 5 गोला ने ग्राम रामा लक्ष्मणपुर, रामपुर, राजगढ़, पकरिया, इटकुटी, कांबा टांडा, थाना भीरा में दविश दी। दबिश में संदिग्ध घरों व उनके आसपास के इलाकों में दबिश देने पर भारी मात्रा में कच्ची शराब और चढ़ी भट्ठी एवं लहन बरामद की। मौके पर चढ़ी भट्ठी और लहन को नष्ट करते हुए दो अभियुक्तों को कच्ची शराब बिक्रित करते हुए गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक विजय चन्द जायसवाल क्षेत्र 6 मितौली ने मय स्टाफग्राम भवडा ग्रांट जंगल थाना मैगलगंज में दविश दी। दविश के दौरान जंगल के संदिग्ध स्थानों से कच्ची शराब बरामद की। आबकारी निरीक्षक अब्दुल अज़ीज़ क्षेत्र 7 धौरहरा ने मय स्टाफ ग्राम समदहा शारदा नदी के किनारे थाना धौरहरा में दबिश दी। दबिश में नदी किनारे से कच्ची शराब और लहन बरामद की। मौके पर लहन को नष्ट किया।

भाजपा प्रत्याशी अंबरीष गुप्ता ने किया नामाकंन

संवाददाता। सीतापुर

● जुलूस निकालकर पहुंचे तहसील मुख्यालय एमएलसी पवन सिंह चौहान, विधायक आशा मौर्या, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता भी रहे साथ

● सपा से पूर्व चेयरमैन मोहम्मद अहमद पहले ही कर चुके नामाकंन

● पुराने भाजपाई पूर्व चेयरमैन सुरेश वर्मा और भाजपा नगर उपाध्यक्ष अतुल वर्मा निर्दलीय लड़ेगें चुनाव

नामाकंन पत्र जमा करने के लिए सोमवार को अंतिम दिन तहसील मुख्यालयों पर प्रत्याशियों और प्रस्तावकों की भीड़ रही। दलीय और निर्दलीय प्रत्याशी मुख्यालयों पर प्रस्तावकों के साथ पहुंचे अधिकतर जगहों पर पार्टी के वरिष्ठ नेता एमएलसी, विधायक, पूर्व विधायक प्रत्याशियों के नामाकंन पत्र जमा कराने में शामिल हुए। नगरपालिका परिषद महमूदाबाद में भाजपा प्रत्याशी अंब्रीष गुप्ता ने अपना नामाकंन पत्र दाखिल किया। नगर के बजाजा बाजार स्थित पुरवाल वैश्य धर्मशाला में बनाए गए चुनाव कार्यालय से वह जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के साथ जुलूस की शक्ल में तहसील कार्यालय पहुंचे, और अपना नामाकंन पत्र जमा किया। अम्ब्रीष गुप्ता पहले नगरपालिका परिषद महमूदाबाद के चुनाव में ममता सोनी को चेयरमैन बनवाने में कामयाब रहे थे। नामांकन मे उनके साथ सीतापुर से भाजपा एमएलसी पवन सिंह चौहान महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता, भाजपा नेता मोहन बारी, सतोंष सिंह, आकाश मौर्य, सर्राफा व्यापारी कुंवर रस्तोगी, शैलेन्द्र रस्तोगी, व्यापारी शिवदास पुरवार सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूर्व चेयरमैन मोहम्मद अहमद ने सपा से अपना नामाकंन पत्र पहले ही जमा कर चुके हैं। चुनाव में भाजपा के नगर उपाध्यक्ष अतुल वर्मा ने भी पार्टी से टिकट नहीं मिला तो निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में नामाकंन किया। पूर्व चेयरमैन एवं पुराने भाजपा नेता सुरेश वर्मा ने भी भाजपा से टिकट न मिलने पर निर्दलीय नामाकंन किया है। भाजपा के यह नेता कहीं न कहीं पार्टी प्रत्याशी के लिए मुश्किलें खड़ी करेंगे। इसके अलावा बसपा से ज्ञान सागर गुप्ता, रेशम पत्नी यूसुफ इब्राहिम, नदीम, पुतान, प्राची पटेल पत्नी अतुल वर्मा, शिली गुप्ता पत्नी अम्ब्रीष गुप्ता, उर्मिला पत्नी अवधेष, आमिर अराफत, सुरेश वर्मा, मोहम्मद सरीफ रिंकी पत्नी ज्ञान सागर गुप्ता आदि ने निर्दलीय नामाकंन पत्र जमा किया है। ए आई एम आई एम से शहनवाज अली भी चुनावी मैदान में भाग्य आजमाने के लिए नामाकंन कर चुके हैं।

स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

संवाददाता। सीतापुर

स्वर्गीय राजरानी विश्वनाथ मानव सेवा संस्थान द्वारा संचालित खैराबाद हॉस्पिटल नेशनल हाईवे जयसवाल ढाबा के निकट खैराबाद में एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन प्रांत कार्यवाह एडवोकेट प्रशांत शुक्ला के द्वारा फीता काटकर किया गया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खैराबाद हॉस्पिटल द्वारा जो पुनीत कार्य मानव सेवा के लिए किए जा रहे हैं यह बहुत पुनीत कार्य है इस दौरान अस्पताल प्रशासन द्वारा मुख्य अतिथि का अंग वस्त्र स्मृति चित्र देकर के सम्मानित किया गया। शिविर में लगभग 120 मरीजों स्वास्थ्य परीक्षण किया गया वह निशुल्क दवा वितरण के साथ-साथ निशुल्क जांच भी की गई इस अवसर पर डॉ मृदुल मिश्रा एम बी बी एस मिडिशन, डॉ एके श्रीवास्तव त्वचा, दाद खाज खुजली वा चर्म रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर शकील अहमद फिज़ीशियन, डॉ एके गौतम जनरल फिजिशियन, फार्मासिस्ट मोहम्मद शमी, फार्मासिस्ट उरूज अहमद, द्वारा अस्पताल परिसर पर आए हुए सभी लोगों का परीक्षण किया गया।। इस अवसर पर अस्पताल संचालक धीरज शुक्ला, शबी इरम कोषाध्यक्ष स्व राजरानी विश्व नाथ मानव सेवा संस्थान, नागेश्वर कुमार शुक्ला अध्यक्ष स्व राजरानी विश्वनाथ मानव सेवा संस्थान , एडवोकेट समीर अहमद, अजितेश शुक्ला नगर उपाध्यक्ष खैराबाद भारतीय जनता पार्टी, मो अक्श अस्पताल सह संचालक, पीयूष कुमार , विनीत मिश्रा, कमल किशोर, विकास कुमार, रवि शुक्ला, मोहम्मद , अमित कुमार, सदफ, स्वाति, रवि कुमार यादव, अतुल कुमार यादव, अंकित कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

डीएम ने किया नामांकन कक्षों का निरीक्षण

● व्यवस्थाएं देखीं और संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता। शाहजहाँपुर

जिला प्रशासन की व्यापक तैयारियों के बीच नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन हेतु नामांकन प्रक्रिया प्रारम्भ हुयी। डीएम उमेश प्रताप सिंह ने नामांकन कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी एवं राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0 द्वारा जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुये नामांकन प्रक्रिया पूर्ण कराने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। कहा कि निष्पक्ष स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन सुनिश्चित कराने हेतु सभी अधिकारी पूर्ण मनोयोग से दिये गये दायित्वों का निर्वहन करें। निर्वाचन कार्यो में अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये थे। इस क्रम में नगरपालिका तिलहर के रिटर्निंग ऑफिसर जितेंद्र सिंह (सहायक अभियंता) द्वारा अनुपस्थित रह कर निर्वाचन कार्य में घोर लापरवाही बरती गई है, इनके विरुद्ध नोटिस जारी करते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने एवं विभागीय कार्रवाई किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। इनके स्थान पर मानवेंद्र सिंह को रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में तैनात कर दिया गया। नगर निगम वार्ड संख्या 21 से 25 हेतु तैनात रिटर्निंग ऑफिसर डॉ0 दिवाकर शर्मा (प्रधानाचार्य एलपीजेपी इण्टर कालेज तिलहर) के अनुपस्थित पाए जाने पर इनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना सदर बाजार में भेजी गई है तथा मुकदमा दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है। इनके अनुपस्थित रहने से निर्वाचन कार्य प्रभावित हुआ है, जो घोर लापरवाही है, ये जानबूझकर फोन स्विच ऑफ कर गायब हैं, इसलिए मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक को भी विभागीय कार्यवाही के लिए पत्र प्रेषित किया जाएगा।

नगर निकाय निर्वाचन के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों की बैठक आहूत

अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में जानकारी देने हेतु राजनीतिक दलों की एक बैठक बुलाई गई है जो दिनांक 18 अप्रैल 2023 को अपराह्न 4:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी।

नगर पंचायत हरगांव का अध्यक्ष पद अब तक नहीं हुआ आरक्षित

सीतापुर। नगर पंचायत हरगांव की राजा विराट की नगरी से विख्यात नगर हरगांव की एक विशेषता यह है कि यहां अभी तक ओबीसी और अनुसूचित जाति के लिए सीट कभी आरक्षित नहीं की गई। वर्ष 1988 से लेकर अब तक अनारक्षित और सामान्य महिला के लिए सीट आरक्षित होती रही है। यहां बता दें कि नगर पंचायत हरगांव का गठन 3 जनवरी 1986 को हुआ था। और पहला चुनाव वर्ष 1988 में संपन्न हुआ। इस नगर पंचायत में लगभग 6 हजार 500 ब्राह्मण मतदाता और लगभग 6 हजार मुस्लिम मतदाता है। इसके अलावा अन्य जाति बिरादरी के वोटर है। नगर में तकरीबन 18 हजार मतदाता है। ऐसे में अन्य मतदाता ज्यादातर निर्णायक की भूमिका में रहते है। यही नहीं स्थानीय जानकारों का कहना है ब्राम्हण मतदाताओं में भी बिखराव हो जाता है। वैसे नगर पंचायत हरगांव में सबसे पहला चुनाव 1988 में हुआ था। उस समय पहले चेयरमैन चुने गए अश्वनी कुमार मिश्रा की कार्यकाल में ही मृत्यु हो गई, तो प्रशासक नियुक्त कर दिया गया। वर्ष 1996 में जब दूसरी बार मतदान हुआ, तो अश्वनी कुमार मिश्रा की पत्नी निर्मला मिश्रा चेयरमैन बन गई।

क्विक न्यूज

कानून व्यवस्था के खिलाफ 19 को करेंगे धरना प्रदर्शन

बरेली। आईएमसी के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा ने अपने आवास पर प्रेस वार्ता के दौरान बताया उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था के खिलाफ19 अप्रैल को करेंगे इस्लामिया ग्राउंड में धरना प्रदर्शन , मौलाना तौकीर बोले उत्तर प्रदेश में जंगलराज कायम है, जुल्म की इंतहा हो गई है, महिलाओं का घर से निकलना दूभर है। पुलिस का दबाव बढ़ता जा रहा है। उपरोक्त विचार आईएमसी के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा ने प्रेस वार्ता के दौरान व्यक्त किए । उन्होंने कहा प्रदेश में सरकार व अपराधिक व्यक्तियों का गठजोड़ है। पुलिस राज खत्म हो कानून का राज कायम होना चाहिए। अदालतों की अहमियत बरकरार रहनी चाहिए। उन्होंने कहा विकास दुबे से लेकर अभी तक जितने भी एनकाउंटर किए गए हैं, उनकी निष्पक्ष जांच कर इसमें शामिल लोगों के खिलाफ 120 बी के तहत कार्यवाही की जाना चाहिए। बिना नाम लिए उन्होंने प्रदेश के मुखिया की ओर इशारा किया मांग की मिट्टी में मिला देने की बात कहने वाले के खिलाफभी 120 बी के तहत कार्रवाई होना चाहिए। उन्होंने कहा वह विभिन्न मुद्दों को लेकर 19 अप्रैल को अपने समर्थकों के साथ इस्लामिया इंटर कॉलेज में धरना प्रदर्शन करेंगे।

शिवम् हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त फरार

शाहजहांपुर। पुलिस ने ट्रांसपोर्ट मैनेजर की पीट-पीटकर हत्या करने वाले पांचवे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से एक प्लास्टिक का पाइप बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।बता दें कि, अभी भी मुख्य आरोपी तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंच पाए हैं। पुलिस पिटाई के वायरल वीडियो में दिख रहे लोगों को चिन्हित कर उनको गिरफ्तार कर रही है। फिलहाल पुलिस जल्द मुख्य आरोपी समेत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कर रही है।चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अजीजगंज निवासी ट्रांसपोर्ट मैनेजर शिवम जौहरी की थाना सदर बाजार क्षेत्र में स्थित कन्हैया हौजरी की चौथी मंदिर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। जिसका एक वीडियो भी वायरल हुआ था।पुलिस ने मुख्य आरोपी ट्रांसपोर्ट मालिक बंकिम सूरी समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज दिया था। पुलिस ने वायरल वीडियो में पिटाई करने वाले दिख रहे लोगों को चिन्हित करना शुरू कर दिया। चार आरोपी पहले से जेल में हैं।आरोपी बोला- चौथी मंजिल पर पीटा गया थापुलिस ने वीडियो में दिखने वाले एक आरोपी अमित चौरसिया को गिरफ्तार किया है। उसके पास से प्लास्टिक का पाइप भी बरामद किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि इसी पाइप से ट्रांसपोर्ट मैनेजर शिवम जौहरी को कन्हैया हौजरी की चौथी मंजिल पर पीटा गया था। हालांकि मामले में पहले लोहे की रॉड से पीटने की बात सामने आई थी। आज पकड़े गए आरोपी को भी जेल भेज दिया गया है। एसपी एस आनंद ने बताया कि ट्रांसपोर्ट मैनेजर की हत्या के मामले में पांचवें आरोपी को जेल भेजा गया है। वीडियो की जांच की जा रही है। उसमे दिखने वाले लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। दो आरोपी फरार है। जिनकी तलाश की जा रही है।

सुनीता राजवंशी ने सपा से जमा किया नामाकंन पत्र

सीतापुर। नगर निकाय चुनाव की विसात बिछ चुकी है। अंतिम दिन समाजवादी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी सहित विभिन्न दलों के घोषित उम्मीद्वारों और निर्दलीय अध्यक्ष एंव सभासद पद के प्रत्याशियों ने अपना-अपना नामाकंन किया। नगरपालिका मिश्रिख नैमिषारण्य के लिए सोमवार को समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी सुनीता राजवशी ने अपना नामाकंन पत्र जमा किया। तहसील मिश्रिख में उनका नामाकंन पत्र जमा कराने पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी और पूर्व विधायक अनूप गुप्ता साथ में पहुंचे। उधर भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सुमन भार्गव ने भी अपना नामाकंन पत्र प्रस्तुत किया। सुमन भार्गव के साथ भाजपा से मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव व कई समर्थक पार्टी कार्यकर्ता भी पंहुचे। जाहिर सी बात है अब इस सीट पर पूर्व मंत्री, व वर्तमान विधायक की कहीं न कहीं प्रतिष्ठा दाव पर लग गई है। जीत का ताज किसके सिर सजेगा। यह तो 13 मई को नतीजा आने के बाद ही पता चल सकेगा। उधर बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी कुंती देवी ने भी अपना नामांकन पत्र जमा किया। उनके साथ बसपा के विधान सभा मिश्रिख क्षेत्र अध्यक्ष विनोद भारती नामाकंन पत्र जमा कराने पहुंचे। फिलहाल सभी अपने लिए जनता का भरपूर समर्थन मिलने का दावा कर रहे है।

स्कूल जा रहे बच्चे को कार ने रौंदा

बरेली। स्कूल जाने के लिए घर से निकले बच्चे को तेजी से आ रही ईको कार ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शीशगढ़ थाने के गांव सहोड़ा निवासी भूखन सैनी के 5 वर्षीय बेटे यश कि आज सुबह घर से कुछ ही दूरी पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घरवालों ने बताया कि यस का प्रवेश इसी साल भर से कुछ ही दूरी पर स्थित सपड़ा इंटर कॉलेज में कराया गया था वह एन सी का छात्र था और आज सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकला था लेकिन घर से कुछ ही दूरी पर उसने एक दुकान से खाने के लिए टॉफी खरीदी थी इसके बाद सड़क पार करते समय उसे तेजी से आ रही ईको कार ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कार को रोकने की कोशिश की लेकिन उसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया मौके पर पहुंचे गांव के लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर हंगामा कर रहे लोगों को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

धार्मिक स्थलों पर विशेष सफाई व्यवस्था रखने का फरमान

शाहजहाँपुर। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा ईद-उल-फितर के दृष्टिगत नगर में स्थित धार्मिक स्थलों पर विशेष सफाई व्यवस्था रखने, शुद्व जलापूर्ति एवं मार्ग प्रकाश को दुरुस्त रखने के समबन्ध में दिये निर्देशों के अनुपालन में समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों के आसपास विशेष सफाई एवं संचारी रोग अभियान के अन्तर्गत रोस्टर अनुसार विशेष स्वच्छता अभियान, एण्टीलार्वा छिड़काव एवं फागिंग का कार्य वृहद् स्तर पर कराया गया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 मनोज कुमार मिश्रा ने नगर क्षेत्र के ईदगाह पर अपनी उपस्थिति में विशेष सफाई कार्य कराया व निर्देशित किया कि विशेष सफाई कार्य के साथ-साथ चूना छिड़काव, एंटलार्वा छिड़काव एवं फागिंग कार्य कराया जायें। माइक्रो प्लान के अन्तर्गत नगर क्षेत्र के सफाई जोन-01 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार की देखरेख में हाथीथान, सफाई जोन-02 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंष कुमार दीक्षित की देखरेख में अंटा, सफाई जोन-03 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल की देखरेख में भारद्वाजी, सफाई जोन-04 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चन्द्रवीर सिंह सागर की देखरेख में तिराही एवं सफाई जोन-05 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य की देखरेख में फतेपुर रेती में विषेश सफाई अभियान के साथ-साथ एण्टरलार्वा का छिड़काव व फागिंग का कार्य किया गया।

ईद-उल-फितर का त्यौहार सद्भाव और भाईचारे के साथ मनायें: जिलाधिकारी

संवाददाता। शाहजहाँपुर

डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में ईद-उल-फित्तर की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि ईद-उल-फितर के दृष्टिगत समस्त व्यवस्थाए समय से पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाये। अधिशासी अभियन्ता जलनिगम नगरीय को निर्देश दिये कि सड़कों के रिस्टोरेशन का कार्य बुधवार तक पूर्ण कराना तय करें। कार्यदायी संस्था एवं अधिशासी अभियन्ता जल निगम नगरीय को चेतावनी देते हुये कहा कि रिस्टोरेशन कार्य में लापरवाही पाये जाने पर कड़ी विधिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि जनता को कोई भी समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने और नगर निगम के अधिकारियों को साफ-सफाई व्यवस्था, चूना छिड़काव आदि कराये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने ईदगाह मार्ग में पड़ने वाले सभी गड्ढों को भरवाने के निदेश दिये। कहा कि ईद-उल-फितर के त्यौहार को सद्भाव एवं भाईचारे के साथ मनाये। उन्होंने कहा कि अफवाहो पर ध्यान न दें और कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। बैठक के दौरान एसपी एस आनन्द ने बताया कि सुरक्षा हेतु कड़े प्रबन्ध किये गये है। सभी मस्जिदों के पास प्रर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किया जायेगा। उन्होने ईद की बधाई देते हुये कहा ईद-उल-फितर के दौरान कोविड नियमों का पालन अवश्य करें। कहा कि प्रशासन जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। अगर किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित करें। डीएम व एसपी ने उपस्थित सभी को आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं देते हुए आश्वस्त किया कि जो भी समस्याएं हैं, उनका त्यौहार से पहले ही यथासंभव समाधान कर लिया जाएगा। बैठक में मौजूद सभी धर्मो के धर्मगुरुओं व गणमान्य नागरिकों ने आश्वस्त किया कि प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों व नियमों का अनुपालन किया जाएगा। बैठक में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, एडीएम प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, नगर मजिस्ट्रेट डा0 वेद प्रकाश मिश्र सहित सम्बन्धित अधिकारी , गणमान्य नागरिक व धर्मगुरू मौजूद रहे।

हीमोफीलिया रोग नहीं रहा अब अभिशाप

● विश्व हीमोफीलिया दिवस पर हुआ जागरूकता सम्मेलन

संवाददाता। बरेली

विश्व हीमोफीलिया दिवस के अवसर पर जीवन रेखा हीमोफीलिया जन कल्याण समिति के तत्वाधान में 17 अप्रैल को एक जागरूकता सम्मेलन जिला कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीएम शिवाकांत द्विवेदी उपस्थित रहे, एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक महेश पंडित ने की व संचालन अध्यक्ष रेखा रानी ने किया। कार्यक्रम में डीएम ने बताया कि हीमोफीलिया रक्तस्राव ब्लीडिंग से संबंधित एक अनुवांशिक रोग है जिसमें खून के थक्के बनने की प्रक्रिया धीमी हो जाती है चोट लगने से के बाद हीमोफीलिया के रोगियों को अन्य रोगियों की तुलना में अधिक समय तक रक्त स्राव होता रहता है उन्होंने कहा कि बेशक हिमोफीलिया एक गंभीर रोग है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है इसके आगे हथियार डाल दिए जाएं आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति के कारण इस रोग को नियंत्रित करना संभव हो चुका है अब यह रोग अब यह रोग अभिशाप का पर्याय नहीं है आज हीमोफीलिया से पीड़ित रोगी लगभग सामान्य उम्र तक जीवन जी सकते हैं हालांकि अभी तक इस लोक का संपूर्ण उपचार हमसे दूर है लेकिन आधुनिक चिकित्सा विज्ञान अनुसुइया के प्रबंधन और इसके प्रभावी उपचार में काफी सहायक सिद्ध हुआ है मैं समाज के जागरूक लोगों से अपील करता हूं कि वे लोग ऐसे पीड़ित लोगों के सहायतार्थ सहयोगी बनेमुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश ने कहां की हिमोफीलिया दो प्रकार का होता है हिमोफीलिया ए और हीमोफीलिया बी हीमोफीलिया वी में फेक्टर 8 की कमी होती है दूसरी ओर फैक्टर के शून्य या बहुत होने से हीमोफीलिया ठ होता है। आसान शब्दों में कहें तो रक्त का थक्का प्लॉट जमाने के लिए आवश्यक तत्व को सेक्टर कहा जाता है। कार्यक्रम में संस्थापक महेश पंडित एवं अध्यक्ष रेखा रानी ने सभी का आभार व्यक्त किया सहयोग करने वालों में शाइन खानम राजेश रस्तोगी अजहर साहब श्रेयांश पंडित, मंजू सिंह कविता वंश बाल शबनम भी हर्षित रस्तोगी रमा शर्मा मुन्नी देवी, प्रमोद, किरण देवी, शाइस्ता परवीन आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा।

चरित्र प्रमाण-पत्र की वैधता सीमा पुनः दो वर्ष हुई, डीएम ने दिया आदेश

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

● शासन के निर्देश पर डीएम ने जारी किया आदेश

● आवेदक को देना होगा स्व प्रमाणित घोषणा पत्र

नवीन शासनादेश के अनुपालन में जनपद खीरी में 15 अप्रैल की तिथि के बाद निर्गत, हस्ताक्षरित किए जाने वाले प्रारूप पीडब्ल्यूडी टी-4 पर जारी चरित्र प्रमाण-पत्रों की वैधता की सीमा पुन: दो वर्ष कर दी गई है। उक्त आशय की जानकारी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दी। बताया कि प्रमुख सचिव उप्र शासन, लखनऊ द्वारा प्रदेश में माफिया गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए मार्गदर्शक सिद्धान्त के अंतर्गत मा. उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश में प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में पूर्व में शासन द्वारा निर्गत उक्त शासनादेशों में दी गयी व्यवस्था के दृष्टिगत राजकीय कार्यों का अनुबन्ध प्राप्त करने के लिए संभावित निविदादाताओं, नीलामी में भाग लेने वालों को प्रारूप पीडब्लूडी- टी-4 पर दिये जाने वाले चरित्र प्रमाण पत्र निर्गत करते समय निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के लिए निर्दिष्ट बिन्दुओं के बिन्दु संख्या-चार में यह प्रमाण पत्र सामान्यत: दो वर्ष के लिए मान्य होने का निर्देश निर्गत किया है। बताया कि आवेदक को इस आशय का स्वघोषित प्रमाण पत्र भी देना होगा कि उसके विरूद्ध सम्पूर्ण भारतवर्ष के किसी थाने में अपराधिक मुकदमा दर्ज नही है और न ही किसी न्यायालय में विचाराधीन है। यह प्रमाण-पत्र दो वर्ष के लिए मान्य होगा। इस अवधि में यदि आवेदक किसी आपराधिक घटना में संलिप्त होता है या उसके विरूद्ध कोई अपराधिक मुकदमा दर्ज होगा या वह किसी संगठित अपराध में या माफिया गतिविधियों में या असामाजिक गतिविधियों में पकड़ा जाता है तो पुलिस विभाग का यह उत्तरदायित्व होगा कि इसकी सूचना वह उन्हें तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को देगा और प्रमाण-पत्र तत्काल निरस्त किया जायेगा।

दस्तक अभियान हुआ शुरू

संवाददाता। लखीमपुर खीरी।

सोमवार से घर-घर दस्तक अभियान शुरू हो गया है। इसके अंतर्गत आशा, एएनएम व आंगनबाड़ी कार्यकत्री घर-घर जाकर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारियों के साथ ही टीकाकरण व कोरोना जांच के प्रति जागरूक करेंगी। कार्यक्रम की शुरुआत के साथ ही इसकी जमीनी हकीकत जानने के लिए एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खखरा गांव खखरा का निरीक्षण किया। इसी के साथ उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खखरा का भी औचक निरीक्षण किया। जहां डॉक्टरों सहित 6 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। एसीएमओ ने बताया कि घर.घर दस्तक अभियान की शुरुआत 17 अप्रैल से हो गई है। यह अभियान 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। इसी अभियान के अंतर्गत सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के निर्देश पर उनके द्वारा कार्यक्रम की जमीनी हकीकत जानने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खखरा व गांव खखरा का स्थलीय निरीक्षण किया? निरीक्षण के दौरान गांव में आशा और एएनएम व आंगनबाड़ी अपना कार्य करती हुई मिली। उनके द्वारा घर-घर दस्तक देकर चिकनगुनिया दिमागी बुखार, जेई, एई, ईएस, मलेरिया, स्क्रब टायफस, लैप्टो स्पायरोसिस, डायरिया चिकनगुनिया और कोरोना के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही थी। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खखरा के निरीक्षण के दौरान डॉ. पुरुषोत्तम अनुपस्थित मिले। इसी के साथ लैब टेक्नीशियन हर्षित पटेल 16 अप्रैल से अनुपस्थित थे। सीएचओ मोहम्मद रज़ी 13 अप्रैल से अनुपस्थित चल रहे हैं। इसी के साथ बीएचडब्ल्यू साधना देवी और स्टाफ नर्स मंजू देवी भी कार्य दिवस पर अनुपस्थित मिली। साथ ही डॉ डीके दीक्षित भी अनुपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान फार्मासिस्ट भूपेंद्र मरीजों को दवा वितरित कर रहे थे। समय करीब 12: 30 बजे तक 16 मरीज देखे गए थे। इस दौरान स्टाफ नर्स कल्पना भी मौजूद थीं।

फर्जी इंडियन पैरामेडिकल संस्थान के छात्रों ने की फीस वापसी की मांग

संवाददाता। बरेली

आपको बताते चलें गत दिवस में बरेली शहर के अंदर एक फर्जी मेडिकल कॉलेज का पर्दाफाश हुआ था। जिस पर प्रशासन ने कॉलेज को सील करते ह

राम की तपोभूमि में भगवा परचम लहराने को बेताब भाजपा

रतन पटेल। चित्रकूट

- आजादी के बाद से आज तक चित्रकूट में नहीं बना भाजपा का चेयरमैन
- प्रत्याशियों के चयन में फूंक-फूंक कर कदम रख रही भाजपा

भगवान श्रीराम की तपोभूमि होने के कारण विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ के रूप में विख्यात चित्रकूट में आजादी के बाद से आज तक हुए निकाय चुनाव में केंद्र और उत्तर प्रदेश समेत देश के कई राज्यों की सत्ता पर काबिज भाजपा का खाता नहीं खुल सका। इस बार भाजपा निकाय चुनाव में पूरी ताकत के साथ मैदान में है। जिले की एक नगर पालिका और तीन नगर पंचायतों में पार्टी भगवा परचम लहराने को बेताब नजर आ रहीं है। वहीं विपक्षी दल भाजपा को मात देने के लिए सियासी गुणा-भाग लगाने में जुटे हुए है। अयोध्या में जन्मे भगवान श्री राम ने वनवास काल का सर्वाधिक समय चित्रकूट में व्यतीत किया है। जिसके कारण आस्थावानों की नजर में तपोभूमि चित्रकूट का महत्व अयोध्या से कम नहीं है।भगवान श्री राम के नाम के सहारे विश्व की सबसे बडी पार्टी का खिताब हासिल करने एवं केंद्र और उत्तर प्रदेश समेत देश के तमाम राज्यों में सरकार बनाने वाली भाजपा आजादी के बाद से हुए निकाय चुनाव में चित्रकूट नगर पालिका समेत राजापुर,मानिकपुर नगर पंचायत सीट पर भगवा परचम लहराने में नाकाम रहीं है।निकाय चुनावों में ज्यादातर निर्दलीयों या फिर सपा समर्थित प्रत्याशियों का ही बोलबाला रहा है। चित्रकूट जिले की कर्वी नगर पालिका सीट पर 1959 में हुए पहले चुनाव में बसंत लाल चेयरमैन बने,इसके बाद 1964 में हुए चुनाव में निर्दलीय

प्रत्याशी रहे तरौंहा के गोपाल कृष्ण करवरिया ने बाजी मारी।इसके बाद 1971 और 1988 में भी हुए चुनाव में भी गोपाल करवरिया ही चेयरमैन चुने गये। इसके बाद 1995 के चुनाव में शशि देवी वर्मा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चेयरमैन बने। इसके बाद 2000 में हुए चुनाव में एक बार फिर चेयरमैन के पद पर गोपाल कृष्ण करवरिया की वापसी हुई। इसके बाद 2006 में हुए निकाय चुनाव में सपा प्रत्याशी रहीं लक्ष्मी देवी साहू ने चेयरमैन पद का चुनाव जीता।वहीं 2012 में हुए निकाय चुनाव में गोपाल कृष्ण करवरिया की बहू नीलम करवरिया ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतर कर चेयरमैनी का चुनाव जीता। वहीं 2017 में हुए निकाय चुनाव में कर्वी नगर पालिका से अध्यक्ष पद के लिए 19 प्रत्याशियों ने नामांकन भरा।जिसमें सपा उम्मीदवार नरेंद्र गुप्ता को 6499 वोट मिले थे। जबकि भाजपा प्रत्याशी रहे जगदीश गुप्ता को 4115 वोट के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं बसपा प्रत्याशी रहे राम लखन निषाद को 3199 वोट ही हासिल हुए थे।जबकि निवर्तमान अध्यक्ष नीलम को महज 1460 मत से ही संतोष करना पड़ा था। इसी प्रकार नगर पंचायत मानिकपुर में किसी भी राजनीतिक दल का जादू नहीं चला।यहां निर्दलीय प्रत्याशी विनोद द्विवेदी ने अपना कब्जा जमाया। हैरान करने वाली बात यह रहीं कि मानिकपुर नगर पंचायत से निर्दलीय उम्मीदवार विनोद द्विवेदी सिर्फ 1002 वोट हासिल कर चेयरमैन बने गये। जो कि कुल मतों का 11 प्रतिशत रहा।

यहां भाजपा प्रत्याशी महेश केसरवानी को मात्र 773 वोट ही मिले। सपा के संग्राम सिंह 721 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर और कांग्रेस के रामेश्वर प्रसाद 330 वोटो के साथ चौथे स्थान पर रहे।इसी प्रकार नगर पंचायत राजापुर में सभी राजनीतिक दल बौने साबित हुये। निर्दलीय महिला उम्मीदवार आदर्श मनोज द्विवेदी को सबसे अधिक 2047 वोट मिले और यह चेयरमैन चुनी गई। इन्होंने भाजपा के तत्कालीन जिलाध्यक्ष व प्रत्याशी अशोक जाटव को भारी अंतर से हराया था।

मतदाताओं की संख्या में हुई बढ़ोत्तरी

चित्रकूट जिले में नगर निकाय सीटों में इस बार 2017 के मुकाबले करीब 27325 मतदाता बढ़ चुके हैं। जिसमें नवसृजित मऊ नगर पंचायत में 15135 मतदाता हो चुके हैं। इसी प्रकार चित्रकूट धाम कर्वी नगरपालिका का सीमा क्षेत्र विस्तार होने के बाद 87361 मतदाता है। राजापुर नगर पंचायत क्षेत्र में 21091 मतदाता अपना चेयर मैन चुनेंगे।इसके अलावा मानिकपुर नगर पंचायत में 14326 मतदाता है। इस प्रकार वर्ष 2017 के नगर क्षेत्र के कुल मतदाताओं की संख्या 110588 से बढ़कर 137913 हो गई है।

नगरीय निकाय चुनावः सपा व भाजपा प्रत्याशी ने किया नामांकन

फतेहपुर। नगरीय निकाय चुनाव की चल रही नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन सदर नगर पालिका परिषद से अध्यक्ष पद पर भारतीय जनता पार्टी के घोषित प्रत्याशी प्रमोद द्विवेदी व समाजवादी पार्टी के घोषित प्रत्याशी राजकुमार मौर्या एड. ने अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान भी शामिल हुए। हालांकि सपा प्रत्याशी ने आज दूसरे सेट में अपना नामांकन दाखिल किया है। भारतीय जनता पार्टी के सदर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रमोद द्विवेदी पार्टी कार्यालय से जुलूस की शक्ल में नामांकन स्थल नई तहसील के लिए रवाना हुए। रास्ते पर पार्टीजन नारेबाजी करते रहे। नमांकन जुलूस में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, पूर्व विधायक करण सिंह पटेल, पंकज त्रिपाठी, नीरज सिंह, धनंजय द्विवेदी के अलावा अन्य नेता शामिल रहे।

डीएम-एसपी ने निकाय चुनाव बूथों का किया निरीक्षण

संवाददाता। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने आगामी नगर निकाय चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को मऊ ब्लाक के महामति प्राणनाथ महाविद्यालय, पं पुरुषोत्तम द्विवेदी इंटर कॉलेज व मानिकपुर ब्लाक के आदर्श इंटर कॉलेज का भ्रमण कर बनाये बूथों में मूलभूत सुविधाओं बिजली, शुद्ध पेयजल, शौचालय, रैम्प, साफ-सफाई, छाया आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सोमवार को डीएम-एसपी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मऊ बीएन कुशवाहा को निर्देश दिए कि पं पुरुषोत्तम द्विवेदी इंटर कॉलेज मऊ में रैंप का निर्माण करायें। जो स्ट्रांग रूम बनाया जाना है, उस पर तत्काल कार्य शुरू कराए। उपजिलाधिकारी मऊ नवदीप शुक्ला से कहा कि महामति प्राणनाथ महाविद्यालय मऊ को आदर्श बूथ तथा

उसमें एक बूथ को पिंक बूथ भी बनाया जाए।

सभी बूथों पर सीसीटीवी कैमरा तथा स्ट्रांग रूम में भी सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था करायें। डीएम-एसपी ने तहसील मऊ में उप जिलाधिकारी मऊ कक्ष में नगर पंचायत अध्यक्ष को नामांकन कक्ष एवं तहसीलदार कक्ष में सदस्य पद को नामांकन कक्ष देखा। आरओ-एआरओ से जानकारी की कि अभी तक कितने लोगों ने आवेदन लिया है। इसमें अध्यक्ष पद के आरो उप निदेशक कृषि राजकुमार ने बताया कि अभी तक अध्यक्ष पद के चार आवेदन लिए हैं। सदस्य पद के 21 आवेदन अभी तक अभ्यर्थियों ने लिये हैं।

नगर पंचायत मानिकपुर के आदर्श इंटर कॉलेज मानिकपुर में मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम को देखा। उप जिलाधिकारी मानिकपुर सतीशचंद्र तथा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मानिकपुर राम आशीष वर्मा को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चारों तरफ से सीसीटीवी कैमरा से कवर किया जाए।

यूथ आइकान ने बच्चों के बीच बांटी ईद की खुशियां

फतेहपुर। ईद के त्योहार पर लोग गले मिलकर अपने गिले शिकवे जहां मिटाते हैं वहीं मुंह मीठा करके रिश्तों में भी मिठास लाते हैं। इसी उद्देश्य को सार्थक

करने के उद्देश्य से सोमवार को डा. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में यूथ आइकान डा. अनुराग श्रीवास्तव ने एक विद्यालय में अध्ययनरत निर्धन बच्चों के बीच ईद की खुशियां बांटने का काम किया। सामग्री हाथों में पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। यूथ आइकान डा. अनुराग श्रीवास्तव अपने साथियों संग फैज-ए-आजम पब्लिक स्कूल पहुंचे। जहां उन्होने अति निर्धन 53 बच्चों के बीच सेंवई, चीनी, बिस्कुट आदि का वितरण किया। बच्चों के बीच सामग्री वितरित करते हुए यूथ आइकान ने कहा कि यह देश त्योहारों का देश है।

परीक्षा देकर लौट रही छात्रा की गोली मारकर हत्या

संवाददाता। एट (जालौन)

कस्बा एट में उस दौरान हड़कंप मच गया जब परीक्षा देकर पैदल आ रही एक छात्रा को पल्सर सवार दो युवकों ने छात्रा के सिर में सटाकर गोली मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। जब लोगों ने हत्यारों को ललकारा तो वह मौके पर ही तमंचा फेंककर बाइक से भाग जाने में सफल हो गये। दिनदहाड़े हुयी घटना के विरोध में आनन फानन में बाजार हो गया था।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम ऐंधा की रहने वाली छात्रा रोशनी अहिरवार (22) पुत्री मान सिंह अहिरवार सोमवार को एट में बने राम लखन पटेल महाविद्यालय में बीए की

परीक्षा देने आई थी। जब वह परीक्षा देने के बाद पैदल घर लौट रही थी। अभी वह कोटरा तिराहे की ओर ही जा रही थी उसी दौरान पल्सर बाइक पर सवार दो युवक तमंचा लेकर उसके पास पहुंचे जिसमें एक ने उसके सिर में सटाकर तमंचे से गोली मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जब यह नजारा आसपास खड़े लोगों ने देखा तो उन्होंने हमलावरों को ललकारा तो वह मौके पर ही तमंचा फेंककर भा जाने में सफल हो गये। कोतवाली से महज 200 मीटर की दूरी पर दिनदहाड़े हुई हत्या से कस्बा में अफरातफरी मच गई। कुछ लोग युवकों को पकड़ने के लिए दौड़े भी लेकिन हमलावर भाग जाने में सफल हो गये। जैसे ही घटना की जानकारी एट थाना पुलिस को मिली तो वह मौके पर पहुंची और हमलावरों के बारे में जानकारी करने में जुट गयी थी। दिनदहाड़े छात्रा की हत्या करने का दुस्साहस पूर्ण घटना के विरोध में आनन फानन में बाजार बंद हो गया, साथ ही लोगों की भीड़ जमा हो गई। हैरानी की बात तो यह है कि बाइक सवार युवकों ने जिस जगह घटना पर अंजाम दिया है वहां से एट थाने की दूरी महज 200 मीटर बतायी जा रही है। फिलहाल पुलिस इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रही है। उधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना को अंजाम देने वाले हमलावरों को जल्द पकड़ने के निर्देश दिये।

सड़क दुर्घटना में महिला समेत चार घायल

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

क्षेत्र में अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित चार लोग बुरी तरह घायल हो गए जिन्हें लहूलुहान हालत में राहगीरों की मदद से कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जिसमें तीन की हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार रविवार की शाम पाटनपुर निवासी प्रेमा पत्नी गुरुप्रसाद शाम के वक्त गाय को पशु बाड़े में बांध रही थी तभी गाय हमलावर हो गई और प्रेमा को घायल कर दिया लहूलुहान हालत में परिजनों ने कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया दूसरी घटना रविवार की रात मौदहा मुस्करा मार्ग मे दो बाइक सवार आमने-सामने की टक्कर से तीन घायल हो गए। जिससे राहुल, राम किशोर साथ में प्रमोद निवासी गण मसगाव घायल हो गया लहूलुहान हालत में राहगीरों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक इलाज के बाद तबीयत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वही दूसरे बाइक सवार रामपाल निवासी पहाड़ी निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

पेज एक का शेष

विपक्ष ने जातिगत...

इसने कहा, 'अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या हिस्सेदारी बढ़ रही है लेकिन उनका आरक्षण हिस्सा वही बना हुआ है जो उचित नहीं है। केंद्र सरकार से अनुरोध है कि इस हिस्से को उन जातियों के जनसंख्या अनुपात के अनुसार बढ़ाया जाना चाहिए जिन्हें इन श्रेणियों में शामिल किया गया है।' आरएलजेपी के नेता पशुपति कुमार पारस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देश में तत्काल अद्यतन जातिगत जनगणना कराने की कांग्रेस की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि यह समाज के सभी वर्गों के लिए फायदेमंद होगा। देश में तत्काल अद्यतन जाति जनगणना कराने की कांग्रेस की मांग के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा, जाति आधारित गणना तो हमलोग कर रहे हैं लेकिन जातीय आधारित जनगणना की मांग हमने पहले केन्द्र से की थी। वर्ष 2011 में जो जनगणना हुई, उसकी रिपोर्ट जारी नहीं की गई। उसके बारे में ये पता चला कि वो ठीक से नहीं हुई थी। उन्होंने कहा कि बिहार में इस मुद्दे पर सभी दलों का एक मत था। वर्ष 2019 में बिहार विधानसभा और बिहार विधान परिषद में जातीय जनगणना के लिए प्रस्ताव पारित हुआ था, लेकिन केंद्र की ओर से कहा गया कि आपलोग अपने स्तर पर करिए, तो हमलोग अपने स्तर से करवा रहे हैं। खरगे ने अपने पत्र में कहा कि आप जानते हैं कि संप्रग सरकार ने पहली बार साल 2011-12 के दौरान करीब 25 करोड़ परिवारों को कवर करते हुए सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना कराई थी। मई, 2014 में आपकी सरकार आने के बाद कांग्रेस और अन्य सांसदों ने इसे जारी करने की मांग की, लेकिन कई कारणों से जातिगत आंकड़े जारी नहीं किए गए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मुझे आशंका है कि नवीनतम जातिगत जनगणना के अभाव में सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण कार्यक्रमों विशेष रूप से ओबीसी के उत्थान के लिए बेहद आवश्यक डाटा बेस अधूरा है। यह जनगणना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने आग्रह किया कि जनगणना जल्द कराई जाए और जाति आधारित जनगणना को इसका हिस्सा बनाया जाए। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने संवाददाताओं से कहा, सरकार जनगणना के जातिगत आंकड़े को जारी करने में हिचकिचाहट क्यों दिखा रही है... प्रधानमंत्री खुद को ओबीसी बताते हैं, जाति की राजनीति करते हैं, लेकिन संख्या नहीं गिनेंगे। कांग्रेस से पहले, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल और बहुजन समाज पार्टी जैसे कुछ अन्य दल भी जातिगत जनगणना की मांग कर चुके हैं। बिहार में महागठबंधन सरकार जातिगत आंकड़े जानने के लिए वर्तमान समय में एक सर्वे करवा रही है। उल्लेखनीय है कि 2021 में प्रस्तावित जनगणना कोरोना वायरस महामारी के कारण नहीं हो सकी थी।

अतीक-अशरफ...

प्रयागराज के अपर पुलिस महानिदेशक को इसका प्रमुख और इसके दो अन्य सदस्यों में प्रयागराज के पुलिस आयुक्त तथा लखनऊ स्थित विधि विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक शामिल हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर घटना की उच्च स्तरीय जांच के लिए रविवार को न्यायिक आयोग का गठन किया गया था। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार त्रिपाठी (द्वितीय) की अगुवाई वाला यह आयोग दो माह में जांच रिपोर्ट सौंपेगा। राज्य के सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक सुरेश कुमार सिंह और सेवानिवृत्त न्यायाधीश बृजेश कुमार सोनी इस आयोग के दो अन्य सदस्य हैं।

जब्त होगी...

असद को एसटीएफ ने झांसी में एक मुठभेड़ के दौरान मार गिराया था। ग्रेटर नोएडा में माफिया अतीक की संपत्ति का पता लगने के बाद प्राधिकरण भी इसकी जांच कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक अब प्राधिकरण इस 90 मीटर के मकान को जब्त भी कर सकता है। पुलिस की जांच में अतीक अहमद की कई सेल कंपनियों के फर्जी एड्रेस पर पंजीकृत होने का पता चला था। अतीक दिल्ली में रेलवे टेंडर से लेकर तमाम सरकारी टेंडर लेता था जो वह अपने गुर्गों के नाम पर चलाता था।

समलैंगिक विवाह...

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति एस. के कौल, न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ इन याचिकाओं पर सुनवाई शुरू करेगी। उच्चतम न्यायालय ने इन याचिकाओं को 13 मार्च को पांच न्यायाधीशों की इस संविधान पीठ के पास भेज दिया था और कहा था कि यह मुद्दा बुनियादी महत्व का है। इस मामले की सुनवाई और फैसला देश पर व्यापक प्रभाव डालेगा, क्योंकि आम नागरिक और राजनीतिक दल इस विषय पर अलग-अलग विचार रखते हैं। दो समलैंगिक जोड़ों ने विवाह करने के उनके अधिकारके क्रियान्वयन और विशेष विवाह कानून के तहत उनके विवाह के पंजीकरण के लिए संबंधित प्राधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध करते हुए अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं, जिन पर न्यायालय ने पिछले साल 25 नवंबर को केंद्र से अपना जवाब देने को कहा था।

ज्ञानवापी मस्जिद...

पीठ ने अपने आदेश में कहा, सॉलिसिटर जनरल ने अदालत को आश्वासन दिया है कि जिलाधिकारी द्वारा कल एक बैठक बुलाई जाएगी, ताकि एक अनुकूल कार्य व्यवस्था प्रदान की जा सके। पीठ ने मस्जिद प्रबंधन समिति का यह बयान भी दर्ज किया कि अगर सचल शौचालय भी मुहैया करा दिए जाएं तो वह संतुष्ट हो जाएगी। शीर्ष अदालत ने मामले की आगे की सुनवाई के लिए शुक्रवार का दिन तय किया और निर्देश दिया कि बैठक में अगर कोई समाधान निकलता है तो उसे इस बीच लागू किया जा सकता है और सुनवाई की अगली तारीख पर औपचारिक आदेश पारित किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने पिछले साल 11 नवंबर को उस क्षेत्र की सुरक्षा अगले आदेश तक बढ़ा दी थी, जहां एक शिवलिंग पाए जाने का दावा किया गया था। मस्जिद समिति की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने पीठ से मामले की जल्द सुनवाई करने का अनुरोध करते हुए कहा कि रमजान का महीना चल रहा है और पर्याप्त प्रबंध किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा था कि वजू के लिए पानी का इस्तेमाल ड्रम से किया जा रहा है और रमजान के मद्देनजर नमाजियों की संख्या बढ़ गई है।

बठिंडा में...

इसमें कहा गया है कि मोहन ने हथियार एक सीवर में फेंक दिया। पुलिस ने मौके से इनसास राइफल और 19 खोखे बरामद किए हैं। एसएसपी खुराना ने कहा कि अपराध करने के बाद मोहन ने हथियार और आठ कारतूस और एक अन्य कारतूस गड्ढे में फेंक दिया। उन्होंने बताया कि राइफल भी उसी दिन बरामद कर ली गई। उन्होंने कहा, नौ कारतूसों में से हमने सात कारतूस बरामद किए। सेना के साथ हमारा संयुक्त अभियान चल रहा है। खुराना ने कहा कि जिस बैग में उसने हथियार और कपड़ा छुपाया था, उसे बरामद कर लिया गया है। सेना ने दोहराया कि मामले में कोई आतंकवादी पहलू नहीं है, जैसा कि मीडिया में आई कुछ खबरों में कहा गया है। सेना ने कहा, भारतीय सेना की अनुशासनहीनता के ऐसे कृत्यों के प्रति बिल्कुल न बर्दाश्त करने की नीति है और वह दोषी को कानून के अनुसार सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उसने कहा कि पंजाब पुलिस और अन्य एजेंसियों को जांच में हरसंभव सहयोग किया जा रहा है। एसएसपी खुराना ने कहा कि आरोपी जवान को यहां एक अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा। बठिंडा सैन्य स्टेशन देश के सबसे बड़े सैन्य अड्डों में से एक है और इसमें सेना की कई संचालनात्मक इकाइयां स्थित हैं।

दो युवकों को बंधक बना मारपीट मामले में पांच को किया गिरफ्तार

जालौन (उरई)। दवा देने के बहाने घर बुलाकर दो युवकों को बंधक बनाकर मारपीट की। बाद में घर के बाहर युवकों को बिजली के खंभे और पेड़ से बांधकर मारपीट कर घायल किया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस दोनों युवकों को छुड़ाकर कोतवाली लाई। घायल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। उरई कोतवाली क्षेत्र के तिलकनगर निवासी दीपक पुत्र हीरा सिंह अपने दोस्त सुमित यादव पुत्र बृजपाल सिंह निवासी शेरपुर थाना डेरापुर कानपुर देहात के साथ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर गया था। सुमित ने बताया कि छिरिया सलेमपुर में वह दोनों विनोद के यहां दवा देने के लिए गए थे। जब वह विनोद के यहां पहुंचे तो उन्होंने दोनों को अंदर बुलाकर गाली, गलौज करते हुए उनके हाथ पैर रस्सी से बांध दिए और उनके साथ मारपीट करने लगे। कुछ देर मारपीट करने के बाद ध्यानेंद्र उर्फ सिंकी, निवासी छिरिया सलेमपुर, दृगविजय उर्फ रिंकू,मानवेंद्र उर्फ टिंकू निवासीगण मालवीय नगर माधौगढ, रविंद्र निवासी कुसमरा थाना रेंढ़र व रोहित पाल उर्फ घोटू आ गए। सभी ने दोनों को बाहर निकाला और सुमित को बिजली के खंभे और दीपक को बबूल के पेड़ से बांध दिया। इसके बाद सभी ने मिलकर लात, घूसों, लाठी, डंडों और बैल्टों से मारपीट करनी शुरू कर दी। मारपीट से दोनों घायल हो गए। मौके पर तमाशबीनों की भीड़ लग गई और रास्ता जाम हो गया।

क्विक न्यूज

युवा तर्क पूर्व पीएम चंद्रशेखर की जयंती लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है

वाराणसी। सोमवार को परम पूज्य चंद्रशेखर जी ;पूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकारद्ध की जयंती शक्तिपीठ आश्रम सारनाथ से मनाई गई उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरविंद सिंह वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी ने कहा कि चन्द्रशेखर जी राष्ट्र पुरूष थे मेरे जैसे लाखों युवाओं के प्रेरणाश्रोत थेए विशिष्ट अतिथि रूपेश सिंह जी ने कहा कि चन्द्रशेखर जी सादगी की प्रतिमूर्ति थेए कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री गुप्तेश्वर सिंह शास्त्री जी ने कहा कि भारत पद यात्रा में मैं उनके साथ पैदल चल रहा था चन्द्रशेखर जी हर व्यक्ति से आत्मीय लगाव रखते थेए मुख्य वक्ता संजीव झा ने कहा चन्द्रशेखर जी जैसा सरल सुलभ व्यक्ति थे कार्यक्रम का संचालन चन्द्रशेखर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिमांशु सिंह ने कहा कि चन्द्रशेखर जी बहुत बड़े पर्यावरण प्रेमी थे उन्ही की प्रेरणा से चन्द्रशेखर फाउंडेशन पर्यावरण को बचाने के लिए पूरे भारत मे पौधरोपण कार्यक्रम अनवरत चलाता आ रहा है कार्यक्रम का संचालन चंद्रशेखर फाउंडेशन के महासचिव विजय शेखर सिंह ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से शत्रुघ्न सिंह ए डम्पी तिवारी उर्फबाबा तिवारी ए अरुण पांडेय ए किरण पांडे आकांक्षा गुप्ता ए समीक्षा मिश्राए श्वेता राय कनक जनार्दन सिंह नौगढ़ जनाब हसीन साहबए जनाब शाहिद खान जीए रुद्राक्ष मोनू जी इत्यादि।

सपाइयों ने दी पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती पर श्रद्धांजलि

गाजीपुर। देश के महान समाजवादी नेता, पूर्व प्रधानमंत्री, यूवा तुर्क के नाम से देश की राजनीति में विख्यात ए भारतीय राजनीति के फक्कड़ कबीर एवं सामाजिक एवं वैचारिक क्रांति के अग्रदूत स्व. चन्द्रशेखर जी की 96वीं जयंती पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर माल्यार्पण कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी आरंभ होने के पूर्व सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रृद्धांजलि अर्पित किया और उनके बताए रास्ते पर चल कर देश की सत्ता पर काबिज साम्प्रदायिक ताकतों के खिलाफ संघर्ष करने एवं देश के धर्मनिरपेक्ष स्वरुप की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि वह एक ऐसे यूवा तुर्क नेता थे जिन्होंने दृढ़ता, ईमानदारी और साहस के साथ निहित स्वार्थ?के खिलाफ लड़ाई लड़ी?। वह हमेशा व्यक्तिगत और सत्ता की राजनीति के खिलाफरहेए उन्होंने हमेशा वैचारिक लोकतांत्रिक मूल्यों एवं सामाजिक परिवर्तन की राजनीति का समर्थन किया। वह साहस और सत्य के प्रतीक थेए उनके मन में देश के गरीबों, शोषितों और पीड़ितों के लिए गहरी पीड़ा थी जिसकी झलक उनके उद्बोधन के दौरान अक्सर दिखती? थी। उन्होंने देशवासियों से मिलने एवं उनकी प्रमुख समस्याओं को समझने के लिए कन्याकुमारी से नई दिल्ली तक 4260 किलोमीटर की पदयात्रा की थी। वह आजीवन साम्प्रदायिक ताकतों की मुखालफत करते रहे।

मार्ग दुर्घटना में पांच घायल, आत्महत्या का किया प्रयास

राठ (हमीरपुर)। जालौन जनपद के डकोर थाना अंतर्गत मोहाना निवासी सुशील (24) पुत्र हरगोविंद बाइक से राठ आ रहा था। तभी रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। वहीं चिकासी थाने में देवेंद्र कुमार, जरिया थाने के अमूंद गांव निवासी दिलीप कुमार, मझगवां थाने इटौरा गांव जयप्रकाश शत्रुघ्न, जरिया थाने के इटैलियाबाजा पृथ्वी मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गए। इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। मझगवां थाने जराखर गांव निवासी सुघर सिंह पुत्र मानसिंह ने घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने युवक को मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया।

दहेज की मांग पूरी न होने पर नवविवाहिता को घर से निकाला

राठ। दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला ने ससुरालीजनों पर मारपीट कर घर से निकाल देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कोतवाली के धमना गांव निवासी रेशमा पत्नी कपिल देव ने बताया कि उसकी शादी 22 अप्रैल 2022 को कपिल देव पुत्र महेश निवासी सिमरधा थाना गरौठा के साथ हुई थी। शादी में उसके पिता ने पांच लाख रुपए नकद और दहेज दिया था। बताया कि शादी के दूसरे दिन से ही ससुराली जन दहेज में एक बाइक और दस हजार रुपए की मांग करने लगे। उसके पिता ने बाइक और रुपए देने में असमर्थता जताई। आरोप लगाया कि मांग पूरी न होने पर ससुराली जनों उसका उत्पीड़न करने लगे। उसका कोई समाधान नहीं हो सका। शनिवार की रात दहेज की मांग को लेकर ससुराली जनों में उसके ऊपर पेट्रोल डाल जलाने का प्रयास किया। साथ ही उसका मोबाइल छीन लिया। उसने किसी प्रकार से पिता को सूचना दी। सुबह होते ही उसके पिता व भाई, गांव के दो अन्य लोग आए। जब उनके पिता ने समझाने का प्रयास किया तो पति ने बंदूक उठाकर पिता को धमकाया और मारपीट करने लगा। ससुरालियों ने उसे घर से निकाल दिया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है।

युवक ने खाया ज़हरीला पदार्थ, रेफर

फतेहपुर। असोथर थानां क्षेत्र के कुसुंभी गाँव मे एक युवक ने घर के अंदर ज़हरीला पदार्थ खाकर आत्म हत्या करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी परिजनों को हुई तो तुरन्त युवक को सरकारी एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कुसुंभी गाँव निवासी उमाशंकर का पुत्र शैलेन्द्र ने आज घर के अंदर ज़हरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जिसकी जानकारी परिजनों को हुई तो परिजन तुरन्त युवक को इलाज के लिए सरकारी एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर युवक की हालत गम्भीर देख उसको कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

नदी में नहाने गये दो युवक नदी में डूबे

हमीरपुर। ललपुरा क्षेत्र में आज शाम बेतवा नदी नहाने गये दो नवयुवक डूब गये,गोताखोर उनके शव को खोजबीन लगे हुये है।पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के बजेहटा गांव में गांव के रचित(17) पुत्र जयपाल व अमरपाल((16) पुत्र घनश्याम दोनो ही नदी में नहाने गये थे नहाते वक्त दोनो फिसलकर गहरे गड्ढे में चले गये काफी देर जब दोनो नवयुवक घर नही लौटे तो उनकी खोजबीन शुरु की गयी। पुलिस ने बताया कि नदी के किनारे गहरे गड्ढे मौरंग खनन को लेकर हो गये है। जिससे नहाते समय दोनो नवयुवक नदी में डूब गये,मौके पर सीओ मौदहा जाकर मामले की जांच पड़ताल कर गोताखोरों की मदद से उनके शवों को खोजने का काम शुरु कर दिया है। देर रात दोनो नवयुवको की लाश बरामद नही हो पायी है।

पहले दिन अध्यक्ष के 115, व सभासद के लिये 332 पर्चों की हुई बिक्री

हमीरपुर। नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के साथ सदस्य पदों के चुनाव के लिए सोमवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन नगर निकायों में

सूडान में नही थम रहा संघर्ष, तीसरे दिन भी जारी

97 आम लोगों की मौत

भाषा। खार्तूम

सूडान पर नियंत्रण को लेकर देश की सेना तथा एक शक्तिशाली अर्द्धसैनिक बल के बीच सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी संघर्ष जारी रहा और पिछले दो दिन में इस संघर्ष में 97 आम लोगों की मौत हुई है। देश की राजधानी खार्तूम और इसके निकटवर्ती शहर ओमडर्मन में हवाई हमले और गोलाबारी तेज हो गई। सैन्य मुख्यालय के पास भीषण एवं लगातार गोलीबारी की आवाजें सुनाई दीं। लोगों ने घरों में बिजली गुल होने और लूटपाट की घटनाओं की सूचना दी। संघर्ष में हताहतों की संख्या पर नजर रख रहे लोकतंत्र समर्थक समूह सूडान डॉक्टर्स सिंडिकेट ने सोमवार को बताया कि शनिवार को संघर्ष शुरू होने के बाद से 97 आम नागरिकों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। देश की सेना और उसके पूर्व साझेदार एवं अब प्रतिद्वंद्वी रैपिड सपोर्ट फोर्स समूह (आरएसएफ) के बीच महीनों के तनाव के बाद यह संघर्ष हुआ है। अब्दुल फतह अल बुरहान के नेतृत्व वाली सेना ने एक बयान में आरएसएफ के साथ बातचीत से इनकार करते हुए इसे भंग करने की बात कही है और इसे बागी मिलिशिया करार दिया है। वहीं, अर्द्धसैनिक समूह आरएसएफ ने सशस्त्र बलों के प्रमुख को अपराधी बताया है। वर्ष 2021 में देश में तख्तापलट हुआ था और अब इस तरह के संकेत मिल रहे हैं कि दोनों के बीच संघर्ष जारी रह सकता है। सशस्त्र बलों में एकीकरण को लेकर जनरल मोहम्मद हमदान दागालो की अगुवाई वाले आरएसएफ के साथ सहमति न बन पाने की वजह से यह तनाव उत्पन्न हुआ है। सूडान के लिए संयुक्त राष्ट्र के दूत वोल्कर पर्थेस ने बताया कि बुरहान और दागालो ने मानवीय आधार पर रविवार दोपहर संघर्ष तीन घंटे के लिए रोकने पर सहमति जताई थी, लेकिन राजधानी खार्तूम में हिंसा जारी रहीं। निवासियों ने बताया कि रात में उन्होंने भीषण विस्फोटों, गोलीबारी और आरएसएफ के ठिकानों पर हवाई हमले की आवाज सुनी। ए संघर्ष ऐसे समय में हो रहा है, जब सूडान के लोग रमजान के पवित्र महीने के समापन पर छुट्टियां मनाने की तैयारी कर रहे हैं। खार्तूम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और सरकारी टेलीविजन मुख्यालय के आसपास भी संघर्ष की सूचना मिली है। एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने बताया कि आरएसएफ लड़ाकों के साथ संघर्ष दिन में सैन्य मुख्यालय के पास शुरू हुआ। उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों में राजधानी के हवाई अड्डे के ऊपर आसमान में काले धुएं के बादल दिखाई दिए। द एसोसिएटेड प्रेस ने इस चित्रों का विश्लेषण किया है। मैक्सर टेक्नोलॉजीज की तस्वीरों में दो बड़े विमानों में आग लगी दिखाई दे रही है और चार अन्य विमान क्षतिग्रस्त हैं। विमानन कंपनियों ने सूडानी राजधानी के लिए उड़ानें निलंबित कर दी हैं। सेना और आरएसएफ ने खार्तूम और अन्य अहम जगहों के अपने नियंत्रण में होने का दावा किया है, लेकिन उनके दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्ट नहीं हो पाई है। हाल के महीनों में दोनों जनरल के साथ बातचीत करने वाले लोकतंत्र समर्थक ब्लॉक के प्रवक्ता खालिद उमर ने चेतावनी दी थी कि यह संघर्ष युद्ध और देश के पतन का कारण बन सकता है। इस बीच, सूडान पर हिंसा समाप्त करने को लेकर कूटनीतिक दबाव बढ़ रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्री, संयुक्त राष्ट्र महासचिव, यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख, अरब लीग के प्रमुख और अफ्रीकी संघ आयोग के प्रमुख सहित शीर्ष राजनयिकों ने दोनों पक्षों से लड़ाई बंद करने का आह्वान किया।

रूस में विपक्षी कार्यकर्ता को 25 साल कैद की सजा सुनाई गई

भाषा। मॉस्को

मॉस्को की एक अदालत ने सोमवार को क्रेमलिन (रूसी सरकार) के एक शीर्ष विरोधी को देशद्रोह और रूसी सेना को बदनाम करने के आरोप में मुकदमे के बाद दोषी ठहराया और 25 साल कैद की सजा सुनाई। यूक्रेन में लड़ाई के बीच विरोधियों पर कार्वाई के क्रम में यह नवीनतम कदम है। प्रमुख विपक्षी कार्यकर्ता व्लादिमीर कारा-मुर्जा, जूनियर दो बार जहरखुरानी से बचे। उन्होंने रूस की सरकार को इसके लिए आरोपी ठहराया था। कारा-मुर्जा एक साल पहले अपनी गिरफ्तारी के बाद से ही जेल में बंद है। उन्होंने अपने खिलाफ लगे आरोपों को राजनीति बताकर खारिज कर दिया और उनके खिलाफ चल रही न्यायिक कार्यवाही की तुलना सोवियत तानाशाह जोसेफ स्टालिन के शासन के दौरान शो ट्रायल से की। पिछले हफ्ते अपने अंतिम बयान में, 41 वर्षीय कारा-मुर्जा ने कहा कि उन्हें रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तानाशाही और यूक्रेन में सेना भेजने के उनके फैसले के खिलाफ खड़े होने पर गर्व है। तीन बच्चों के पिता कारा-मुर्जा ने पिछले हफ्ते सुनवाई के दौरान कहा, मुझे पता है कि वह दिन आएगा जब हमारे देश को घेरने वाला अंधेरा साफ हो जाएगा। उनकी टिप्पणी सोशल मीडिया नेटवर्क और रूसी विरोधी मीडिया में नजर आई। और तब हमारा समाज अपनी आंखें खोलकर सिहर उठेगा जब उसे पता चलेगा कि उसके नाम पर कितने भयानक अपराध किए गए। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने क्रेमलिन द्वारा यूक्रेन में सैनिकों को भेजे जाने के बाद इसे नागरिक संस्थाओं के व्यवस्थित दमन का एक और कटु उदाहरण करार दिया, जो अब व्यापक और तेज हो गया है। उसने कारा-मुर्जा को दी गई सजा की निंदा की। एमनेस्टी की रूस में निदेशक नतालिया जवीगिना ने एक बयान में कहा, यह फैसला उच्च राजद्रोह और मानवाधिकार सक्रियता को गलत तरीके से भ्रमित करता है।

श्रीलंका में सड़क हादसे में भारतीय मूल की महिला की मौत, बेटी घायल

कोलंबो। भारतीय मूल की एक ऑस्ट्रेलियाई महिला की सोमवार को यहां एक सड़क हादसे मे मौत हो गई और उसकी बेटी समेत दो लोग इस दुर्घटना मे घायल हो गए। कोलंबो पेज समाचार पोर्टल के अनुसार प्रकाश सरिता देवी (67) दो लोगो के साथ कार से जा रही थी, तभी हेम्मथगामा के दारा वांगुवा मे यह हादसा हो गया। पुलिस ने कहा कि वट्टला निवासी कार चालक और देवी की 30 वर्षीय बेटी हादसे मे घायल हो गए जिन्हे अस्पताल मे भर्ती कराया गया है।

ब्रिटेन के गुरुद्वारे ने जारी की चेतावनी

लंदन। दक्षिण-पूर्व इंग्लैड मे केंट कस्बे के एक गुरुद्वारे के नाम पर भारतीयो को ठगने के लिए फर्जी नौकरी और वीजा की पेशकश देने वाले विज्ञापन की जानकारी मिलने के बाद गुरुद्वारे ने अपनी वेबसाइट पर एक चेतावनी जारी की है। केंट के ग्रेवसेड मे स्थित श्री गुरु नानक दरबार गुरुद्वारा ने अपनी वेबसाइट और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर स्कैम अलर्ट नामक शीर्षक से इस विज्ञापन की प्रति जारी करते हुए चेतावनी दी है। इसमे कहा गया है कि गुरुद्वारे के नाम पर दिया गया टिकट मुफ्त, वीजा मुफ्त, भोजन मुफ्त नौकरी की पेशकश फर्जी है।

स्पेसेक्स ने अपने विशाल रॉकेट स्टारशिप का पहला प्रक्षेपण स्थगित कर दिया

साउथ पैडर आइलैड। स्पेसेक्स ने अपने विशाल रॉकेट स्टारशिप का प्रक्षेपण सोमवार को स्थगित कर दिया। एलन मस्क और उनकी कंपनी ने मैक्सिको की सीमा के पास टेक्सास के दक्षिणी मुहाने से लगभग 400 फुट के स्टारशिप रॉकेट के प्रक्षेपण की योजना बनाई थी। स्पेसएक्स ने प्रक्षेपण को पहले चरण के बूस्टर मे समस्या के कारण स्थगित कर दिया। इस प्रक्षेपण प्रयास मे कोई व्यक्ति या उपग्रह रॉकेट के साथ नही था। कम से कम बुधवार तक प्रक्षेपण का कोई और प्रयास संभव नही हो पाएगा।

अमेरिका : अलबामा में गोलीबारी, चार लोगों की मौत

डेडविल (अमेरिका। अमेरिका के अलबामा मे जन्मदिन के एक कार्यक्रम के दौरान हुई गोलीबारी मे चार लोगो की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। अलबामा कानून प्रवर्तन एजेंसी ने यह जानकारी दी। यह घटना एक किशोरी के जन्मदिन पर आयोजित समारोह के दौरान डेडविल के एक डांस स्टूडियो मे हुई। पुलिस ने फिलहाल किसी संदिग्ध को हिरासत मे लेने की सूचना नही दी है और ना ही उसने घटना के बारे मे कोई विस्तृत जानकारी मुहैया कराई है।

म्यांमा की सैन्य सरकार कैदियों को रिहा करेगी

बैंकॉक। म्यांमा की सैन्य सरकार ने पारंपरिक चंद्र नववर्ष की छुट्टियो के मौके पर 3,000 से अधिक कैदियो को रिहा करने का सोमवार को फैसला किया। बहरहाल, अभी यह स्पष्ट नही है कि जिन कैदियो को रिहा किया जाएगा क्या उनमे सैन्य शासन का विरोध करने के लिए जेल मे बंद हैं।

THE PIONEER CLASSIFIEDS
CHANGE OF NAME

I, Shilpi Gupta D/o Sh. Kailash Chandra Gupta W/o Sh. Gautam Agarwal R/o 11-B, Court Road, Civil Lines, Delhi-110054 Also at Apartment No.102, Pavillion Court, Tower-2, Jaypee Wish Town, Sector-128, Noida-201304 have changed the name of my minor son from Uday Agarwal to Uday Gupta Agarwal for all purposes.

PD(011)A

सीरिया में अमेरिकी हमले में इस्लामिक स्टेट के एक नेता की मौत होने की खबर

बेरूत। अमेरिकी सेना ने सोमवार को तड़के उत्तरी सीरिया में एक हेलीकॉप्टर से हमला किया जिसमें इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के एक वरिष्ठ नेता की संभवत: मौत हो गई। अमेरिकी सेना ने यह जानकारी दी। अमेरिका सेंट्रल कमांड ने एक बयान में कहा कि आईएस नेता मध्य पूर्व और यूरोप में आतंकी हमलों की साजिश रचने में शामिल था। बयान में हालांकि आईएस नेता का नाम नहीं बताया गया है। सेंट्रल कमांड ने कहा कि इस हमले में जिसे निशाना बनाया गया था, उस व्यक्ति के साथ ही दो अन्य सशस्त्र व्यक्तियों की भी मौत हो गई। बयान के अनुसार, इस अभियान में कोई नागरिक या अमेरिकी सैनिक हताहत नहीं हुआ। सीरिया के नागरिक सुरक्षा समूह व्हाइट हेल्मेट्स ने कहा कि उसने हमले के दौरान घायल हुए दो लोगों को एक स्थानीय अस्पताल पहुंचाया जिनकी बाद में मृत्यु हो गई थी। तीसरे व्यक्ति की अमेरिकी हमले में मौत हो गई। ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानी संस्था सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया कि इस हमले में तीन लोगों की मौत हो गई।

जी-7 ने चीन, उ.कोरिया व रूस के हमलों को किया खारिज

भाषा। करुईजावा (जापान)

दुनिया के सात अमीर देशों के शीर्ष राजनयिकों ने ताइवान को चीन की ओर से बढ़ती धमकियों तथा उत्तर कोरिया द्वारा लंबी दूरी की मिसाइलों के अनियंत्रित तरीके से परीक्षण करने पर सख्त रुख अपनाने का संकल्प लिया है। जी-7 समूह के सदस्य देशों के राजनयिकों ने यूक्रेन का समर्थन करने और रूस के हमले के लिए उसे दंडित करने की भी वकालत की। जापान के इस शहर में एकत्रित हुए राजनयिकों की चर्चा के एजेंडे में अधिकतर समय यूक्रेन में रूस के युद्ध पर चर्चा हुई। इसका उद्देश्य अगले महीने हिरोशिमा में होने वाली जी-7 देशों के नेताओं की बैठक का आधार तैयार करना है। जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी ने अपने सहयोगियों से कहा कि यूक्रेन में चल रही लड़ाई पर दुनिया एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है और उसे जबरन यथास्थिति बदलने के एकपक्षीय प्रयासों को तथा यूक्रेन के खिलाफ रूस के हमलों एवं परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकियों को पुरजोर तरीके से खारिज कर देना चाहिए। यह बैठक ऐसे वक्त में हो रही है, जब यूक्रेन पर रूस के आक्रमण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के साथ ही चीन से निपटने की कोशिशें की जा रही हैं। इन दोनों मुद्दों को लेकर जी-7 के देशों का मानना है कि यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए संभावित चुनौती है। इन देशों में जापान, अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, इटली और यूरोपीय संघ शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ यात्रा पर आए एक वरिष्ठ अधिकारी ने पत्रकारों से कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन का लक्ष्य इस वार्ता के जरिए यूक्रेन के वास्ते अधिक समर्थन जुटाना है।

चीन के साथ संबंध पहले की तरह सुधरने की संभावना नहीं: ऑस्ट्रेलिया

कैनबरा। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने सोमवार को कहा कि उनका देश चीन के साथ संबंधो को स्थिर करने के लिए काम कर रहा है, लेकिन सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार के साथ संबंधो मे उस स्तर तक सुधार की संभावना नही दिखती, जैसे ए 15 साल पहले थे। ऑस्ट्रेलिया की रूढ़िवादी सरकार के नौ साल के शासन के दौरान दोनो देशो के बीच संबंध काफी खराब हो गए थे, लेकिन मध्य वामपंथी लेबर पार्टी के एक साल पहले सत्ता मे आने के बाद रिश्तो मे सुधार के संकेत दिखे है। दोनो देशो के बीच मंत्री स्तर की बैठकें शुरू हो गई है और चीन ने हाल मे ऑस्ट्रेलियाई कोयले के आयात पर लगा प्रतिबंध हटा लिया था। वोंग ने नेशनल प्रेस क्लब से कहा, मै बहुत स्पष्ट रूप से कहती रही हू कि हम संबंधो को स्थिर करना चाहते है। मेरा मानना है कि दोनो देशो के बीच संबंधो मे उस स्तर तक सुधार नही होने जा रहा, जैसा यह 15 साल पहले था।

स्लोवाकिया ने यूक्रेन को वादे के अनुसार बाकी 9 लड़ाकू विमान सौंपे

ब्रातिस्लावा (स्लोवाकिया)। स्लोवाकिया ने यूक्रेन को वादे के अनुसार बाकी नौ सोवियत कालीन मिग-29 लड़ाकू विमान सौप दिए है। स्लोवाकिया के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि सुरक्षा कारणो से जमीनी रास्ते से इन विमानो को पहुंचाया गया। स्लोवाकिया ने यूक्रेन को 13 ऐसे विमानो की आपूर्ति का वादा किया था जिसमे से पहले चार लड़ाकू विमान 23 मार्च को यूक्रेन के पायलट द्वारा पहुंचाए गए। रक्षा मंत्री जारोस्लाव नाद ने एक बयान मे कहा, हम सही काम कर रहे है।

क्विक न्यूज

पाक में ईशनिंदा के आरोपों में चीनी नागरिक गिरफ्तार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की पुलिस ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत मे एक पनबिजली परियोजना मे कार्यरत चीन के नागरिक को गिरफ्तार किया है। स्थानीय लोगो ने चीनी नागरिक पर ईशनिंदा का आरोप लगाया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि प्रांत के ऊपरी कोहिस्तान जिले मे स्थित सबसे बड़ी पनबिजली परियोजना दासू पनबिजली परियोजना मे प्रबंधक के तौर पर कार्यरत चीनी नागरिक ने कथित रूप से शुक्रवार को ईशनिंदा वाली टिप्पणी की थी जब कर्मचारी साप्ताहिक नमाज के लिए जा रहे थे। चीनी नागरिक कार्यस्थल पर काम की प्रगति को लेकर नाखुश था। स्थानीय पुलिस ने रविवार को तियान नामक चीनी नागरिक को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ दासू पुलिस थाने मे प्राथमिकी दर्ज की।

ऑस्ट्रेलियाई नागरिक पर संदिग्ध चीनी जासूसों को जानकारी देने का आरोप

सिडनी। अभियोजको ने सोमवार को एक स्थानीय अदालत मे कहा कि दो संदिग्ध चीनी जासूसो ने ऑस्ट्रेलिया मे परमाणु-संचालित पनडुब्बियो का एक बेड़ा बनाने के लिए अमेरिका और ब्रिटेन के साथ एक सरकारी सौदे सहित विषयो के संबंध मे जानकारी प्राप्त करने के लिए सिडनी के एक व्यापारी को नकद राशि दी। संदिग्ध चीनी जासूसो को जानकारी देने के लिए पैसे लेने का आरोपी अलेक्जेंडर सेर्गो एक व्यवसाई है। उसे जेल से सिडनी के डाउनिंग सेंटर स्थानीय न्यायालय मे वीडियो लिंक के जरिए पेश किया गया। अदालत ने उसे जमानत देने से इनकार कर दिया। जासूसी और गुप्त तरीके से विदेशी हस्तक्षेप जैसे आरोपो पर कानून के अनुसार अधिकतम 15 साल तक की जेल की सजा का प्रावधान है।

उत्तर कोरिया के खतरे का सामना करने के लिए अमेरिका व सहयोगियों ने सैन्य अभ्यास किया

सियोल। अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान ने सोमवार को कोरियाई प्रायद्वीप के पास समुद्र मे संयुक्त मिसाइल रक्षा अभ्यास किया। तीनो देश परमाणु हथियार ले जाने मे सक्षम उत्तर कोरियाई मिसाइलो के कारण बढ़ते खतरो का मुकाबला करने के लिए अपने सैन्य प्रशिक्षण का विस्तार कर रहे है। हाल के महीनो मे दक्षिण कोरिया द्वारा मिसाइल परीक्षण मे तेजी आई है और 2022 की शुरुआत के बाद से उत्तर कोरिया ने अब तक विभिन्न रेंज की 100 से अधिक मिसाइले समुद्र मे दागी है। दक्षिण कोरिया-अमेरिका-जापान के अभ्यास के जवाब मे उत्तर कोरिया जवाबी प्रतिक्रिया व्यक्त कर सकता है।

आत्महत्या को रोकने में मदद करने वाले विकल्प

कुआलालंपुर। आत्महत्या के प्रयासों को अपराध के दायरे मे लाने वाले देशो को अब यह महसूस होने लगा है कि ऐसे लोगो को दंडित करना उन्हे आत्महत्या करने के बारे मे सोचने से नही रोकता, बल्कि यह उन्हे मदद मांगने से रोकता है। पाकिस्तान ने पिछले साल आत्महत्या को आखिरकार अपराध के दायरे से बाहर किया और घाना ने 1960 के आपराधिक कानून मे संशोधन को मंजूरी दी। इस कानून मे पहले आत्महत्या की कोशिश करना एक अपराध था। मलेशिया भी उनके पदचिह्नो पर चलते हुए दंड संहिता की धारा 309 की समीक्षा कर रहा है।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री को पत्नी के व्यावसायिक हित को लेकर करना पड़ रहा संसदीय जांच का सामना

भाषा। लंदन

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को अपनी पत्नी अक्षता के व्यावसायिक हित को लेकर संसदीय जांच का सामना करना पड़ रह है। ब्रिटेन के संसदीय मानक आयुक्त ने जांच शुरू कर दी है। बीबीसी के अनुसार, जांच ब्रिटिश भारतीय नेता की पत्नी की कोरू किड्स लिमिटेड में हिस्से से संबंधित है। इन्फोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति की बेटी अक्षता मूर्ति ब्रिटेन के कंपनी हाउस रजिस्टर में कोरू किड्स में शेयरधारक के रूप में सूचीबद्ध हैं। संसदीय जांच तय करेगी कि क्या नियम-कानून का कोई उल्लंघन हुआ है, जिसे बाद में मानकों से संबंधित समिति के सांसदों के समक्ष रखा जा सकता है।

दुबई अग्निकांड : पड़ोसियों के लिए इफ्तार की तैयारी कर रहा था भारतीय दंपति

दुबई। दुबई में एक अपार्टमेंट में भीषण आग लगने की घटना में जान गंवाने वाला भारतीय दंपति हादसे के वक्त अपने पड़ोसियों के लिए इफ्तार (रोज़ा खोलने) की दावत के वास्ते तैयारी कर रहा था। केरल के रिजेश कलंगदान (38) और उनकी पत्नी जेशी कंदमंगलथ (32) शनिवार शाम को हिंदुओं के फसल कटाई के उत्सव का भोजन विशुसद्या बना रहे थे ताकि उनके मुस्लिम पड़ोसी अपना रोज़ा खोल सकें। दुबई के सबसे पुराने इलाकों में से एक अल-रास में लगी आग में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई तथा नौ अन्य लोग घायल हो गए। कलंगदान एक यात्रा एवं पर्यटन कंपनी में कारोबारी विकास प्रबंधक थे जबकि कंदमंगलथ एक स्कूल में शिक्षिका थी। गल्फ न्यूज की खबर के मुताबिक, यह जोड़ा शनिवार को विशु मना रहा था। वे केले के पत्ते पर परोसा जाने वाला शाकाहारी भोजन विशुसद्या बना रहे थे।

जापान के प्रधानमंत्री पर हमले से घरेलू हथियारों को लेकर चिंता फिर से बढ़ी

भाषा। तोक्यो

जापान पुलिस ने प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा पर घरेलू पाइप बम फेंकने वाले संदिग्ध के घर से धातु की ट्यूब, औजार और संभावित बारूद जब्त किया है। इस घटनाक्रम से देश में आसानी से घरेलू हथियार बनाने के बढ़ रहे खतरे को लेकर फिर से चिंता बढ़ गई है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि उन्होंने शनिवार को प्रधानमंत्री के पास गिरती एक वस्तु देखी जो पतली धातु के थर्मस की तरह दिखाई दे रही थी। उपकरण के फटने से पहले किशिदा को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। इससे वहां मौजूद भीड़ में दहशत फैल गई और वहां सफेद धुएं का गुबार छा गया। अब तक, पुलिस ने केवल एक पुलिस अधिकारी के घायल होने की पुष्टि की है। विशेषज्ञों का कहना है कि विस्फोट का कारण पाइप बम हो सकता है, लेकिन इसके प्रभाव और धुएं की मात्रा से पता चलता है कि यह बहुत शक्तिशाली नहीं था।

नवाज शरीफ लंदन से लौटेंगे : गृह मंत्री

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने कहा कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सुप्रीमो नवाज शरीफ आम चुनाव के लिए तैयारियां शुरू होने पर जल्द ही लंदन से लौटेंगे। उन्होने यह भी स्पष्ट किया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की अगुवाई वाले विपक्षी दल पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के भरसक प्रयासो के बावजूद राजनीतिक रूप से अहम पंजाब प्रांत मे चुनाव 14 मई को नही होंगे।

Public Notice

My clients Mr. Chiman Lal S/o Late Sh. Mula Ram & Smt. Sushma Rani W/o Chiman Lal both R/o 11/132 Geeta Colony, East Delhi, Delhi-110031 have debarred their son Umesh Batra and his wife Shruti Batra from their all movable immovable properties due to their misconduct, misbehaviour. They are living separately and have no concern with my clients since just after their marriage on 28.02.2020.
Any person dealing with them, then they will be self- responsible.

Sd/-
Bharti Gupta
Advocate

PUBLIC NOTICE

To be known to all that **I, Sanjeev Arora S/o Shri Rajindra Kumar Arora R/o House No.F-29, F-Block, Om Vihar Extn.,Uttam Nagar,New Delhi-110059,**am the purchaser/owner and in physical possession of Property bearing Plot ***No.18,Block-2,(2/18),measuring13.5Sq. Mtrs.,*** in situated at Chhoti Subzi Mandi, Janak Puri, New Delhi-110058, which is allotted by DDA vide File No.F25(40)76/IMPL and has applied for conversion from lease hold into free hold of said plot in D.D.A., **vide application No.LD29112CL/21.03.2023.The original Perpetual Lease Deed,C-Form,D-Form, Completion Certificate,Allotment Letter, Possession Letter,NOC for Water and Electricity, Possession Slip,Bank Challan, etc.,** and other documents of said plot has been lost.An F.I.R. dated 14.04.2023 bearing LR No. 343732/2023, to this effect has been lodged at Delhi..Any person(s)claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write/contact with above named person at above address/Phone No. 9312602061 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this flat can personally inform or write to Dy. Director (CL) or Director (CL), A Block 2nd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) TATAMOTORS_LPT909FBP
REG. NO. DL1PC2805 -YOM -2010

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION"
INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : JAGDISH SINGH
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 9582795967
EMAIL – jagdish.singh@kotak.com

उत्पीड़न की वजह से भारत में होती है आत्महत्याएं

भाषा। न्यूयॉर्क

● 2021 में 1,64,000 से अधिक लोगों ने आत्महत्या की जो 2020 के मुकाबले 7.2 प्रतिशत अधिक है

रविवार की एक सुबह लता (बदला हुआ नाम) और उसके पति की नींद तब टूटी जब पुलिस ने दरवाजा खटखटाया और लता को स्थानीय थाने में साथ चलने के लिए कहा। लता जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश करने के बाद अस्पताल से इलाज कराकर हाल में लौटी थी और वह वापस घर आकर राहत की सांस ले रही थी लेकिन पुलिस के इस उत्पीड़न, पड़ोसियों की कानाफूसी तथा दखलअंदाजी के कारण वह फिर से निराशा से घिर गई। दुखद रूप से लता की कहानी भारत में बहुत आम है। भारत में 2021 में 1,64,000 से अधिक लोगों ने आत्महत्या की जो 2020 के मुकाबले 7.2 प्रतिशत अधिक है। आत्महत्या की कोशिश भारतीय दंड संहिता की धारा 309 के तहत तब तक दंडनीय अपराध थी जब तक कि 2018 में मानसिक स्वास्थ्य देखभाल कानून पास नहीं हो गया, जिसके कारण धारा 309 को अपवाद बनाकर आत्महत्या को अपराध के दायरे से बाहर लाया गया। इस कानून की धारा 115 में माना गया है कि आत्महत्या की कोशिश करने वाला व्यक्ति गंभीर तनाव से जूझ रहा होता है। इस कानून में ऐसे व्यक्ति को सजा देने के बजाए सरकारों से उन्हें मानसिक स्वास्थ्य सहयोग देने और उनका पुनर्वास करने का अनुरोध किया गया है। हालांकि, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल कानून की धारा 115 तकनीकी रूप से धारा 309 को निरस्त नहीं करती है। इसे निरस्त करने के लिए संसदीय संशोधन की आवश्यकता है। इसके बजाय, धारा 115 एक मध्यस्थ है जो धारा 309 को कमजोर करती है। इसका मकसद लता जैसे लोगों और उनके परिवार का उत्पीड़न तथा उन्हें कसूरवार ठहराने की प्रवृति पर अंकुश लगाना है। जब खुदकुशी का प्रयास करने वाला कोई व्यक्ति किसी चिकित्सा केंद्र में जाता है तो उस घटना को चिकित्सा तथा कानूनी दोनों मामले के रूप में दर्ज किया जाता है और पुलिस को सूचित किया जाता है। पुलिस परिवार से संपर्क करती है और मरीज से भी तफ्तीश करती है। हालांकि, वह मरीज पर अभियोग नहीं चलाती लेकिन उन्हें तथा उनके परिवार को लगातार परेशान करती है। सरकारों ने भी डॉक्टरों या पुलिस को कोई दिशा निर्देश नहीं दिया है कि मानसिक स्वास्थ्य देखभाल कानून की धारा 115 के लागू होने के बाद से आत्महत्या की कोशिश के मामलों से कैसे निपटा जाए। ऐसा हो सकता है कि किसी ने घरेलू हिंसा या शारीरिक उत्पीड़न के कारण आत्महत्या का प्रयास किया हो या यह हत्या का प्रयास हो जिसे आत्महत्या का रंग देने की कोशिश की गई हो। अगर पुलिस को उचित मार्गदर्शन तथा प्रशिक्षण दिया जाए तो वे इन परिस्थितियों की जांच अच्छी तरह कर सकती है और आत्महत्या के प्रयास के मामलों को संवेदनशीलता से संभाल सकती है ताकि पीड़ित को किसी तरह की मानसिक परेशानी न हो। आत्महत्या के प्रयास को अपराध के दायरे में लाने के कारण खुदकुशी की कोशिश करने वाले कई लोग चिकित्सीय सहायता लेने से कतराते हैं। यह खासतौर से जरूरी है क्योंकि अनुसंधान से पता चलता है ।

भौतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	किरण अरोड़ा कपूर/ सुरिंदर कपूर/ LBGUR00004663386	प्रॉपर्टी, नंबर सी-12/160, ग्राउंड एंड फर्स्ट फ्लोर, ब्लॉक-सी-12, यमुना विहार, शाहदरा, दिल्ली- 110053/ अप्रैल 12, 2023	जुलाई 29, 2022 रु. 75,51,214/-	दिल्ली/ एनसीआर
2.	बबीता कुमारी/ उपदेश कुमार रे/ LBGUR00004837466	प्लॉट नंबर सी-12/337, ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर छत के अधिकार के साथ, ब्लॉक सी 12, यमुना विहार, दिल्ली- 110053/ अप्रैल 12, 2023	जुलाई 29, 2022 रु. 75,51,622/-	दिल्ली/ एनसीआर

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अप्रैल 18, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

ग्राम पंचायतों में सक्रिय भागीदारी करें महिलाएं : मुर्मू

● पंचायत चुनावों को लेकर ग्रामीणों में कड़वाहट न हो : राष्ट्रपति

भाषा। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ग्राम पंचायतों के कार्यों में महिलाओं से सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करने के साथ ही कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर ग्रामीणों में आपसी कलह नहीं होनी चाहिए और जहां तक संभव हो सभी सामुदायिक कार्य आपसी सहमति के आधार पर किए जाने चाहिए। राष्ट्रपति ने गुजरात सरकार की समरस ग्राम योजना को रेखांकित किया जिसमें आम सहमति के आधार पर पंचायत प्रतिनिधियों को चुनने वाले गांव को पुरस्कृत किया जाता है। राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किए और राष्ट्रीय पंचायत प्रोत्साहन सम्मेलन का उद्घाटन किया। मुर्मू ने कहा कि किसी भी समाज के समग्र विकास में महिलाओं की भागीदारी काफी महत्वपूर्ण है।महिलाओं के पास अपने और अपने परिवार तथा समाज की भलाई के लिए अधिक से अधिक निर्णय लेने के अधिकार होने चाहिए। मैं बहनों और बेटियों से अपील करूंगी कि वे ग्राम पंचायतों के कार्यों में सक्रिय रूप से भागीदारी करें। परिवार और ग्राम स्तर पर उनके (महिलाओं) सशक्तिकरण के माध्यम से इस अधिकार को प्राप्त किया जा सकता है।मुर्मू ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि स्थानीय ग्रामीण निकायों के 31.5 लाख से अधिक निर्वाचित प्रतिनिधियों में से 46 प्रतिशत महिलाएँ हैं। समाज के प्रत्एक समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हर पांच साल में पंचायत प्रतिनिधियों के चुनाव का प्रावधान है लेकिन ऐसा देखा जाता है कि ए चुनाव कई बार लोगों के बीच कड़वाहट भी पैदा कर देते हैं। चुनाव को लेकर ग्रामीणों में आपसी कलह न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए पंचायत चुनाव को राजनीतिक दलों से अलग रखा गया है। मेरा मानना है कि गांव, परिवार का ही विस्तृत रूप है। परिवार में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए। सारे सामुदायिक कार्य यथासंभव आम सहमति से होने चाहिएं। अगर चुनाव की नौबत भी आए तब भी ए चुनाव ग्रामवासियों में विभाजन न ला सके। पंचायतें केवल सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन का स्थान ही नहीं हैं, बल्कि वे नए-नए नेतृत्वकर्ताओं, योजनाकारों, नीति-निर्माताओं और नवाचार करने वालों के अभ्युत्थान का उद्गमस्थल भी हैं।

मोदी 20-21 को वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे

भाषा। नई दिल्ली

केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सप्ताह के अंत में दिल्ली में आयोजित होने वाले दो दिवसीय वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे, जिसमें दुनिया के विभिन्न हिस्सों के प्रख्यात बौद्ध भिक्षु, विद्वान और प्रतिनिधि भाग लेंगे।उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सम्मेलन 20-21 अप्रैल को राजधानी के अशोक होटल में आयोजित किया जाएगा।रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। जिस पैमाने पर यह आयोजन हो रहा है, जिस प्रकार के कद के प्रतिभागी इसमें हिस्सा ले रहे हैं, यह अपने आप में इस तरह का पहला सम्मेलन होगा।उन्होंने संवाददाताओं से कहा, विभिन्न देशों के प्रख्यात बौद्ध भिक्षु, विद्वान, राजदूत और राजनयिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, जिसकी मेजबानी केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) के साथ करेगा। मंत्री ने कहा कि भारत के अलावा लगभग 30 देशों के प्रतिनिधि इस विशाल कार्यक्रम में भाग लेने वाले हैं।जापान, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, कंबोडिया, वियतनाम और रूस सहित अन्य देशों के प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री चार मई को योगी के साथ कर सकते हैं उडुपी का दौरा

मेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं के एक सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए चार मई को उडुपी पहुंच सकते है। भाजपा उडुपी के जिला अध्यक्ष कुयिलाडी सुरेश नायक ने सोमवार को संकेत दिया कि प्रधानमंत्री कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री की इस यात्रा के लिए शहर या किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर एक विशाल समारोह की व्यवस्था की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं ने इस मामले से पार्टी की जिला इकाई को अवगत करा दिया है।

सपा नेता आजम खान दिल्ली के अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर

नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता आजम खान को सोमवार को यहां सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका ऑपरेशन होना है। अस्पताल के एक प्रवक्ता ने बताया कि खान की हालत फिलहाल स्थिर है। अस्पताल के उपाध्यक्ष (लैप्रोस्कोपिक, लेजर और जनरल सर्जरी) डॉ बी बी अग्रवाल ने कहा कि खान को सोमवार सुबह हर्निया की जटिल समस्या के कारण भर्ती कराया गया। अस्पताल ने खान की स्थिति पर एक बुलेटिन में कहा कि हाल में हृदय में स्टेंट डाले जाने के कारण उन्हे वर्तमान में रक्त को पतला करने वाली दवा नही दी जा रही और जल्द ही हर्निया के लिए ऑपरेशन किया जाएगा।

हैप्पीनेस सर्वे में आवागमन साधनों का भी योगदान

नई दिल्ली। बीजू बालेंद्रन चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर एमजी मोटर इंडिया ने कहा कि नीलसन द्वारा हाल ही में किए गए अर्बन मोबिलिटी हैप्पीनेस सर्वे में सामने आया कि आवागमन के मामले में शहरी कम्युटर्स की पसंद कपैक्ट स्मार्ट वाहनों की ओर है। एमजी में हम इनोवेटिव और सस्टेनेबल मोबिलिटी समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एमजी मोटर इंडिया ने अपने स्मार्ट इलेक्ट्रिक वाहन कॉमेट का उत्पादन शुरू करने की घोषणा की है और गुजरात में हलोल प्लांट से इसकी पहली यूनिट सड़क पर उतार दी गई है। विश्वप्रसिद्ध जीएसईवी प्लेटफॉर्म पर आधारित एमजी कॉमेट में इनोवेटिव और भविष्य की डिज़ाईन लैंग्वेज़ है, जो सभी का ध्यान आकर्षित करेगी। जीएसईवी प्लेटफॉर्म की मुख्य विशेषताओं में से एक है इसकी बहुमुखी उपयोगिता और केबिन में विशाल जगह।

रफ्तार तूफानी पर औसत 83 किमी प्रति घंटे की गति से दौड़ती है वंदे भारत

नई दिल्ली। भारत की सबसे अधिक गति से चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की स्वीकार्य गति सीमा 130 किलोमीटर प्रति घंटा है, लेकिन पटरियों की खराब स्थिति के कारण यह पिछले दो साल से औसतन करीब 83 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही है। यह जानकारी आरटीआई के तहत पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में दी गई। इस अवधि में ट्रेन एक मार्ग पर औसत 95 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से भी दौड़ी।

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री शेट्टर भाजपा छोड़कर कांग्रेस में

भाषा। बेंगलुरु

कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से टिकट नहीं मिलने पर नाराज पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर सोमवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। भाजपा पर उन्हें सम्मानजनक विदाई न देकर उनका अपमान करने का आरोप लगाते हुए भाजपा की राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस में शामिल होकर वह अपने जीवन का एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। शेट्टर छह बार के विधायक, विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। भाजपा के हुब्बल्ली-धारवाड़ मध्य सीट से उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव के लिए टिकट न देने पर उन्होंने पार्टी से अलग होने का फैसला किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, महासचिव के. सी. वेणुगोपाल, रणदीप सिंह सुरजेवाला (कर्नाटक प्रभारी), कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष डी. के. शिवकुमार और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया सहित अन्य लोगों की उपस्थिति में वह पार्टी में शामिल हुए। शेट्टर के इस कदम से कांग्रेस का हौंसला बढ़ा है। पार्टी की प्रचार समिति के अध्यक्ष एम. बी. पाटिल ने कहा, इससे लिंगायत भाजपा के खिलाफ होकर कांग्रेस का रुख करेंगे। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं लिंगायत नेता लक्ष्मण सावदी ने भी अथानी सीट से उन्हें टिकट न मिलने पर पिछले हफ्ते भाजपा छोड़ दी थी और वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। आगामी चुनाव के लिए हुब्बल्ली-धारवाड़ (मध्य) विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में शिवकुमार ने शेट्टर को बी प्रपत्र दिया। शेट्टर ने रविवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने उन्हें दूसरों के लिए रास्ता बनाने के वास्ते विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने का आग्रह किया था, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा था कि वह आखिरी बार चुनाव लड़ना चाहते हैं। शेट्टर ने कहा, मैं आज भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो रहा हूं। कई लोग इस बात से हैरान होंगे कि आखिर क्यों एक पूर्व मुख्यमंत्री, दो बार का नेता प्रतिपक्ष और पार्टी अध्यक्ष भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो रहा है। कई जगह से मुझ पर दबाव बनाने की कोशिश की गई, लेकिन कोई मेरा दर्द नहीं समझ रहा जो बतौर एक वरिष्ठ नेता मैं पिछले कुछ महीनों से झेल रहा हूं। कांग्रेस में शामिल होने के बाद शेट्टर ने पत्रकारों से कहा कि वह उन लोगों में से एक हैं जिन्होंने बी. एस. एदियुरप्पा और दिवंगत एच. एन. अनंत कुमार के साथ मिलकर कर्नाटक में भाजपा को खड़ा किया, खासकर उत्तरी कर्नाटक क्षेत्र में..। उन्होंने कहा, भाजपा ने मुझे पूर्ण सम्मान और सभी पद दिए और बदले में मैंने पार्टी को खड़ा करने के लिए एक प्रतिबद्ध व वफादार कार्यकर्ता की तरह काम किया..ईमानदारी से अपनी सभी जिम्मेदारियां निभाईं। वर्ष 1994 से बड़े अंतर से लगातार छह बार विधानसभा चुनाव जीतने का जिक्र करते हुए शेट्टर ने कहा कि वरिष्ठ नेता टिकट मिलने की उम्मीद करते ही हैं, लेकिन जब इससे इनकार कर दिया गया तो यह चौंकाने वाला तथा पीड़ादायक था। उन्होंने कहा, मुझसे उस तरह व्यवहार नहीं किया गया जिस तरह एक वरिष्ठ नेता के साथ किया जाना चाहिए। उन्हें मुझे पहले ही बता देना चाहिए था कि उन्हें केंद्रीय स्तर पर मेरी सेवा की आवश्यकता होगी या मुझे अन्य जिम्मेदारियां देंगे और चुनाव न लड़ें। इसकी बजाय अंतिम समय पर नामांकन शुरू होने से पहले 11 अप्रैल को राज्य के भाजपा प्रभारी ने मुझे ऐसे यह बात बताई जैसे किसी छोटे लड़के को बताई जाती है कि.. मुझे और के. एस. ईश्वरप्पा (वरिष्ठ नेता) को टिकट नहीं दी जाएगी और हम सहमति पत्र भेजें तथा इस संबंध में एक संवाददाता सम्मेलन भी करें।

प्रत्येक नागरिक को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए : न्यायालय

भाषा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें प्रवासी श्रमिकों को केवल इस आधार पर राशन कार्ड देने से मना नहीं कर सकतीं कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत जनसंख्या अनुपात उचित तरह से नहीं रखा गया है। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने कहा कि प्रत्एक नागरिक को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए और किसी कल्याणकारी राज्य में सरकार की जिम्मेदारी है कि लोगों तक पहुंचे। पीठ ने कहा, हम यह नहीं कह रहे कि सरकार अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पाई या कोई लापरवाही हुई है। फिर भी यदि कुछ लोग छूट जाते हैं तो केंद्र और राज्य सरकारों को देखना चाहिए कि उन्हें राशन कार्ड मिल जाए। उसने कहा, केंद्र सरकार या कोई राज्य सरकार इस आधार पर राशन कार्ड देने से मना नहीं कर सकती कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत जनसंख्या अनुपात उचित तरीके से नहीं रखा गया।

क्विक न्यूज

एंटीबायोटिक के दुष्प्रभाव कम करने के लिए वैज्ञानिकों ने खोजा नया तरीका

नई दिल्ली। वैज्ञानिकों ने एक ऐसा नया तरीका खोजा है जिसमें एंटीबायोटिक में एक रक्षात्मक एंटीडोट मिलाया जाता है, ताकि दवा के असर को कम किए बिना उसके दुष्प्रभाव कम हो सकें। नेचर जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में आंतों के सबसे सामान्य बैक्टीरिया पर 144 अलग-अलग एंटीबायोटिक के प्रभावों का विश्लेषण किया गया। डेनमार्क के कोपनहेगन में 15 से 18 अप्रैल तक आयोजित इस वर्ष के यूरोपियन कांग्रेस ऑफ क्लीनिकल माइक्रोबायलॉजी एंड इन्फेक्शस डिजीजेज (ईसीसीएमआईडी) में प्रस्तुत किए गए अनुसंधान में आंतों के बैक्टीरिया पर एंटीबायोटिक उपचार के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने पर नए सिरे से रोशनी डाली गई है। जर्मनी के बर्लिन में मैक्स-डेलब्रुक-सेंटर फॉर मॉलिक्यूलर रिसर्च के उलरिक लोबर ने कहा, वैज्ञानिकों ने एंटीबायोटिक के साथ एक रक्षात्मक एंटीडोट को मिलाने का नया तरीका खोजा है, ताकि दवा के प्रभाव को कम किए बिना आंतों के बैक्टीरिया को स्वास्थ्यप्रद बनाए रखने तथा एंटीबायोटिक के दुष्प्रभाव कम करने में मदद मिल सके।

पूर्वी भारत में लू जारी रहेगी, उत्तर-पश्चिमी मैदानी हिस्सों में जल्द राहत का अनुमान

नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में अगले चार दिन तक और देश के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में दो दिन तक लू की स्थिति बनी रहने का अनुमान है। आईएमडी के अनुसार पश्चिम बंगाल और बिहार में गंगा के मैदानी हिस्से में लगातार चार दिन तक लू की स्थिति बनी रह सकती है। सिक्किम, ओडिशा और झारखंड में भी अगले दो से तीन दिन तक भीषण गर्मी का दौर बना रह सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि 17 अप्रैल को पंजाब एवं हरियाणा और 18 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में भी भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। पूर्वी उत्तर प्रदेश भी 18-19 अप्रैल को अत्यधिक गर्मी से प्रभावित हो सकता है। पश्चिम बंगाल में गंगा के मैदानी हिस्से में पिछले छह दिन से लू की स्थिति बनी हुई है जबकि तटीय आंध्र प्रदेश में चार दिन से और बिहार में तीन दिन से ऐसी स्थिति है। मौसम विभाग ने कहा कि पश्चिमी हिमालई क्षेत्र में बने पश्चिमी विक्षोभ से मंगलवार से उत्तर-पश्चिमी भारत के मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी से कुछ राहत मिलेगी। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान में 18 से 20 अप्रैल के दौरान अलग-अलग हल्की बारिश होने की संभावना है। 18 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान है। वहीं हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड में 18-19 अप्रैल को भारी वर्षा की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो-तीन दिन में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब में भी कहीं-कहीं ओलावृष्टि हो सकती है।

एसएमएस फ्राड को रोकेगा आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस

नई दिल्ली। ट्रूकॉलर पिछले एक दशक से धोखाधड़ी वाले फोन कॉल्स के बारे में यूज़र्स को सतर्क करता रहा है। हम स्पैम एसएमएस पर लगाम लगाने के लिए कम्युनिटी से मिले फीडबैक का उपयोग करते हैं। अब एसएमएस के ज़रिए धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखते हुए हम एआई पावर्ड फ्राड प्रोटेक्शन लेकर आए हैं। जिसमें यूज़र्स को धोखाधड़ी वाले मैसेज़ से सुरक्षित रखने के लिए यूज़र्स से मिले फीडबैक और प्रॉपराइटरी मशीन लर्निंग इंटेलीजेन्स का उपयोग किया गया है। यह खासतौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी है जो धोखाधड़ी को समझ नहीं पाते और यह मान बैठते हैं कि उन्हें मिलने वाले मैसेज प्रमाणित बिज़नेस द्वारा भेजे गए हैं। वर्तमान में हमारा फ्रॉड प्रोटेक्शन सभी एंड्रोइड यूज़र्स के लिए उपलब्ध है, जो इंटेलीजेन्ट तरीके से धोखाधड़ी वाले मैसेजेज़ को पहचान लेता है। हमारा सिस्टम यूज़र की रिपोर्ट के बिना धोखाधड़ी के नए तरीकों को भी स्वतः ही समझ जाता है। फ्रॉड प्रोटेक्शन पूरी से निःशुल्क है और देश भर में ट्रूकॉलर के सभी यूज़र्स के लिए उपलब्ध है। हर फ्रॉड एसएमएस पर स्पष्ट रूप से रैड नोटिफिकेशन देता है और यूज़र को सतर्क करता है। ट्रूकॉलर सरकार एवं कारोबारों के साथ साझेदारी में सुरक्षित एवं प्रभावी कम्युनिकेशन को सुनिश्चित करता है। ऐप पर फ्रॉड मैसेज को रिपोर्ट कर इस कम्युनिटी का हिस्सा बन सकते हैं और ट्रूकॉलर की मदद कर सकते है। इसके अलावा अगर आप अपने दोस्तों और परिवार को यह जानकारी दें तो उन्हें भी सतर्क किया जा सकता है और फ्रॉड के नए तरीकों से सुरक्षित बनाया जा सकता है।

अतीक अहमद हत्याकांड के आरोपियों का विहिप या बजरंग दल से कोई संबंध नहीं : आलोक कुमार

नई दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने सोमवार को कहा कि गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के सिलसिले में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों में से किसी का भी उससे या उसकी युवा शाखा बजरंग दल से कोई संबंध नहीं है। समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व सांसद अहमद और उसके भाई की हत्या में बजरंग दल की संलिप्तता के आरोपों को खारिज करते हुए विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि उनका संगठन (विहिप) और बजरंग दल कानून और संविधान के दायरे में काम करता है। आरोपों के बारे में पूछे जाने पर कुमार ने कहा, हमने पूरी छानबीन की है।

राष्ट्र निर्माण में शोध एवं नवाचार की अहम भूमिकाः डॉ. अनिल

अकबरपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा सीवी रमन लघु शोध योजना स्कीम के तहत अकबरपुर महाविद्यालय को भावी शिक्षकों की विज्ञान विषय में रुचि से संबंधित विषय पर अध्ययन हेतु लघु शोध परियोजना स्वीकृत की गई है। इसके अंतर्गत महाविद्यालय में पांच दिवसीय शैक्षणिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलसचिव डा. अनिल कुमार यादव ने कहा कि शोध व नवाचार किसी भी राष्ट्र की प्रगति का प्रमुख आधार होते हैं। अतः समाज के प्रत्येक व्यक्ति में शोध व नवाचार की भावना का विकास किया जाना आवश्यक है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रबंधक एवं शिक्षाविद डॉ. नरेंद्र द्विवेदी ने कहा कि हम सभी को पूर्ण लगन और निष्ठा के साथ अपने उत्तरदायित्वों का सही ढंग से निर्वहन करना चाहिए। इससे पूर्व कार्यक्रम संयोजक एवं बीएड विभाग के सहायक आचार्य डॉ. विकास मिश्रा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ. अभिनव सिंह ने अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया है। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर रामकृष्ण चतुर्वेदी ने इस प्रोजेक्ट के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा की। उद्घाटन सत्र के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एसी पाण्डेय ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उद्घाटन सत्र के पश्चात दो तकनीकी सत्रों का आयोजन हुआ। प्रथम तकनीकी सत्र में भारतीय विज्ञान लेखक संघ के उपाध्यक्ष तारिक बदर ने वैज्ञानिक सूचना के स्रोतों एवं तथ्यपरक विज्ञान संचार पर चर्चा की। लखनऊ के ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. सुमन कुमार मिश्रा ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं विज्ञान के विभिन्न पक्षों ज्ञानवर्धक सारगर्भित प्रस्तुतीकरण दिया। डॉ. अर्चना द्विवेदी के नेतृत्व में प्रतिभागियों की सामूहिक चर्चा एवं विचार विमर्श के उपरांत कार्यक्रम के प्रथम दिवस की गतिविधियों का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक डॉ. विकास मिश्रा ने बताया कि यह कार्यक्रम भावी शिक्षकों की विज्ञान विषय में रुचि पर शैक्षिक प्रशिक्षणों पर आधारित है। यह परियोजना शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा वित्त पोषित है एवं इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसायटी लखनऊ द्वारा शैक्षणिक सपोर्ट प्रदान किया जा रहा है। विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों को साझा संपन्न करने हेतु इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसायटी लखनऊ एवं अकबरपुर महाविद्यालय के मध्य एमओयू पर भी सहमति बनी है।

अतीक हत्याकांड के आरोपी अरुण मौर्य पर पिछले साल पानीपत में दो मामले दर्ज किए गए थेः पुलिस

भाषा। चंडीगढ़

गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपियों में शामिल अरुण मौर्य पर पिछले साल हरियाणा के पानीपत में अवैध हथियार रखने का मामला दर्ज किया गया था। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मौर्य पर फरवरी, 2022 में शस्त्र अधिनियम के तहत और उसी साल मई में एक अन्य मामला दर्ज किया गया था तथा वह जेल भी गया था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आरोपी कभी हरियाणा के पानीपत और कभी उत्तर प्रदेश के कासगंज स्थित अपने पैतृक गांव कादरवाड़ी में रहता था। पानीपत के पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने फोन पर पीटीआई-भाषा को बताया कि मौर्य के खिलाफ 2022 में दो मामले दर्ज थे। उन्होंने कहा, "फरवरी 2022 में अवैध हथियार रखने के चलते शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक मामला दर्ज किया गया था, जबकि दूसरा मामला मई में एक झगड़े को लेकर दर्ज किया गया था। जब पानीपत में मौर्य के खिलाफ पहली बार शस्त्र अधिनियम के तहत पहला मामला दर्ज किया गया था तो उसकी उम्र कितनी थी, इस सवाल पर पुलिस अधीक्षक ने जवाब दिया, "हमारे रिकॉर्ड के अनुसार, वह लगभग 18 साल का था। अधिकारी ने कहा कि वह दोनों मामलों में जमानत पर था। शेखावत ने कहा कि मौर्य का परिवार कासगंज से है, लेकिन उसके दादा पानीपत में काम करते थे। मौर्य के चाचा सुनील के मुताबिक आरोपी ने मैट्रिक की पढ़ाई की है। पानीपत में रहने वाले सुनील ने पत्रकारों को बताया कि आरोपी का 12 साल का एक भाई है जो छात्र है। अतीक और उसके भाई की हत्या पर आरोपी के चाचा ने कहा कि घटना के बारे में परिवार को तब पता चला जब हरियाणा पुलिस मौर्य के बारे में पूछताछ करने के लिए उनके घर पानीपत पहुंची।अहमद (60) और उसके भाई अशरफ को पत्रकारों के रूप में आए तीन लोगों ने शनिवार की रात उस वक्त गोली मार दी जब पुलिसकर्मी उन्हें चिकित्सा जांच के लिए प्रयागराज के एक मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे। प्रयागराज अस्पताल के बाहर मीडिया कर्मियों की मौजूदगी में हुई गोलीबारी के तुरंत बाद हमलावरों - बांदा के लवलेश तिवारी (22), हमीरपुर के मोहित उर्फ सन्नी (23) और मौर्या को गिरफ्तार कर लिया गया। प्राथमिकी के अनुसार, हमलावरों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपराध की दुनिया में अपना नाम बनाने के लिए हत्याकांड को अंजाम दिया।

12 देसी पिस्तौल सहित बड़े पैमाने पर हथियार बरामद, दो युवक गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान की भिवाड़ी पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 12 देसी पिस्तौल समेत बड़ी तादाद में हथियार बरामद किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार युवक उत्तर प्रदेश तथा मध्यप्रदेश से अवैध हथियार खरीद कर बदमाशों को भेज रहे थे।

सांस्कृतिक सुरक्षा भी बहुत महत्वपूर्ण : राजनाथ

भाषा। सोमनाथ (गुजरात)

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि देश की पहचान अक्षुण्ण रखने के लिए सांस्कृतिक सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितने सुरक्षा के अन्य पहलू। सिंह ने गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में आयोजित सौराष्ट्र-तमिल संगमम कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर परोक्ष रूप से उन पर निशाना साधा और कहा कि जो लोग कुछ और करने में सक्षम नहीं हैं, वे भारत को जोड़ने के लिए निकल पड़े, जो एकजुट और अभेद्य है। सिंह ने यह भी कहा, आप सभी सीमा सुरक्षा, आर्थिक सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और खाद्य सुरक्षा के बारे में जानते हैं। अब अंतरिक्ष और साइबर सुरक्षा जैसे नए आयाम भी जुड़ गए हैं। हां, सुरक्षा का एक और आयाम भी है, जो उतना ही महत्वपूर्ण है और यह आयाम है हमारी संस्कृति का। अगर मुझे इसे कोई नाम देना होगा, तो मैं इसे सांस्कृतिक सुरक्षा कहूंगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह किसी राष्ट्र की पहचान को अक्षुण्ण रखने के लिए सीमाओं और अन्य चीजों की सुरक्षा की जरूरत होती है, उसी तरह उसकी पहचान को अक्षुण्ण रखने के लिए उसकी संस्कृति की सुरक्षा भी जरूरी है। सिंह ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपरा इतनी मजबूत है कि तीव्र झंझावात भी इसे हिला नहीं सकता। सिंह ने राहुल गांधी की ओर से सितंबर 2022 से जनवरी 2023 तक निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा का हवाला देते हुए कहा, लेकिन ऐसे अखंड, अभेद्य और अद्वितीय भारत को जोड़ने का फैशन है। जो कुछ और नहीं कर पाते हैं वे भारत को जोड़ने निकल पड़ते हैं, लेकिन भारत कह रहा है कि मैं अखंड हूं, मैं टूटा नहीं हूं, लेकिन वे कहते हैं कि नहीं, मैं आपको जोड़ता रहूंगा। राहुल गांधी की इस यात्रा के दौरान 3,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की गई थी। राजनाथ ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, आज नहीं, ए लंबे समय से भारत को जोड़ने का काम कर रहे हैं। सिंह ने कहा, भारत एक बड़े सांस्कृतिक परिवर्तन का साक्षी बन रहा है और हम भाग्यशाली हैं कि हम न केवल इसके साक्षी हैं बल्कि इस बदलाव के सहभागी भी हैं। अयोध्या में चल रहे राम मंदिर के निर्माण का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा कि देश की जनता के दिलों में बसने वाले भगवान राम के लिए अयोध्या में जगह तलाशना कभी मुश्किल हो गया था। उन्होंने कहा, कई पीढ़ियां यह सोचते हुए गजर गईं कि क्या राम मंदिर का निर्माण होगा। लोगों ने हमारा मजाक उड़ाया और इसके निर्माण की तारीख पूछी। सदियों से, भक्तों ने सोचा था कि (अयोध्या में राम मंदिर का) सपना कभी पूरा नहीं होगा, लेकिन यह मोदी का नेतृत्व ही था कि आखिरकार भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। रक्षा मंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा कि एक बार मंदिर निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद, इस तरह के (इसके निर्माण की तारीख के बारे में) सवाल पूछने वालों को इसके उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यह भारत के लिए गर्व की बात है कि मुस्लिम, यहूदी और पारसी जैसे विभिन्न समुदायों के लोगों को न केवल देश में रहने का, बल्कि इसका अभिन्न अंग बनने का अवसर मिला। इस अखंडता का एक मात्र कारण है भारत की वसुधैव कुटुम्बकम की सांस्कृतिक परंपरा। सिंह ने कहा कि देश के महान संतों ने अलग-अलग भाषाओं और अलग-अलग शब्दों में जो कुछ भी कहा, उसमें सभी मनुष्यों के कल्याण का मूल संदेश निहित है। सिंह ने कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां मुसलमानों के सभी 72 संप्रदायों की मौजूदगी देखी जा सकती है।

गुजरात में जाली दस्तावेजों से 29,000 से ज्यादा सिम कार्ड सक्रिय

● 18 लोग गिरफ्तार, तस्वीरें उन ग्राहकों के थे जो अपनी पसंद का नंबर लेने के लिए दस्तावेजों को सिम विक्रेताओं के पास जमा करवाते थे

भाषा। अहमदाबाद

गुजरात पुलिस ने पिछले एक सप्ताह में राज्य के विभिन्न हिस्सों से कथित तौर पर जाली दस्तावेजों और इन गतिविधियों से अनजान लोगों की तस्वीरों का इस्तेमाल कर सिम कार्ड सक्रिय करने और बेचने के आरोप में 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। गुजरात अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने बताया कि दूरसंचार विभाग (डीओट) द्वारा की गई एक जांच से पता चला कि सिम कार्ड विक्रेताओं द्वारा या अलग-अलग माध्यम (पीओएस माध्यम) से नकली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर पूरे राज्य

कोंवे और दुबे ने चेन्नई को दिलाई जीत

भाषा। बेंगलुरू

आरसीबी को 8 रनों से पराजित किया

डेवोन कोंवे के 45 गेंद में 83 रन और शिवम दुबे के 27 गेंद में 52 रन की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स ने सोमवार को आईपीएल के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को आठ रन से हरा दिया। पहले गेंदबाजी का आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसी का फैसला चेन्नई के बल्लेबाजों ने गलत साबित कर दिया और छह विकेट पर 226 रन बनाए। जवाब में आरसीबी आठ विकेट पर 218 रन ही बना सकी। आरसीबी के कप्तान डु प्लेसी ने 33 गेंद में 62 और ग्लेन मैक्सवेल ने 36 गेंद में 76 रन बनाकर मैच का नक्शा बदलने की कोशिश की। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 126 रन जोड़कर जीत की उम्मीद जगा दी थी। आरसीबी की शुरूआत बेहद खराब रही और फॉर्म में चल रहे विराट कोहली को आकाश सिंह ने पवेलियन भेज दिया। महिपाल लोमरोर भी खाता खोले बिना आउट हो गए। इसके बाद मैक्सवेल ने अगले ओवर में आकाश को दो छक्के लगाकर हाथ खोले। डुप्लेसी ने भी तुषार देशपांडे को दो चौके और एक छक्का लगाया। आकाश के अगले ओवर में डुप्लेसी ने दो चौके और एक छक्का जड़ा। डुप्लेसी ने अपना अर्धशतक 23 गेंद में और मैक्सवेल ने 24 गेंद में पूरा किया। आरसीबी का स्कोर दस ओवर के बाद दो विकेट पर 121 रन था। महीश तीक्षणा ने हालांकि मैक्सवेल को एम एस धोनी के हाथों लपकवाकर इस साझेदारी का अंत किया। अगले ओवर में डुप्लेसी भी मोईन अली की गेंद पर धोनी को कैच दे बैठे। आखिरी पांच ओवर में आरसीबी को 58 रन की जरूरत थी और अनुभवी दिनेश कार्तिक क्रीज पर थे लेकिन देशपांडे ने उन्हें आउट करके आरसीबी की उम्मीदें खत्म कर दी। इससे पहले चेन्नई ने आक्रामक शुरूआत की और कोंवे ने दूसरे ओवर में ही वेन परनेल को मिडविकेट में चौका लगाया और तीन गेंद बाद छक्का जड़ा। रूतुराज गायकवाड़ तीसरे ओवर में मोहम्मद सिराज की

गेंद पर परनेल को कैच देकर लौटे। कोंवे ने दूसरे छोर से रन बनाने का सिलसिला जारी रखते हुए विजयकुमार विशाख को चौका जड़ा। अगली गेंद पर अजिंक्य रहाणे ने हुक शॉट पर चार रन लिए। रहाणे ने 20 गेंद में 37 रन बनाए। उन्होंने छठे ओवर में परनेल को दो चौके और एक छक्का लगाकर 15 रन निकाले। सातवें ओवर में गेंदबाजी को आए ग्लेन मैक्सवेल को आते ही कोंवे ने चौका लगाया। रहाणे और कोंवे ने लगभग हर ओवर में चौका या छक्का जड़ा। कोंवे ने वानिंदु हसरंगा डिसिल्वा को दसवें ओवर में मिडविकेट पर उंचा छक्का लगाया। श्रीलंका के इस गेंदबाज ने हालांकि खतरनाक होती इस साझेदारी को तोड़कर रहाणे को पवेलियन भेजा। कोंवे ने इसी ओवर में दो रन लेकर लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया। न्यूजीलैंड के इस बल्लेबाज ने फिर हसरंगा को चौका लगाकर दस ओवर में चेन्नई को दो विकेट पर 97 रन तक पहुंचाया। शिवम दुबे ने आते ही मैक्सवेल को छक्का लगाया जबकि कोंवे ने विजयकुमार को लगातार दो चौके जड़े। दुबे ने हर्षल पटेल को लांग आन पर छक्का लगाया और सिराज को मिडविकेट पर चौका जड़ा। इसके बाद स्क्वेयर लेग पर छक्का लगाया। चेन्नई का स्कोर 15 ओवर के बाद दो विकेट पर 165 रन था। कोंवे 16वें ओवर में पटेल की गेंद पर आउट हुए। उन्होंने रहाणे के साथ 74 और दुबे के साथ 80 रन की साझेदारी की। दुबे ने परनेल को छक्का लगाकर अर्धशतक पूरा किया लेकिन उसके बाद विकेट गंवा बैठे।

स्कोरबोर्ड

चेन्नई सुपर किंग्स पारी :गायकवाड़ का परनेल बो सिराज 3,कोंवे बो पटेल 83,रहाणे बो डिसिल्वा 37, दुबे का सिराज बो परनेल 52, रायुडू का कार्तिक बो विशाख 14, अली नाबाद 19, जडेजा का प्रभुदेसाई बो मैक्सवेल 10,धोनी नाबाद 1, अतिरिक्त : सात रन, कुल **योग :** 20 ओवर मे छह विकेट पर 226 रन, **विकेट पतन :** 1-16, 2-90, 3 -170, 4-178, 5-198, 6-224, **गेंदबाजी :** सिराज 4- 0-30-1, परनेल 4- 0 - 48-1, विशाख 4-0-62-1, मैक्सवेल 2.4-0-28-1, डिसिल्वा 2-0-21-1, पटेल 3.2-0- 36-1रॉयल चैलेंजर्स **बेंगलोर पारी :** कोहली बो आकाश 6, डु प्लेसी का धोनी बो अली 62,लोमरोर का गायकवाड़ बो देशपांडे 0, मैक्सवेल का धोनी बो तीक्षणा 76,अहमद का गायकवाड़ बो पथिराना 12, कार्तिक का तीक्षणा बो देशपांडे 28,प्रभुदेसाई का जडेजा बो पथिराना 19,परनेल का दुबे बो देशपांडे 2, हसरंगा डिसिल्वा नाबाद 2, **अतिरिक्त :** 11 रन, **कुल** योग : 20 ओवर मे आठ विकेट पर 218 रन, **विकेट पतन :** 1 -6, 2- 15, 3-141, 4- 159, 5-191, 6-192, 7-197, 8-218, **गेंदबाजी :** आकाश 3-0-35-1, देशपांडे 4- 0-45-3, तीक्षणा 4 -0- 41-1,जडेजा 4- 0- 37-0, पथिराना 4- 0- 42-2, अली 1 -0-13-1

आईपीएल-16 स्टेडियम से

धोनी जैसा कप्तान न कभी हुआ और ना ही भविष्य में होगा : गावस्कर

नई दिल्ली। अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास का सर्वश्रेष्ठ कप्तान करार देते हुए कहा कि उनके जैसा कप्तान ना कभी हुआ और ना ही भविष्य मे होगा। धोनी ने 12 अप्रैल को चेन्नई मे राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच मे उतर कर चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से कप्तान के रूप मे 200 मैच खेलने का रिकॉर्ड बनाया। यह 41 वर्षीय पूर्व भारतीय कप्तान यह उपलब्धि हासिल करने वाला आईपीएल के इतिहास मे पहला खिलाड़ी है। उनकी टीम यह मैच तीन रन से हार गई थी। पूर्व भारतीय कप्तान गावस्कर ने कहा, चेन्नई सुपर किंग्स जानता है कि मुश्किल परिस्थितियो से कैसे बाहर निकलना होता है। यह केवल महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी से ही संभव हो पाया है। 200 मैचो मे कप्तानी करना बेहद मुश्किल है। इतने अधिक मैचो मे कप्तानी करना बोझ है और इससे उनका प्रदर्शन भी प्रभावित हो सकता है।

राशिद के खिलाफ लगातार तीन छक्कों ने मैच का रुख बदल दिया: संगकारा

अहमदाबाद। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा का मानना है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ विपरीत परिस्थितियो मे कप्तान संजू सैमसन के द्वारा दिग्गज लेग स्पिनर राशिद खान के खिलाफ लगाए गए लगातार तीन छक्को ने यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच का रुख मोड़ दिया। सैमसन (32 गेंदो मे 60 रन) ने जीत के लिए 178 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 13वे ओवर मे राशिद की गेंद पर लगातार तीन छक्के जड़कर जरूरी रन गति को कम कर दिया। राजस्थान ने रविवार को चार गेंद शेष रहते इस मैच को जीत लिया। टीम के लिए शिमरोन हेटमायर ने 26 गेंदो पर नाबाद 56 रन बनाए। राजस्थान रॉयल्स के सोशल मीडिया पर जारी वीडियो मे संगकारा ने सैमसन से कहा, आपने हमे पावर प्ले के दौरान मुश्किल परिस्थितियो से बाहर निकालने के साथ राशिद खान ने ओवर जो किया वह मैच का रुख बदलने वाला था। राशिद उनका सबसे अच्छा गेंदबाज है, कुछ लोग कहते है कि वह टी20 मे दुनिया का सबसे अच्छा स्पिनर है।

कई खिलाड़ियों का टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करना सकारात्मक पहलू: बोल्ट

अहमदाबाद। तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कहा कि अलग-अलग समय पर विभिन्न खिलाड़ियो का टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करना राजस्थान रॉयल्स की बल्लेबाजी इकाई का सकारात्मक पहलू रहा है। राजस्थान रॉयल्स ने रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत के लिए 178 रन के लक्ष्य को सात विकेट गंवा कर हासिल कर लिया। टीम शुरुआती तीन ओवरो के बाद चार रन पर दो विकेट गंवाकर मुश्किल परिस्थिति मे थी लेकिन कप्तान संजू सैमसन (60) और शिमरोन हेटमेयर (नाबाद 56) की प्रभावशाली बल्लेबाजी से उसने चार गेंद शेष रहते जीत दर्ज कर ली। बोल्ट ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन मे कहा।

धोनी निश्चित तौर पर अगले साल भी आईपीएल खेल सकते है : मोईन

नई दिल्ली। इंग्लैंड के अनुभवी हरफनमौला मोईन अली का मानना है कि महेंद्र सिंह धोनी अगले साल भी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 टूर्नामेंट मे निश्चित रूप से खेल सकते है। क्रिकेट जगत मे इस बात की चर्चा है कि चेन्नई सुपर किंग्स का यह कप्तान इस सत्र के बाद खेल को अलविदा कह देगा। विश्व कप का खिताब जीतने वाले भारत के पूर्व कप्तान धोनी ने 41 साल की उम्र मे भी अपनी बल्लेबाजी, विकेटकीपिंग और कप्तानी से बड़े पैमाने पर प्रशंसको को आकर्षित करना जारी रखा है। उन्होने पिछले सप्ताह राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया था।

लखनऊ का घरेलू मैच चार की बजाय तीन मई को

लखनऊ, चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लखनऊसुपर जाइंट्स का आईपीएल मैच नगर पालिका चुनाव के कारण चार की बजाय अब तीन मई को होगा। अभी तक इस संबंध मे कोई आधिकारिक सूचना नही है लेकिन बीसीसीआई ने अनौपचारिक तौर पर टीमो को बता दिया है कि मैच एक दिन पहले होगा। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया , लखनऊनगर पालिका के चुनाव चार मई को होने है लिहाजा सुरक्षा को लेकर मसला हो सकता है। उन्होने कहा , लखनऊसुपर जाइंट्स और सीएसके के बीच मैच 3 . 30 से है। अब यह मैच तीन मई को इसी समय खेला जाएगा।

फॉर्मूला ई कार का परीक्षण करेंगे जेहान दारूवाला

लंदन। भारतीय रेसर जेहान दारूवाला बर्लिन मे 22 और 23 अप्रैल को पहली बार फार्मूला ई कार का परीक्षण करेगे। जेहान महिंद्रा रेसिंग के रिजर्व ड्राइवर है। वह फॉर्मूला टू चैंपियनशिप के चौथे पूर्ण सत्र मे हिस्सा लेने के अलावा महिंद्रा के लिए परीक्षण कर रहे है। महिंद्रा रेसिंग ने ट्वीट किया, जेहान दारूवाला बर्लिन ई प्री के बाद फिया फार्मूला ई आधिकारिक रूकी परीक्षण मे हमारे लिए ड्राइविंग करेगे जो फार्मूला ई रेसिंग कार मे उनका पदार्पण होगा। महिंद्रा रेसिंग फार्मूला ई मे एकमात्र भारतीय टीम है।

लॉरेस विश्व खेल पुरस्कार आठ मई को पेरिस में

पेरिस। खेलो के क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित 2023 लॉरेस विश्व खेल पुरस्कार आठ मई को यहां फ्रांस की राजधानी मे दिए जाएंगे। आयोजको के बयान के अनुसार कोविड-19 के कारण दो साल ऑनलाइन दिए जाने के बाद इस बार समारोह का आयोजन लोगो की मौजूदगी मे किया जाएगा। स्थानीय टीम पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के लिए खेलने वाले महान फुटबॉलर और अर्जेन्टीना की 2022 फीफा विश्व चैंपियन टीम के कप्तान लियोनल मेस्सी को पीएसजी टीम के उनके साथी काइलियान एमबाप्पे के साथ साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए नामांकित किया गया है।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी की मेजबानी करेगा चेन्नई

चेन्नई। भारत तीन से 12 अगस्त तक पहली बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा जिसका आयोजन इस शहर मे होगा। इस प्रतिष्ठित खेल आयोजन का सातवां सत्र सितंबर मे चीन के हांगझोऊ मे होने वाले एशियाई खेलो के तैयारी के रूप मे काम करेगा। तमिलनाडु के खेल मंत्री उधयनिधि स्टालिन ने यह घोषणा करते हुए कहा कि यह अच्छा है कि हॉकी उस शहर मे वापसी कर रहा है जो कभी दक्षिण भारत मे खेल की राजधानी हुआ करता था।

रिकॉर्ड धनराशि में बिके विटिन्हा ने आठ मैच बाद दागा पहला गोल

पेरिस। रिकॉर्ड धनराशि मे फ्रांसीसी क्लब मार्सेली से जुड़ने वाले विटिन्हा आखिरकार गोल करने मे सफल रहे जिससे उनकी टीम ने ट्रॉयज़ को 3-1 से हराकर फ्रांसीसी फुटबॉल लीग मे दूसरा स्थान हासिल कर लिया। मार्सेली ने जनवरी मे विटिन्हा को पुर्तगाल के क्लब ब्रागा से तीन करोड़ 20 लाख यूरो (लगभग दो अरब, 88 करोड़ रुपए) की रिकॉर्ड धनराशि मे अपने क्लब से जोड़ा था।

आर्सेनल के ड्रॉ से ईपीएल में खिताबी दौड़ रोमांचक बनी

नॉटिंघम। शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के लगातार दूसरे मैच मे ड्रॉ खेलने से इंग्लिश प्रीमीयर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता मे खिताब की दौड़ रोमांचक बन गई है। आर्सेनल फिर से दो गोल की बढ़त का फायदा नही उठा पाया और उसने वेस्ट हैम के खिलाफ मैच 2-2 से ड्रॉ खेला। पिछले सप्ताह उसने लिवरपूल के खिलाफ भी मैच इसी अंतर से ड्रॉ खेला था। इससे उसके और दूसरे स्थान पर काबिज मैनचेस्टर सिटी के बीच अब केवल चार अंक का अंतर रह गया है।

राजस्थान में होंगे ग्रामीण और शहरी ओलंपिक खेल

जयपुर। राजस्थान मे जून महीने मे राजीव गांधी ग्रामीण व शहरी ओलंपिक खेलो का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसके लिए 130 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को दी मंजूरी दी है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि राज्य मे एक बार फिर से राजीव गांधी ग्रामीण खेलो के साथ शहरी ओलंपिक खेलो का बिगुल बजेगा। ग्रामीण ओलंपिक की सफलता और खिलाड़ियों के उत्साह को देखते हुए अब ग्रामीण और शहरी ओलंपिक खेलो का एकसाथ आयोजन होगा।

जीत की लय बरकरार रखने उतरेगा मुंबई

सनराइजर्स के खिलाफ मुकाबला आज

भाषा। हैदराबाद

अपने स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के फॉर्म में लौटने से उत्साहित मुंबई इंडियंस मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने के लिए उतरेगा। मुंबई और सनराइजर्स दोनों ने अपने पिछले दोनों मैच जीते हैं और उनकी निगाह अब जीत की हैट्रिक पूरी करने पर होगी। इन दोनों टीम ने टूर्नामेंट की शुरुआत लगातार दो हार से की थी। मुंबई के लिए अच्छी खबर यह है कि सूर्यकुमार फॉर्म में लौट आए हैं। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुंबई में 25 गेंदों पर 43 रन बनाए जिससे उनकी टीम ने यह मैच पांच विकेट से जीता। यदि सूर्यकुमार की पारी आकर्षक थी तो ईशान किशन की आक्रामक पारी भी लाजवाब थी। उन्होंने 25 गेंदों पर 58 रन बनाए और मुंबई सनराइजर्स के खिलाफ भी इन दोनों से इसी तरह की बल्लेबाजी की उम्मीद करेगा। पहले दो मैचों में संघर्ष करने वाली मुंबई की टीम अब संतुलित नजर आ रही है। तिलक वर्मा अच्छी लय में है जबकि कैमरन ग्रीन और टिम डेविड ने भी जरूरत पड़ने पर उपयोगी योगदान दिया है। गेंदबाजी विभाग में अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला ने अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि युवा ऋतिक शौकीन ने उनका अच्छा साथ दिया है। हालांकि जोफ्रा आर्चर के नहीं खेल पाने के कारण मुंबई के तेज गेंदबाजी आक्रमण में पैनापन नहीं है। आर्चर की कोहनी की चोट उभर आई है। उनकी अनुपस्थिति में पिछले दो मैचों में रिले मेरेडिथ तेज गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। मुंबई ने अर्जुन तेंदुलकर और डुआन यानसन को रविवार को आईपीएल में पदार्पण का मौका दिया और इन दोनों के इस मैच में भी अंतिम एकादश में शामिल रहने की संभावना है। दूसरी तरफ सनराइजर्स को हैरी ब्रूक और राहुल त्रिपाठी के रूप में दो नए नायक मिले हैं जिन्होंने उसके पिछली दो जीत में अहम भूमिका निभाई। ब्रूक ने जहां आखिरकार अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए नाइट राइडर्स के खिलाफ शतक जमाया वहीं त्रिपाठी ने पंजाब के खिलाफ जीत में 48 गेंदों पर 74 रन की पारी खेली। कप्तान एडेन मार्कराम ने इन दोनों मैचों में दूसरे छोर से उपयोगी योगदान दिया। उन्होंने पिछले दो मैचों में 50 आर 37 रन बनाए। गेंदबाजों में स्पिनर मयंक मारकंडे ने सनराइजर्स की तरफ से अब तक सर्वाधिक छह विकेट लिए हैं जबकि उमरान मलिक, मार्को यानसन और भुवनेश्वर कुमार ने भी विरोधी टीम के बल्लेबाजों को परेशानी में रखा है।

बीसीसीआई ने स्टार के साथ 2018-2023 के मीडिया अधिकार के 78.90 करोड़ रुपए माफ किए

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने स्टार इंडिया के साथ अपने 2018 से 2023 तक के मीडिया अधिकार करार में से एक मैच को हटाने का फैसला किया है जिससे स्टार को 78.90 करोड़ रुपए की छूट मिलेगी। बीसीसीआई का स्टार इंडिया के साथ मीडिया अधिकार करार 2018 से 2023 तक था जो 31 मार्च को समाप्त हो गया। इस दौरान 102 मैचों के लिए 6138.1 करोड़ रुपए का करार किया गया था लेकिन बीसीसीआई ने पांच साल के चक्र में 103 मैच खेले। बीसीसीआई नोट में कहा गया है, बीसीसीआई के अंतरराष्ट्रीय और घरेलू मैचों के लिए पांच अप्रैल 2018 को किए गए बीसीसीआई और स्टार मीडिया अधिकार करार के तहत स्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को एक मैच की छूट देने का फैसला किया गया है।

सचिन ने बेटे को दी सलाह

भाषा। मुंबई

आईपीएल पदार्पण पर कहा, चाहता हूं कि अर्जुन खुलकर खुद को जाहिर करे

कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुंबई इंडियन्स की ओर से जब अर्जुन तेंदुलकर पदार्पण मुकाबला खेल रहे थे तो महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर डग आउट की जगह ड्रेसिंग रूम में थे क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि उनके बेटे का ध्यान भटके। बाएं हाथ के 23 साल के तेज गेंदबाज अर्जुन ने दो ओवर में 17 रन दिए लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। कार्यवाहक कप्तान सूर्यकुमार यादव ने उनसे पहला और तीसरा ओवर कराया। गोवा के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलने वाले अर्जुन ने आईपीएलटी20.कॉम से कहा, यह शानदार लम्हा था। उस टीम के लिए खेलना शानदार था जिसका मैं 2008 से समर्थन कर रहा हूं और मुंबई इंडियन्स तथा भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा से कैप मिलना शानदार था। तेंदुलकर ने पहली बार अपने बेटे को प्रतिस्पर्धी मुकाबला खेलते हुए देखा। रविवार को मुंबई इंडियन्स की नाइट राइडर्स के खिलाफ सात विकेट की जीत के बाद तेंदुलकर ने कहा, यह मेरे लिए नया अनुभव था क्योंकि इससे पहले मैं मैदान पर उसे खेलते हुए देखने नहीं गया था। मैं चाहता था कि मैं मैदान पर खुलकर खुद के जाहिर रहे और जो वह करना चाहता है वह करे। हालांकि नाइट राइडर्स की पारी की शुरुआत में तेंदुलकर बाउंड्री के बाहर डग आउट में नहीं बैठे क्योंकि इससे अर्जुन का ध्यान भटक सकता था। आज मैं ड्रेसिंग रूम में बैठा क्योंकि मैं नहीं चाहता था कि उसका (अर्जुन का) ध्यान अपनी योजना से भटके और वह बड़ी स्क्रीन की तरफ देखे और अचानक महसूस करे कि मैं उसे देख रहा हूं इसलिए मैं अंदर था। पिता के रूप में यह तेंदुलकर के लिए भावनात्मक लम्हा था और उन्होंने फ्रेंचाइजी के साथ 16 साल के अपने जुड़ाव को याद किया। वह छह साल खिलाड़ी के रूप में और पिछले 10 साल से मार्गदर्शक के रूप में टीम से जुड़े रहे हैं। अलग अहसास है क्योंकि 2008 मेरे लिए पहला सत्र था और 16 साल बाद वह इसी टीम की ओर से खेल रहा है, यह बुरा नहीं है।

सीएसके प्रबंधन आपको बुरा महसूस नही होने देता: जडेजा

चेन्नई। सीनियर ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा का मानना है कि सभी को समान सम्मान और मुश्किल समय के दौरान खिलाड़ियो के प्रति सहानुभूति चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के प्रबंधन का मजबूत पक्ष है जिसके कारण टीम ने चार इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीते। पिछले साल पहले चरण के दौरान सुपरकिंग्स की अगुआई करने वाले जडेजा को वांछित नतीजे नही मिले और करिश्माई कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने उनकी जगह ली। पता चला था कि कप्तानी छोड़ने के बाद जडेजा थोड़ा निराश थे और इस तरह की अटकले थी कि वह फ्रेंचाइजी को छोड़ना चाहते है लेकिन मौजूदा सत्र शुरू होने से काफी पहले ही सभी मतभेद सुलझा लिए गए। जडेजा ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, सीएसके प्रबंधन और मालिक (एन श्रीनिवासन) कभी किसी भी खिलाड़ी पर कोई दबाव नही डालते। सीएसके के साथ 11 साल बाद भी उनका वही रवैया है। जब आप प्रदर्शन नही कर रहे हो तब भी वे आपको बुरा महसूस नही होने देते।

टीम अभ्यास शिविर के लिए ताशकंद रवाना

भाषा। नई दिल्ली

विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप

भारत की 19 सदस्ईय पुरूष मुक्केबाजी टीम 30 अप्रैल से 14 मई तक होने वाली विश्व चैम्पियनशिप से पहले अभ्यास शिविर के लिए सोमवार को ताशकंद रवाना हो गई। छह बार के एशियाई चैंपियनशिप के पदक विजेता शिव थापा और 2019 में एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक भोरिया विश्व चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता को दो लाख डॉलर जबकि रजत पदक विजेता को एक लाख डॉलर और कांस्य पदक विजेता को 50 हजार डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। विश्व चैंपियनशिप में भारत के 13 मुक्केबाज भाग लेंगे लेकिन कई देशों में होने वाले अभ्यास शिविर के लिए छह अन्य मुक्केबाजों को भी टीम में शामिल किया गया है। इनमें 2018 के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल भी शामिल हैं। ताशकंद में होने वाली चैंपियनशिप के लिए अभी तक 104 देशों के 640 मुक्केबाज पंजीकरण करा चुके हैं। इनमें फ्रांस के सोफियान ओउमिहा, जापान के टोमोया तसुबोई और सिवोन्नेट्स ओकाज़ावा, अजरबैजान के लोरेन अल्फोंसो, कजाकिस्तान के साकेन बिबोसिनोव तथा क्यूबा के योएनलिस हर्नांडेज मार्टिनेज और जूलियो ला क्रूज जैसे सात मौजूदा विश्व चैंपियन भी शामिल हैं। छह भार वर्ग- 51 किग्रा, 57 किग्रा, 63.5 किग्रा, 71 किग्रा, 80 किग्रा और 92 किग्रा में दो-दो भारतीय मुक्केबाज अभ्यास शिविर में भाग लेंगे। रिजर्व मुक्केबाज भी मुख्य टीम के साथ गए हैं। विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम : गोविंद साहनी (48 किग्रा), दीपक भोरिया (51 किग्रा), सचिन सिवाच (54 किग्रा), मोहम्मद हसमुद्दीन (57 किग्रा), वरिंदर सिंह (60 किग्रा), शिव थापा (63.5 किग्रा), आकाश सांगवान (67 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा), सुमित कुंडू (75 किग्रा), आशीष चौधरी (80 किग्रा), हर्ष चौधरी (86 किग्रा), नवीन कुमार (92 किग्रा) और नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा से अधिक)। अभ्यास शिविर के लिए भारतीय टीम: गोविंद साहनी (48 किग्रा), दीपक भोरिया (51 किग्रा), अमित पंघाल (51 किग्रा), सचिन सिवाच (54 किग्रा), मोहम्मद हसमुद्दीन (57 किग्रा), सचिन (57 किग्रा), वरिंदर सिंह।

ओलंपिक स्वर्ण विजेता कोच वोंग भारतीय रिकर्व तीरंदाजी टीम के कोच बने

कोलकाता। भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों से पहले रिकर्व टीम के लिए ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बैक वोंग की को मुख्य कोच नियुक्त किया है। लंदन ओलंपिक में महिलाओं की व्यक्तिगत और टीम वर्गों में अपने देश के दोहरे स्वर्ण पदक जीतने वाले दक्षिण कोरियाई के वोंग की मंगलवार से तुर्की के अंताल्या में सत्र के शुरुआती विश्व कप चरण एक के साथ भारत के अपने कार्यकाल को शुरू करेंगे। यह 2014 एशियाई खेलों के बाद यह पहली बार है जब भारत ने किसी विदेशी कोच को नियुक्त किया है। एएआई ने इटली के दो बार के विश्व कप विजेता सर्जियो पगनी को भी अपने साथ जोड़ा है, जो तुर्की विश्व कप में कंपाउंड टीम का मार्गदर्शन करेंगे। वोंग इससे पहले भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्टता केन्द्र) का हिस्सा थे और अब उन्हें ओलंपिक तक का करार दिया गया है।

नित्या, नितेश ने टूर्नामेंट में जीत दर्ज की

ब्राजील पैरा-बैडमिंटन

साओ पाउलो। भारत की नित्या श्री सुमति सिवन ने यहां ब्राजील पैरा-बैडमिंटन इंटरनेशनल में शानदार प्रदर्शन कर दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। अठारह साल की नित्या ने एसएच छह महिला एकल के फाइनल में पेरू की गिउलियाना पोवेदा फ्लोरेस को 22-20 21-11 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने इसी श्रेणी की मिश्रित युगल फाइनल में शिवराजन सोलाईमलाई के साथ जोड़ी बनाकर हांगकांग की चू मान काई और चोई विंग केई की जोड़ी को 21-11 21-17 से शिकस्त दी। एसएच छह श्रेणी में छोटे कद के विकार वाले प्रतियोगी भाग लेते है। तोक्यो पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत और सुकांत कदम ने भी एसएल तीन - एसएल चार वर्ग के फाइनल में जू डोंगजे और शिन क्यूंग ह्वान की कोरियाई जोड़ी को 22-20 21-19 से हराकर पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीता। एसएल तीन - एसएल चार वर्ग में ऐसे खिलाड़ी होते हैं जिनके निचले अंगों में गंभीरामामूली दुर्बलता होती है लेकिन वे खड़े होकर खेलते है। भगत ने भी एसएल तीन वर्ग में हमवतन कुमार नितेश से 12-21 13-21 से हारने के बाद पुरुष एकल में रजत पदक जीता, जबकि सुकांत ने कांस्य पदक हासिल किया। अन्य भारतीयों में तरुण को फाइनल में फ्रांस के लुकास मजूर से 7-21 13-21 से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि मानसी जोशी को भी फाइनल में तुर्की की हालिम टिल्डिज से 11-21 21-18 0-21 से हार का सामना करना पड़ा। चिराग बरेथा और राज कुमार की पुरुष जोड़ी ने भी एसयू पांच के फाइनल में मलेशिया के मुहम्मद फरीज अनुआर और चीह लीक होउ की जोड़ी की चुनौती से पार पाने में विफल रही। इस जोड़ी ने 13-21 18-21 की हार के साथ रजत पदक अपने नाम किया। नितेश ने थुलासिमथी मुरुगेसन के साथ भी मिश्रित युगल जोड़ी बनाई लेकिन उन्हें हिकमत रामदानी और लीनी रात्री ओक्टिला की जोड़ी के खिलाफ फाइनल में 18-21 9-21 से हार का सामना करना पड़ा। थुलासिमथी मुरुगेसन ने फ्रांस की मौड लेफोर्ट को 21-12 21-18 से हराकर महिला एकल एसयू पांच फाइनल जीता।

फिर गोल करने में नाकाम रहा बार्सिलोना, गेटाफे से गोलरहित ड्रा खेला

मैड्रिड। बार्सिलोना के लिए जीत अचानक ही दूर की कौड़ी बन गई है लेकिन स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में दोहरे अंक की बढ़त के कारण वह अब भी खिताब का प्रबल दावेदार बना हुआ है। बार्सिलोना ने ला लीगा में रविवार को अपना मैच गेटाफे से गोलरहित ड्रा खेला। यह लगातार तीसरा मैच है जिसमें बार्सिलोना गोल करने में नाकाम रहा। इससे अब उसकी दूसरे नंबर पर काबिज रियाल मैड्रिड पर केवल 11 अंकों की बढ़त रह गई है। रियाल मैड्रिड का ध्यान अभी चैंपियंस लीग और कोपा डेल रे कप पर टिका है। उसने स्पेनिश लीग में शनिवार को कैडिज को 2-0 से हराया था। बार्सिलोना के अब 29 मैचों में 73 जबकि रियाल मैड्रिड के इतने ही मैचों में 62 अंक हैं। बार्सिलोना 2019 के बाद ला लीगा में पहला खिताब जीतने की कवायद में है। उसने इससे पहले गिरोना के खिलाफ मैच भी गोलरहित ड्रा खेला था जबकि कोपा डेल रे सेमीफाइनल में उसे रियाल मैड्रिड ने 4-0 से हराया था।

पावरप्ले के बाद इस मैच को गंवाने की उम्मीद नहीं थी: पंड्या

अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ तीन विकेट की शिकस्त मिलने के बाद कहा कि पावरप्ले के बाद उन्हें इस नतीजे की उम्मीद नहीं थी। जीत के लिए 178 रन का पीछा करते हुए राजस्थान ने शुरुआती तीन ओवर में चार रन पर दो विकेट गंवा दिए थे और पावरप्ले (शुरुआती छह ओवर) के बाद टीम का स्कोर महज 26 रन था। कप्तान संजू सैमसन (32 गेंद में 60 रन) और शिमरोन हेटमायर (26 गेंद में नाबाद 56) ने हालांकि तेज तार पारी खेल चार गेंद शेष रहते टीम को जीत दिला दी। मैच के बाद पंड्या ने प्रसारकों से कहा, ईमानदारी से कहूं तो पावरप्ले के बाद इस नतीजे के बारे में सोचा नहीं था। इस खेल की यही खासियत है। खेल समाप्त होने से पहले कभी पूरा नहीं होता। टीम के खिलाड़ियों को यह सबक सीखना चाहिए। मैच में हरफनमौला प्रदर्शन (19 गेंद में 28 रन और चार ओवर में 24 रन पर एक विकेट) करने वाले पंड्या ने कहा कि उनकी टीम को पहले बल्लेबाजी करते हुए कुछ और रन बनाने चाहिए थे। हमने कुछ रन कम बनाए। मेरे